LAUNCHING
CASAGRAND
GS INFINITY
ATTAPUR

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 29 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.13 2082 शनिवार, 26 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

LAUNCHING
CASAGRAND
GS INFINITY
ATTAPUR



LAUNCHING
CASAGRAND
GS INFINITY

3 व 4 बीएचके मैनहटन-स्टाइल के अपार्टमेंट्स एवं 5 बीएचके फ़्लोर विलास मेडरूम के साथ, अत्तापुर में

मेहदीपटनम से 5 मिनट । ओआरआर से सिर्फ 10 मिनट

₹1.8Cr* Onwards

INCREDIBLY PRICED

| Type | Size (Sft.) | Market Price | Launch Price | Early Bird Price (*For the first 1 - 25 bookings only) |
|---|---|---|---|---|
| 3 BHK | 2386 | ₹2.1Cr | ₹1.9Cr | ₹1.8Cr |
| 4 BHK | 2961 | ₹2.6Cr | ₹2.6Cr | ₹2.4Cr |
| 5 BHK Floor Villas | 3917 | ₹3.5Cr | ₹3.4Cr | ₹3.2Cr |

Total Units: **405** | Phase 1 Units: **270** | Available Units: **212** | **Handover in 36 months** | Price after 25 bookings - ₹**1.9**cr - ₹**3.4**cr*

100+ विश्व स्तरीय सुविधाएँ



आउटडोर सुविधाएँ

विशेषताएं और मनोरंजन

1. एन्ट्री ड्रॉप-ऑफ जोन
2. वॉकिंग/जॉगिंग ट्रैक
3. मैथ्स चिह्नों के साथ बच्चों का जॉगिंग ट्रैक
4. उन्नत पार्किंग सुविधाओं के साथ साइकिल पार्किंग ज़ोन
5. साइकिल्स के साथ साइकिलिंग ट्रैक
6. वॉल बारबेक
7. हैंगआउट स्पेस
8. पेट्स पार्क
9. पेट् वाशिंग स्टेशन
10. हर्ब और स्पाइस गार्डन
11. ईवी कार चार्जिंग स्टेशन
12. सेल्फी स्पॉट
13. बर्ड फीडर
14. बाहरी क्षेत्र में मच्छर मैग्नेट
15. आउटडोर फैन
16. पाइप्ड म्यूजिक सिस्टम के साथ बोलार्ड्स
17. ग्रेनाइट शतरंज टेबल्स
18. कूरियर / पार्सल के लिए लॉकर्स
19. नौकरानियों / ड्राइवरों और एफएम टीम के लिए समर्पित पार्किंग

बच्चों का क्षेत्र

20. आउटडोर प्लेबोर्ड
21. एजुकेशनल प्लेग्राउण्ड
22. किड्स म्यूजिक पार्क
23. बच्चों के खेल क्षेत्र में रबर माउंड
24. एडल्ट नेस्ट स्विंग
25. वी-सॉ
26. ग्रेनाइट साँप और सीढ़ी बैठने की जगह के साथ
27. माता-पिता और बच्चों का झूला
28. इन-ग्राउंड ट्रैम्पोलिन
29. कर्ल स्विंग
30. इंटरएक्टिव फ्लोर गेम - विशाल सांप और सीढ़ी
31. बच्चों के खेल क्षेत्र में विशाल एबेकस
32. बच्चों का वर्टिकल खेल का मैदान
33. पल्स इंटरएक्टिव गेम्स
34. बच्चों के क्षेत्र में साइकिल पार्किंग की जगह
35. टॉट लॉट
36. बच्चों के लिए बास्केटबॉल हूप

खेल और फिटनेस तंदुरूस्ती

37. फिटनेस कोर्ट
38. ग्रेनाइट टेबल टेनिस - आउटडोर
39. एकीकृत लक्ष्य वर्कआउट्स और मंकी बार - फ़्लोर मार्किंग्स
40. बहुउद्देशीय खेल कोर्ट
41. वॉलीबॉल क्रॉस नेट
42. पिकलबॉल कोर्ट
43. सेल्फ टेनिस (आउटडोर)
44. मिनी गोल्फ कोर्स
45. स्केटिंग रिंक
46. मल्टी-हूप बास्केटबॉल कोर्ट
47. आउटडोर क्रॉसफिट कोर्ट

क्लबहाउस सुविधाएँ

स्वास्थ्य और वेलनेस

48. मेडिटेशन लॉन
49. ज़ेन गार्डन
50. औषधीय पौधों का उद्यान
51. नेचर वॉकवे
52. म्यूजिकल इंटरएक्टिव स्कल्पचर
53. लीजर लैंडस्केप कोर्ट (बायोफिलिक एम्फीथिएटर)
54. रिफ्लेक्सोलॉजी मोज़ेक गार्डन

विशेषताएँ और मनोरंजन

55. सुविधा स्टोर
56. बैंक्वेट हॉल - अलग भोजन क्षेत्र
57. क्रेच
58. मिनी थिएटर
59. कराओके फ़्लोर
60. रूफ टॉप डाइनिंग और कैफे
61. वीडियो गेम्स प्रावधान के साथ ए.वी. कक्ष
62. बच्चों के कमरे में कला और शिल्प स्थान
63. अतिथि कक्ष
64. एसोसिएशन कक्ष
65. सुविधा प्रबंधन ऐप

स्पॉ और सैलून

66. सैलून
67. स्पॉ में फ्लश जकूज़ी
68. स्टीम/सौना
69. मसाज रूम

खेल और फिटनेस तंदुरूस्ती

70. बैडमिंटन कोर्ट
71. गोल्फ सिम्युलेटर रूम
72. एआर स्क्वैश कोर्ट
73. स्वचालित बीएमआई मशीन
74. ऑक्सीजन डिफ्यूज़र
75. जिम
76. योग / एरोबिक्स

को-वर्किंग स्पेस

77. सम्मेलन कक्ष
78. क्लबहाउस में कॉफी स्टेशन
79. रीडिंग पॉड्स

टेरेस सुविधाएँ

80. स्काई सिनेमा
81. टेरेस पर कला और शिल्प क्षेत्र के साथ बच्चों का क्षेत्र
82. स्टार गेजिंग डेक
83. टेरेस में पिकनिक लॉन
84. टेरेस में खुला जिम
85. वेधशाला डेक्स

इनडोर गेम्स

86. बोर्ड गेम्स
87. डार्ट बोर्ड
88. आर्केड गेम्स
89. बच्चों की साइकिलिंग इंटरएक्टिव वॉल
90. बच्चों के लिए वेल्क्रो वॉल
91. एयर हॉकी
92. फूसबॉल
93. पूल टेबल
94. मिनी हॉकी
95. लेगो दीवार
96. टेबल टेनिस
97. वीडियो गेम रूम

क्लब हाउस टेरेस सुविधाएँ

98. टेरेस सुविधाओं के लिए टेरेस पर लॉबी
99. स्टार गेजिंग डेक में विस्तारित मंजिल
100. ग्रिलिंग पवेलियन (BBQ काउंटर)

स्विमिंग पुल सुविधाएँ

101. इनफिनिटी स्विमिंग पूल (क्लोरिन मुक्त)
102. डेक सीटर्स के साथ किड्स पूल
103. इंटरएक्टिव किड्स प्ले के साथ वॉटर स्कल्पचर
104. हाइड्रोथेरेपी पूल



एरियल व्यू



क्लबहाउस व्यू



स्विमिंग पूल




लोकेशन मैप

Know more about Casagrand

Scan to experience luxury like never before

TS RERA: P02500009503 | www.rera.telangana.gov.in | *T & C Apply.

WHY CASAGRAND

20 years of real estate excellence

160+ landmark projects

55,000+ happy families

2023 rigorous quality checks

87% on-time delivery

7 cities Chennai, Bengaluru, Hyderabad, Coimbatore, Pune, Delhi & Dubai

2 months of rental assurance

6 months of resale support

8 Year warranty & 10-year community maintenance

75% open area for 2x more light & ventilation

0% space wastage for carpet area efficiency

23 global brands used in fittings and finishing materials

CREDAI

FOR BOOKING CALL: **90470 60000** | Exclusive site visit available. Visit model house at site.

CASAGRAND building aspirations





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 29 (हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.13/14 2082 शनिवार, 26 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर

श्रीनगर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना और आतंकियों के बीच चल रहे एनकाउंटर में 1 आतंकी मारा गया है। वहीं, 2 जवान घायल हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मारे गए आतंकी का नाम अल्ताफ बताया जा रहा है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पिछले 2 दिन में यह चौथा एनकाउंटर है। यह मुठभेड़ कुलनार इलाके में हुई, जहां आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। जैसे ही जवान इलाके में पहुंचे, आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# 'राज्यों में पाकिस्तानियों की पहचान करें और वापस भेजें'




## > शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से की बात

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्रियों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उनका निर्वासन सुनिश्चित करें। दरअसल, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने 26 लोगों (दो स्थानीय और दो विदेशी नागरिकों) को मौत के घाट उतार दिया था। हमला मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे हुआ, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और वहां पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस स्थान को लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' कहा जाता है।

## श्रीनगर पहुंचे सेना प्रमुख : आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ले रहे हैं जानकारी

श्रीनगर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को मौजूदा हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात के बारे में भी जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी हुई, जिसकी शुरुआत पाकिस्तान ने की थी। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।

# संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध

## > उन पर रोक नहीं लगा सकते > वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का हलफनामा



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

**> सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दायर किया हलफनामा**

केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है, मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। बता दें कि, यह हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था। हलफनामे में आगे कहा गया है कि, कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने आगे कहा, जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (वहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं असफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में। हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठे आधार पर आगे बढ़ीं कि संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लेते हैं। इसमें कहा गया है कि अदालत विधायी क्षमता और संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर कानून की समीक्षा कर सकती है। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति की तरफ से बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन के बाद संशोधन किए गए हैं। सरकार ने कहा, संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस तरह से हो कि उनमें आस्था रखने वालों और समाज के लोगों का भरोसा बना रहे और धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन न हो। केंद्र ने कहा कि यह कानून वैध है और विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम है।

## कठुआ में दिखे 4 संदिग्ध, सेना ने तलाशी शुरू की

श्रीनगर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार दोपहर 4 संदिग्ध नजर आए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी सेना को दी। लोगों के मुताबिक छन अरोरियन गांव में संदिग्ध दिखे। सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। पूरा इलाका घेरा गया है।

इससे पहले बांदीपोरा में कुलनार अजस में आज सुबह सेना-आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ, जिसमें 1 आतंकी मारा गया। ऑपरेशन में 2 जवान भी घायल हुए। मारे गए आतंकी का नाम अल्ताफ बताया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पिछले 2 दिन में यह चौथा एनकाउंटर रहा। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 24 अप्रैल को उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में एनकाउंटर हुआ। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पर रैंक 6 पीएआरए एसएफ के शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- मुठभेड़ में फायरिंग के दौरान हमारे एक बहादुर को गंभीर चोटें आईं और बाद में इलाज के समय उसकी मौत हो गई। एनकाउंटर ऑपरेशन अभी भी जारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ ओजीडब्ल्यू पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी।

## आतंकी साजिश नाकाम

अमृतसर (पंजाब), 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उबाल अभी ठंडा नहीं हुआ है।

पाकिस्तान की इस कायराना हरकत से जहां पूरे देश में आक्रोश और गुस्सा है, वहीं अब पंजाब के अमृतसर से हैरान परेशान करने देने वाली घटना सामने आई है। अमृतसर के अजनाला क्षेत्र के अंतर्गत भारत-पाक सीमा पर गांव साहोवाल के पास भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री (आरडीएक्स) और हथियार बरामद हुए हैं। इतनी बड़ी मात्रा में आरडीएक्स मिलने से हड़कंप मच गया है।

## बीएसएफ जवान को कैद में रखने का मामला बढ़ा : बीएसएफ डीजी ने गृह सचिव से बात की

फिरोजपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से पकड़े बीएसएफ जवान को पाकिस्तान रेंजर्स ने 48 घंटे बाद भी नहीं छोड़ा। जवान को छुड़ाने के लिए बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी (डीजी) ने इसे लेकर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से बात की है। इससे पहले बीएसएफ और पाकिस्तानी रेंजर्स की मीटिंग भी बेनतीजा रही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव है। पाकिस्तानी रेंजर्स के रवैये को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। उधर, मीडिया से बातचीत करते हुए बीएसएफ जवान पीके साहू के भाई श्यामसुंदर साहू ने केंद्र सरकार और बीएसएफ अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि सरकार उनकी सुरक्षित और तत्काल वापसी सुनिश्चित करे। पूरा परिवार बेहद चिंतित है।

बीएसएफ जवान की पत्नी रजनी साहू ने कहा- मैंने उनसे आखिरी बार मंगलवार रात को बात की थी। मैं बस यही चाहती हूं कि वे जल्द ही घर लौट आएं। बता दें कि बुधवार को पंजाब स्थित फिरोजपुर में भारत-पाक बॉर्डर की जीरो लाइन क्रॉस कर गए थे। जिसके बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया। उनके हथियार छीन लिए और फिर आंख पर पट्टी बांधकर कैद की फोटो भी जारी की। श्रीनगर से आई बीएसएफ की 24वीं बटालियन ममदोट सेक्टर में तैनात है। बुधवार की सुबह किसान अपनी कंबाइन मशीन लेकर खेत में गेहूं काटने गए थे। यह खेत फेंसिंग पर लगे गेट नंबर-208/1 के पास था। किसानों की निगरानी के लिए दो बीएसएफ जवान भी उनके साथ थे। इसी समय जवान पीके साहू गलती से बॉर्डर पार कर गया। तभी पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे पकड़ लिया और उसके हथियार भी ले लिए। जैसे ही बीएसएफ के बड़े अफसरों को जवान पीके साहू के पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पकड़े जाने की यह खबर मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और पाकिस्तानी रेंजर्स से बातचीत शुरू की।

## भाजपा ने डीजीपी के पास दर्ज कराई एलएडीसी सदस्य के लापता होने की शिकायत

### > कहा-शरारती तत्वों ने किया अगवा

आइजोल, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मिजोरम इकाई ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला के समक्ष लाई स्वायत्त जिला परिषद (एलएडीसी) के एक सदस्य तुतुरु सिंह के कथित रूप से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। तुतुरु सिंह ने हाल ही में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) छोड़कर भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया था।

डीजीपी को सौंपे गए पत्र में भाजपा के प्रदेश महासचिव लालथांगमावी ने कहा कि जिला परिषद के सदस्य (एमडीसी) तुतुरु सिंह ने हाल ही में जेडपीएम से इस्तीफा दिया था। उनको आइजोल जाते समय बुधवार को लुंगलेई शहर के पास कुछ असामाजिक तत्वों ने उनका रास्ता रोका और उन्हें अगवा कर लिया। पत्र में दावा किया गया कि तुतुरु सिंह भाजपा में शामिल होने के लिए आइजोल जा रहे थे। शरारती तत्वों ने कथित रूप से सिंह को उनकी गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला और लॉन्गतलाई शहर ले गए। भाजपा ने पत्र में तुतुरु सिंह और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और डीजीपी से जल्द जरूरी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। डीजीपी शुक्ला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

यह कथित घटना उस समय सामने आई, जब बुधवार को तुतुरु सिंह और एलडीसी में जेडपीएम के एक अन्य सदस्य एन. जंगुरा ने जेडपीएम की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जेडपीएम के नेतृत्व वाली एलडीसी में तुतुरु सिंह डिप्टी चीफ व्हिप थे, वहीं जंगरा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईएम) के सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। जंगुरा गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा और एनडीए की सहयोगी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने 25 सदस्यीय एलडीसी में अगली कार्यकारी समिति बनाने का दावा किया है, जिससे हाल में बनी जेडपीएम सरकार के हटने की संभावना बढ़ गई है।

# 'स्वतंत्रता सेनानियों पर टिप्पणी करने की किसी को इजाजत नहीं'

## सावरकर विवाद पर राहुल को फटकार




नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर वीडी सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे।

जब सिंघवी ने तर्क दिया कि राहुल के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते तो पीठ ने टिप्पणी की, आप बहुत आज्ञाकारी हैं, क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था? क्या महात्मा गांधी को केवल इसलिए 'अंग्रेजों का सेवक' कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने वायसराय को 'आपका सेवक' कहकर संबोधित किया था। उन दिनों मैंने भी देखा है, कलकत्ता उच्च न्यायालय के हमारे न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश को 'आपका सेवक' लिखकर संबोधित करते थे।

## सोनिया और राहुल को कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की एक कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 2 मई को तय की है। कोर्ट ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा है। ईडी ने तर्क दिया कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपी को सुने बिना शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। ईडी ने कोर्ट से अपील की करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा खिंचे। नोटिस जारी किया जाए। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अदालत को पहले इस तरह के नोटिस जारी करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त होना चाहिए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि मैं संतुष्ट होने तक ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकता।

# अग्निवीर अभ्यर्थियों से जबरन वसूली का आरोप

## > दो नौसेना कर्मियों समेत तीन लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा पुलिस ने नवंबर 2024 में भर्ती अभियान के दौरान अग्निवीर अभ्यर्थियों से जबरन वसूली करने के आरोप में खुर्दा जिले में दो सेवारत नौसेना कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सत्यम चाहर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में आईएनएस केसरी, अंडमान और निकोबार में कार्यरत हैं। इसके अलावा विनय कुमार रे वर्तमान में आईएनएस चिल्का में तैनात हैं और सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी भूषण उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

तीनों को आईएनएस चिल्का में प्रशिक्षण पत्राचार अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर अद्वितीय सिंह की ओर से 19 अप्रैल को बालूगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया। धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया। खुर्दा एसपी सागरिका नाथ ने बताया कि गिरफ्तार तीनों पर अग्निवीर के उम्मीदवारों से पुलिस सत्यापन, शारीरिक परीक्षण और नौकरी दिलाने में सहायता का वादा करके बड़ी रकम वसूलने का आरोप है। उन्होंने कहा, हमने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और घोटाले में कथित रूप से शामिल दो अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं। उम्मीद है कि शेष दो को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने नौसेना को यह सत्यापित करने के लिए सूचित किया है कि क्या कोई उम्मीदवार धोखाधड़ी करके अग्निवीर में शामिल हुआ है। एसपी ने कहा कि पुलिस ने अपनी जांच के दौरान कई लेन-देन के सबूत और बैंक दस्तावेज जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी नौसेना में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके नौकरी चाहने वालों से बड़ी रकम वसूल रहे थे। घोटाले के सटीक नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा : उपराष्ट्रपति



चेन्नई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना 'वसुधैव कुटुम्बकम' (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है।

**उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में रखा मौन :**

उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा, हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा।

## 'पहलगाम आतंकी हमला हमारी खुफिया विफलता'

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। थल सेना के पूर्व प्रमुख रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमला एक खुफिया विफलता है और उन्होंने शीर्ष स्तर पर इसकी जवाबदेही तय करने की मांग की। भारतीय सेना के 18वें जनरल रहे शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि मुझे शक है कि यह खुफिया विफलता है। किसी को तो इस लापरवाही का जवाब देना चाहिए। इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पूर्व आर्मी चीफ ने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकियों ने हत्या कर दी। इस हमले के पीछे आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) का हाथ होने का दावा किया जा रहा है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर सिर्फ कूटनीतिक दबाव बनाना ही काफी नहीं है बल्कि सैन्य कार्रवाई भी होनी चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि हमें सख्त जवाब देने की जरूरत है। मुझे तो ऐसा ही लगता है। हालांकि हमें अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का भी ध्यान रखना चाहिए। अब बस बहुत हुआ। आतंकियों को स्थानीय मदद मिलने की आशंका पर उन्होंने कहा कि मैं दावे से नहीं कह रहा हूं, लेकिन हमें अपने आंख और कान खुले रखने चाहिए।

पाकिस्तान और आईएसआई हमेशा सक्रिय रहते हैं। हमारे पास भी अपनी खुफिया एजेंसी है। हमें भी उसका प्रभावी तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

पूर्व आर्मी चीफ शंकर रॉय चौधरी ने पहलगाम की घटना को खुफिया विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतने संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। घटना में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और पाकिस्तान के साथ साल 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है।

# राकांपा शरद गुट ने भंग की प्रवक्ताओं की समिति

## पार्टी में असंतोष की अटकलों के बीच उठाया बड़ा कदम



मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद गुट ने प्रवक्ताओं की समिति को भंग कर दिया है। पार्टी में असंतोष की अटकलों के बीच महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने बड़ा कदम उठाया है। महाविकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल एनसीपी शरद गुट का इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर प्रतिनिधित्व करने के लिए 22 प्रवक्ता हैं।

पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि जयंत पाटिल की ओर से प्रवक्ताओं की समिति को भंग करने के बारे में एक पत्र मिला है और इस कदम का कोई कारण नहीं बताया गया है। हो सकता है कि पार्टी इकाई का पुनर्गठन किया जा रहा है।

**लगातार सामने आ रहीं असंतोष की खबरें :** महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में एनसीपी केवल 10 सीटें ही जीत सकी थी। इसके बाद पार्टी के राज्य नेतृत्व के खिलाफ असंतोष बढ़ने की खबरें आ रही थीं। ऐसा कहा जा रहा है कि शरद पवार के पोते और पार्टी विधायक रोहित पवार के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। चर्चा यह भी है कि पाटिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। लेकिन पवार और पाटिल दोनों ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है।

**संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर :** पिछले महीने पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में शरद पवार ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि था कि चुनावी हार से निराश नहीं होना चाहिए। शरद पवार ने पार्टी नेताओं से लोगों के बीच नए जोश के साथ काम करने और संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने को कहा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद एनसीपी-एसपी की यह पहली विस्तारित कार्यसमिति बैठक थी। इस बैठक में बोलते वाले कई नेताओं ने विधानमंडलों में विपक्ष की आवाज दबाने और महाराष्ट्र में नफरत फैलाने वाले भाषणों की बढ़ती घटनाओं का आरोप लगाया और संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के आसन्न परिसीमन से उत्पन्न चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की।

## युवक की हत्या कर की लूटपाट, 10 दिन बाद बहन की शादी, समूह से भी लिया था कर्जा

गोंडा, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। उमरी बेगमगंज के डिक्सिर पूरे तिलक धन्नीपुरवा में गुरुवार की देर रात बदमाशों ने घर में धावा बोल दिया। नकदी व आभूषण लूटकर ले जाते समय गृहस्वामी शिवदीन ने एक बदमाश को घेर कर पकड़ लिया तो उन्हें गोली मार दी। परिजन उसे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय लाए, जहां चिकित्सक ने शिवदीन को मृत घोषित कर दिया। स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। बताया जाता है कि डिक्सिर पूरे तिलक धन्नीपुरवा गांव में गुरुवार की रात करीब ढाई बजे बदमाश ताला तोड़कर घर में घुस गए। परिजन छत पर सो रहे थे। बदमाशों ने घर में लूटपाट की। गृहस्वामी शिवदीन ने भागते समय एक बदमाश को घर से 100 मीटर दूर पर पकड़ लिया। दोनों के बीच मारपीट हुई। बदमाश ने शिवदीन पर गोली चला दी और फरार हो गया। परिजन शिवदीन को अमदही स्थित प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय लाए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

शिवदीन के सीने में बाएं तरफ गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने पुलिस बल के साथ रात में ही घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी प्राप्त की। मृतक शिवदीन के बड़े भाई देवीदीन ने बताया कि उनकी बहन उदय कुमारी की पांच मई को शादी है।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण में कटौती पर पटना एचसी ने सरकार और बीपीएससी से मांगा जवाब, 4 हफ्ते में दें शपथ पत्र




पटना, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बीपीएससी शिक्षक बहाली में आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण कम देने के मामले में पटना हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। इस दौरान कोर्ट ने बीपीएसी और सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस सत्यव्रत वर्मा की एकलपीठ ने अभय राज एवं अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। पटना हाईकोर्ट की तरफ से बताया गया कि बिहार लोक सेवा आयोग ने प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की बहाली के लिए पिछले साल विज्ञापन संख्या 22/2024 जारी किया था। इसमें आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए तय 10 फीसद आरक्षण को जानबूझकर घटाया गया। पदों की संख्या जहां 19842 होनी थी, वो 10 फीसद घटने की वजह से 917 पद रह गई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान वरीय अधिवक्ता अभिनव ने बताया कि पहले 21,771 पद थे। उस दौरान आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए लगभग 2000 पद आरक्षित थे। 2023 में जब कोर्ट ने 65 फीसद आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया था, तब सीटें घटाकर 19842 कर दी गई थी। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस 1984 की बजाय 917 सीटों पर आरक्षण देने का निर्णय लिया गया।

**23 जून को होगी मामले की अगली सुनवाई**

याचिका में यह भी बताया गया है कि महिलाओं को आरक्षण ऊर्ध्व रूप से दिया गया। जबकि संविधान के अनुसार उन्हें क्षैतिज रूप से आरक्षण मिलना चाहिए। अब इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए 23 जून 2025 का समय दिया गया है।

**4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश**

कोर्ट की तरफ से राज्य सरकार और बीपीएससी को निर्देश दिया गया है कि चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र दाखिल करें जिसमें ये स्पष्ट किया जाए कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आरक्षण में कटौती किस आधार पर की गई है। महिलाओं को विभिन्न वर्गों में दिए गए आरक्षण की ऊर्ध्व क्षैतिज संरचना का औचित्य क्या है।

## कहां है पाकिस्तानी शुमायला

### तीन माह बाद भी सुराग नहीं लगा सकी पुलिस; फर्जी दस्तावेज से पाई थी नौकरी

बरेली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बरेली के फतेहगंज पश्चिमी के माधौपुर प्राथमिक विद्यालय में फर्जी दस्तावेज से सहायक अध्यापक पद पर कई साल नौकरी करने वाली पाकिस्तानी महिला शुमायला खान का पुलिस तीन महीने बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है। हालांकि शिक्षा विभाग ने उसे बर्खास्त कर रिकवरी के आदेश कर दिए हैं। 17 जनवरी को फतेहगंज पश्चिमी थाने में स्थानीय बीईओ भानु शंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि पाकिस्तानी महिला शुमायला खान ने जिला रामपुर की सदर तहसील से बनाए गए कूटरचित दस्तावेज लगाकर फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सात अप्रैल 2015 को सहायक अध्यापक के रूप तैनाती ली थी। किसी की शिकायत पर एलआईयू ने जांच की तो शुमायला खान के माता-पिता की नागरिकता पाकिस्तान के लाहौर की निकली। इसके चलते एसडीएम रामपुर सदर ने उसका मूल निवास निरस्त कर दिया।

शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो साल पहले अध्यापिका को नौकरी से हटा दिया। जांच के दौरान जब वह भारतीय नागरिकता का कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाई तब विभाग ने उसे बर्खास्त कर दिया। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में विवेचक विश्वदेव सिंह विवेचना कर रहे हैं। रामपुर में शिक्षिका के निवास समेत अन्य संभावित स्थानों पर टीम कई बार दबिश दे चुकी है, अभी तक शुमायला का पता नहीं लगा है। तलाश जारी है।

## केशव पर एफआईआर की

### मांग वाली याचिका हाईकोर्ट में स्वीकार: कहा- फर्जी डिग्री से 5 चुनाव लड़े, पेट्रोल पंप लिया



प्रयागराज, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ दायर याचिका स्वीकार कर ली है। 6 मई को याचिका पर सुनवाई होगी। याचिका में कहा गया- डिप्टी सीएम ने फर्जी डिग्री लगाकर 5 अलग-अलग चुनाव लड़े। कौशांबी में फर्जी डिग्री के आधार पर ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से पेट्रोल पंप हासिल किया। इसलिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो। यह याचिका भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने दायर की है। 2 साल पहले दिवाकर की याचिका हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी थी। कहा था- याचिका तथ्यहीन है। याचिका में लगाए गए आरोपों में बल नहीं है। इसके बाद दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को निरस्त कर दिया था। कहा था- हाईकोर्ट में फिर से याचिका दाखिल की जाए। इसके बाद दिवाकर ने हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने गुरुवार को स्वीकार लिया। याचिकाकर्ता की तरफ से वकील रमेश चंद्र द्विवेदी और यूपी सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने और शासकीय अधिवक्ता एके संड ने बहस की।

**दावा- डिप्टी सीएम ने हलफनामे में गलत जानकारी दी**

आरटीआई एक्टिविस्ट का दावा है कि डिप्टी सीएम ने साल 2014 में फूलपुर लोकसभा सीट से नामांकन के दौरान हलफनामे में अपनी डिग्री बीए बताई। इसमें दिखाया गया कि उन्होंने हिंदी साहित्य सम्मेलन से साल 1997 में बीए किया है। डिप्टी सीएम ने साल 2007 में प्रयागराज के पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। इस समय जो हलफनामा दिया गया, उसमें बताया गया कि उन्होंने हिंदी साहित्य सम्मेलन से 1986 में प्रथमा, 1988 में मध्यमा और 1998 में उत्तमा की थी। प्रथमा की डिग्री को कुछ राज्यों में हाईस्कूल, मध्यमा को इंटर और उत्तमा को ग्रेजुएट के समकक्ष मान्यता दी जाती है। हिंदी साहित्य सम्मेलन बीए की डिग्री नहीं देता। इसलिए हलफनामे में दी गई जानकारी गलत है।

## मिड डे मील में मिला सांप

### 50 से अधिक बच्चे बीमार जबरन खिलाया गया था खाना

बाढ़, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मोकामा प्रखंड के मेकरा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मिड डे मील का खाना खाकर 50 से अधिक बच्चों की तबियत खराब हो गई। सभी चक्कर, उल्टी, पेट में मरोड़ की शिकायत कर रहे थे। बच्चों ने स्वजन को बताया कि मिड डे मील में परोसी जाने वाली सब्जी में सांप गिरा हुआ था। उन्होंने शिक्षकों व रसोइयां को इसकी जानकारी दी लेकिन उन्होंने डांट-डपट कर खाना खिलाया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और हंगामा करने लगे। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत करा दिया। साथ ही बच्चों को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज कर रहे डा। पंकज कुमार ने बताया कि सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। स्कूल में दोपहर को जब मिड डे मील परोसा जा रहा था तब कुछ बच्चों ने देखा कि सब्जी में सांप पड़ा हुआ है। उन्होंने इसकी जानकारी शिक्षकों व रसोइया को दी। शिक्षकों ने इस पर ध्यान नहीं दिया और रसोइया ने सांप निकाल कर बोरे में डाल फेंक दिया। इसके बाद वही खाना सभी को परोसा दिया गया। स्कूल में करीब पांच सौ बच्चे थे लेकिन सौ ने खाना खाने से इंकार कर दिया। जिन बच्चों ने खाना खाया था, घर पहुंचने के बाद उन्हें उल्टी, चक्कर व पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद बच्चों ने घरवालों को खाने में सांप होने की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण स्कूल के सामने सड़क जाम कर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर शिक्षक व स्कूल के अन्य कर्मचारी ताला बंद कर चले गए थे। लगभग पचास बच्चों को करीब चार घंटे तक अस्पताल में रख कर उपचार किया गया। डाक्टरों के अनुसार सभी बच्चे अब स्वस्थ है।

## बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार का बड़ा एक्शन, सभी मंत्रियों को नए सिरे से दी जिम्मेदारी



पटना, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने नए सिरे से मंत्रिमंडल के सदस्यों को जिलों का प्रभार और कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना का प्रभारी मंत्री सह कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि विजय सिन्हा को मुजफ्फरपुर को प्रभार सौंपा गया है। इनके अलावा विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया एवं नालंदा, विजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली, डॉ प्रेम कुमार को कैमूर, श्रवण कुमार को समस्तीपुर एवं मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद, सुमित कुमार सिंह को सारण, रेणु देवी को सिवान का प्रभावी मंत्री सह कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे को दरभंगा, नीरज कुमार को कटिहार, अशोक चौधरी को सीतामढ़ी एवं जहानाबाद, लेसी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्र को अररिया, नीतिन नवीन को बक्सर, महेश्वर हजारी को खगड़िया, शीला कुमारी को लखीसराय, सुनील कुमार को पूर्वी चंपारण, जनक राम को पश्चिम चंपारण का प्रभारी बनाया गया है। हरि सहनी अरवल, कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज, जयंत राज रोहतास, मोहम्मद जमा खान किशनगंज, रत्नेश सदा जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता भोजपुर, सुरेंद्र मेहता बांका, संतोष कुमार सिंह भागलपुर, संजय सरावगी बेगूसराय, सुनील कुमार गया, जीवेश कुमार नवादा, राजू कुमार सिंह शेखपुरा, मोतीलाल प्रसाद शिवहर, विजय कुमार मंडल सहरसा और कृष्ण कुमार मंटू को मुंगेर का प्रभारी मंत्री एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बहराइच में बड़ा हादसा: राइस मिल का ड्रायर फटा, पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत



बहराइच, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बहराइच जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढिया राइस मिल में ड्रायर फट गया। इससे काम कर रहे पांच मजूदरों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली (40), बबलू (28), राजनेश कुमार (35), श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर (50) व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह (30) के रूप में हुई है। वहीं सुखदेव, देवी प्रसाद और सुरेंद्र शुक्ला का इलाज मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में जारी है। दर्दनाक हादसे की सूचना पर डीएम मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा समेत आला अधिकारी इमरजेंसी पहुंचे है। डीएम मोनिका रानी की मौजूदगी में घायल सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मिल में एक एंगल टूट गया था जिसकी वेल्डिंग हो रही थीं। इस दौरान चिंगारी गिरने से धान में आग लग गई। आग लगने के साथ ही जोरदार धमाका हुआ और सब तरफ धुआं धुआं हो गया।

## रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर भड़के अखिलेश के चाचा रामगोपाल

### कहा- इस तरह की टिप्पणी तो लोग सोशल मीडिया पर करते रहते हैं

लखनऊ, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामगोपाल यादव ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताया। उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला हुआ है, वह बहुत ही निंदनीय और दुखद है। सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा, अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है और इस यात्रा पर हमेशा ही आतंक का साया रहा है, क्योंकि पहलगाम इस यात्रा का पहला बेस कैंप होता है और एजेंसियां पता नहीं कर पाती हैं कि यहां लोगों पर इतना बड़ा हमला हो जाएगा, तो मैं मानता हूं कि यह एक इंटेलिजेंस फेलियर है। सीमा पार से भारत में भेजे जा रहे आतंकियों



के मन में कोई खौफ नहीं है। ऐसे में सरकार को सबसे पहला काम यह करना चाहिए कि पीओके के रूट को नष्ट करे। मगर, ऐसा लगता है कि सरकार में इच्छाशक्ति नहीं है। अभी तक सरकार को एक्शन ले लेना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

**रॉबर्ट पर क्या बोले रामगोपाल?**

पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर गोली मारे जाने के सवाल पर रामगोपाल यादव ने कहा, इस हमले में हिंदुओं के अलावा मुस्लिम भी मारे गए हैं। इस तरह की घटनाओं को भी राजनीति से जोड़ने की कोशिश की जा रही है और ये दुखद बात है। अगर, ये न होता तो देश से आतंकवाद खत्म हो गया होता, लेकिन सरकार की आतंकवाद को समाप्त करने की कोई इच्छा शक्ति नहीं है। ये बात सरकार को सूट करती है और हमारी जगह कोई और देश होता तो अभी तक हमला करके आतंकवाद को नष्ट कर देता। पाकिस्तान से बात करने के सवाल पर सपा नेता ने कहा, बातचीत से कोई रास्ता नहीं निकलेगा और इस हमले का आर्टिकल 370 से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आतंकवाद को पैदा करने वाला देश पाकिस्तान है और ये बात सभी जानते हैं। रामगोपाल यादव ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मैं रॉबर्ट वाड्रा के बयान से सहमत नहीं हूं, इस तरह की टिप्पणी तो लोग सोशल मीडिया पर करते रहते हैं। सपा सांसद ने कहा कि हमारी पार्टी का पहलगाम हमले पर यही रुख है कि सरकार कड़ी कार्रवाई करे और अगर जरूरत पड़ती है तो भारतीय सेना को पीओके में भेजें।

## नीट पेपर लीक कांड का मुख्य आरोपी संजीव मुखिया गिरफ्तार, 3 लाख का रखा गया था इनाम

पटना, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नीट पेपर लीक कांड के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार की सुबह यह जानकारी सामने आई है। हाल ही में बिहार सरकार ने संजीव मुखिया के ऊपर तीन लाख का इनाम घोषित किया था। वह 5 मई 2024 को हुए नीट पेपर लीक के बाद से फरार था। नीट के साथ-साथ कई प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक में वो आरोपी रह चुका है। संजीव मुखिया बिहार के नालंदा जिले के नगरनौसा गांव का रहने वाला है। संजीव मुखिया का नाम साल 2016 में बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा लीक मामले में भी आया था। इसके बाद कई पेपर लीक में उसका नाम जुड़ चुका है। मुखिया से पूछताछ चल रही है। पटना पुलिस और आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बीते गुरुवार की रात ही संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया था। जांच एजेंसी को पूरा शक है कि नीट पेपर लीक में संजीव मुखिया की खास भूमिका है। गौरतलब हो कि इस मामले में पिछले साल (2024) मई में झारखंड के देवघर से छह लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसमें चिंटू नाम के भी एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। वह संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। अब संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कई और राज से पर्दा उठ सकता है। अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। बता दें कि संजीव मुखिया नालंदा में कृषि कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर नौकरी करता था।

## 52 साल की इंद्रावती के 25 वर्षीय आजाद से लड़ गए नैन, 4 बच्चों को छोड़कर रचा ली तीसरी शादी



अंबेडकनगर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जाति का हो बंधन, जब प्यार करे कोई, तब देखे केवल मन।।।' आज से 44 साल पहले 1981 में एक बॉलीवुड फिल्म आई थी। नाम था 'प्रेम गीत'। मशहूर गजल सम्राट रहे जगजीत सिंह ने फिल्म के लिए ये कालजयी गाना लिखा था। गाया भी था। गाना सुपरहिट हुआ और आज भी संगीतप्रेमी इसे गुनगुनाते रहते हैं। आप सोच रहे होंगे कि अचानक से इस गाने की चर्चा क्यों? दरअसल अंबेडकनगर जिले के गांव प्रतापपुर बेलवरिया में रहने वाले लोग इस गाने की पंक्तियों को चरितार्थ होता देख रहे हैं। इस दलित बस्ती में रहने वाली 52 साल की महिला इंद्रावती को अपने पोते की उम्र के 25 साल के युवक आजाद से प्यार हो गया। महिला चार बच्चों की मां है और उसने अपने पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ शादी कर ली। यह महिला की तीसरी शादी है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। लोग इस रिश्ते को लेकर हैरान हैं। दस दिन पहले दोनों घर से भाग गए और गोविंद साहब मंदिर में शादी कर ली। शादी की खबर फैलते ही दोनों के परिवार और बस्ती के लोगों ने उनका बहिष्कार करने का फैसला किया है। इंद्रावती की पहली शादी से एक लड़की है। 20 साल पहले इंद्रावती ने चंद्रशेखर से दूसरी शादी की थी। चंद्रशेखर से उसे एक लड़की और दो लड़के हैं। लेकिन, कुछ सालों से इंद्रावती और चंद्रशेखर के बीच रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे। इसी बीच इंद्रावती को आजाद से प्यार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इंद्रावती और आजाद एक ही गांव और एक ही जाति के हैं। इसलिए दोनों में दादी और पोते का रिश्ता था। लेकिन, धीरे-धीरे यह रिश्ता प्यार में बदल गया। दोनों के प्रेम प्रसंग की खबर पुलिस तक भी पहुंची थी। लेकिन, रविवार को दोनों ने परिवार और समाज की परवाह किए बिना मंदिर में शादी कर ली। इंद्रावती के पति चंद्रशेखर का आरोप है कि वह काम के लिए दूसरे शहर में रहते थे। इसी दौरान उनकी पत्नी का संबंध आजाद से हो गया। जब वह घर लौटे तो उन्हें पत्नी के अफेयर के बारे में पता चला। चंद्रशेखर का दावा है मेरी पत्नी और उसका प्रेमी मिलकर हम लोगों को मारने का प्लान बना रहे थे। मुझे और बच्चों को जहर देकर मारने का प्लान बना रहे थे, लेकिन मुझे इसका पता चल गया और हम लोगों की जान बच गई।

## सास-दामाद को अलीगढ़ से निकाला तो यहां आकर बसे, पिता ने कही ये बड़ी बात

अलीगढ़, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी के अलीगढ़ में पिछले दिनों सास-दामाद की लव स्टोरी खूब सुर्खियों में छाई थी। दोनों को परिवार वालों ने स्वीकारने से इनकार किया और घर में एंट्री नहीं दी। ऐसे में वो कहां गए किसी को पता नहीं चल पाया। लेकिन अब दोनों की लोकेशन पता चल गई है। होने वाला दामाद राहुल अपनी सास के साथ इस समय गुजरात में है। बताया जा रहा है कि दोनों यहां साथ में रह रहे हैं। दादों क्षेत्र के गांव नगला मछरिया का रहने वाला राहुल पहले गुजरात में ही काम करता था।

उधर, युवक को उसके पिता ने संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन्होंने कहा कि उससे अब मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। मडराक क्षेत्र के गांव मनोहरपुर कायस्थ की रहने वाली अपना देवी अपने होने वाले दामाद राहुल के साथ फरार हुई थी। 10 दिन बाद दोनों लौटे। सास ने दामाद के साथ रहने का फैसला किया। लेकिन, दोनों को गांव में घुसने नहीं दिया गया। राहुल के पिता ने कहा कि उन्हें ये रिश्ता उनको स्वीकार नहीं है। कहा- मेरे लिए बेटा मर गया है। उस दिन सास-दामाद ने पड़ोस के गांव में रात काटी। चर्चा है कि दोनों दो दिन तक आसपास के गांवों में ही रहे। फिर गुजरात चले गए।

वहां नया जीवन शुरू कर लिया है। पिता के अनुसार, उन्होंने बेटे को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे अब मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। वहीं, सास-दामाद का प्रकरण सामने आने के बाद प्रधान पुत्र विनीत नायक और राहुल के पिता को फोन पर किसी ने धमकी दी थी। पिता को पूरे परिवार को उठाकर ले जाने व जान से मारने की धमकी मिली थी।

इस संबंध में दादों एसओ सुनील कुमार तोमर ने बताया कि जांच की जा रही है।

## पत्नी और ससुराल वालों ने किया परेशान

### पति ने होटल के कमरे में लगाई फांसी भाई को भेजी वीडियो



इटावा, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा में पत्नी और ससुराल वालों से परेशान होकर सीमेंट कंपनी के फील्ड सुपरवाइजर ने अपनी जा दे दी। उसने इटावा रेलवे स्टेशन स्थित होटल के एक कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड की है। मरने से पहले उसने एक वीडियो बनाकर अपने व्हाट्सएप स्टेट्स पर लगाया था, वहीं वीडियो उसने अपने भाई को भेजा था, जिसमें उसने आत्महत्या करने के कारण की जानकारी दी। होटल के कमरे में फंदे पर लटके मिले सीमेंट कंपनी के फील्ड सुपरवाइजर मोहित यादव की आत्महत्या के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में मोहित की पत्नी प्रिया उर्फ नेहा यादव को उसके औरैया जिला के कंचौसी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोहित यादव ने इटावा रेलवे स्टेशन के बाहर एक होटल के कमरा नंबर 101 में पहले एक वीडियो बनाया जो कि उसने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाया और अपने छोटे भाई को भेजा था।पुलिस के अनुसार, मोहित यादव के छोटे भाई तारेन्द्र प्रताप ने आरोप लगाया था कि मोहित की पत्नी और ससुराल वाले उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और संपत्ति को अपने नाम करने के लिए उस पर झूठे केस की धमकी दे रहे थे, जिस कारण उसके भाई ने यह कदम उठाया।

22 अप्रैल को थाना सिविल लाइंस इटावा में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके आधार पर गुरुवार को औरैया जिले के कंचौसी कस्बे से आरोपी पत्नी प्रिया को गिरफ्तार किया गया। पत्नी समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था। जब पुलिस हिरासत में आरोपी पत्नी से सवाल पूछने की कोशिश की, तो उसने केवल इतना कहा, "मुझे कुछ नहीं पता, मैंने कुछ नहीं किया," और फिर दुपट्टे से मुंह छिपाकर फूट-फूट कर रोने लगी। फिलहाल, पुलिस अन्य चार फरार आरोपियों सास, ससुर, साला और मामा ससुर की तलाश में दबिश दे रही है।

**सुविचार** दुश्मनों से तो हर कोई संभल कर रहता है पर धोखे बाजो से ज़्यादा सावधान रहे ।

# एनडीएसए की रिपोर्ट बीआरएस की खामियां उजागर करती है : उत्तम



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कालेश्वरम परियोजना पर राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) की रिपोर्ट पिछली बीआरएस सरकार पर सीधा आरोप है, जो इसके डिजाइन, निर्माण और रखरखाव में गंभीर खामियों को उजागर करती है। शुक्रवार को एचआईसीसी में भारत शिखर सम्मेलन 2025 के मौके पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने बीआरएस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, बीआरएस नेताओं को कुछ शर्म आनी चाहिए। एनडीएसए रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि डिजाइन दोषपूर्ण था, निर्माण दोषपूर्ण था, संचालन और रखरखाव दोषपूर्ण था। मिट्टी की जांच ठीक से नहीं की गई थी और कोई उचित भूभौतिकीय जांच नहीं की गई थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने बताया कि रेत पाइपिंग की घटना, राफ्ट के नीचे गुहा निर्माण, निर्माण दोष, डिजाइन की कमियां, संरचनात्मक संकट और अन्य डाउनस्ट्रीम क्षति ने मेडिगड्डा बैराज के ब्लॉक-7 को अनुपयोगी बना दिया है।

मंत्री ने कहा कि एनडीएसए समिति ने भूभौतिकीय जांच के आधार पर अन्य ब्लॉकों में भी इसी तरह के मुद्दों को नोट किया है, जिसमें बैराज के कई खंडों के तहत गुहा निर्माण का पता चला है। उत्तम कुमार रेड्डी ने पिछली बीआरएस सरकार पर एक परियोजना बनाने के लिए उच्च ब्याज दरों पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक उधार लेकर तेलंगाना के भविष्य को गिरवी रखने का आरोप लगाया, जो उनके अपने कार्यकाल में विफल हो गई। उन्होंने आरोप लगाया, आपने दावा किया कि आप कालेश्वरम के साथ चमत्कार कर रहे थे। लेकिन आपने इसे डिजाइन किया, आपने इसे बनाया और यह आपके शासनकाल के दौरान ढह गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमुख बैराज (मेडिगड्डा, अन्नाराम और सुंडिला) मुश्किल से कार्यात्मक थे, भले ही बीआरएस सरकार ने इस परियोजना को एक बड़ी सफलता के रूप में पेश किया हो। उन्होंने कहा, इन संरचनाओं के काम न करने के बावजूद, तेलंगाना ने वनकालम मौसम के दौरान रिकॉर्ड धान उत्पादन हासिल किया। यह हमारे किसानों की दृढ़ता के कारण था, न कि आपकी विफल संरचनाओं के कारण। उत्तम कुमार रेड्डी ने आगे कहा कि बीआरएस नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं और "झूठ और गलतियों" पर जीवित रहने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, बीआरएस एक बार फिर किसानों को धोखा देना चाहता है। लेकिन यह अब और काम नहीं करेगा। उन्होंने उन्हीं लोगों को धोखा दिया, जिनकी सेवा करने का उन्होंने दावा किया था। एनडीएसए रिपोर्ट के राजनीति से प्रेरित होने के आरोपों का जवाब देते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने स्पष्ट किया कि एनडीएसए एक केंद्रीय एजेंसी है, जिसमें देश के शीर्ष बांध सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने कहा, एनडीएसए का गठन तब किया गया था, जब बीआरएस सत्ता में थी। न तो मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने और न ही मैंने इसे नियुक्त किया। यह एक राष्ट्रीय निकाय है। आपको शर्म आनी चाहिए कि आपकी परियोजना पर आपके ही शासन के दौरान गठित एक संस्था ने आरोप लगाया। तेलंगाना के किसानों से बीआरएस नेताओं से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने की मांग करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की कि कांग्रेस सरकार एनडीएसए के निष्कर्षों का गहन अध्ययन करेगी और अगली कैबिनेट बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा करेगी।

जवाबदेही के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उन्होंने घोषणा की, जिन लोगों ने इस परियोजना का निर्माण किया और जिन्होंने इसकी खामियों को संभव बनाया, उन्होंने तेलंगाना के किसानों के साथ घोर विश्वासघात किया है। हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें जवाबदेह ठहराया जाए। इस विश्वासघात को दंडित नहीं किया जाएगा।

## वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं को बचाया गया

### ग्राहकों को लिया गया हिरासत में

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद टास्क फोर्स ने गुरुवार रात बंजारा हिल्स में एक फ़्लैट पर छापा मारकर वेश्यावृत्ति से दो महिलाओं को बचाया। दो व्यक्ति, जो दोनों ग्राहक थे, को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने एक आलीशान आवासीय कॉलोनी में स्थित एक अपार्टमेंट पर छापा मारा और पाया कि वहां गुप्त रूप से वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा था।

यह पाया गया कि पश्चिम बंगाल के आयोजकों ने स्थानीय एजेंटों के साथ मिलीभगत कर अन्य राज्यों से महिलाओं को लाकर शहर में देह व्यापार का धंधा चलाया था। सभी को आगे की कार्रवाई के लिए बंजारा हिल्स पुलिस को सौंप दिया गया।

## सुविधाओं की कमी के खिलाफ महिला विश्वविद्यालय में प्रदर्शन

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। वीरनारी चाकली एलम्मा महिला विश्वविद्यालय (पूर्व में ओयू महिला कॉलेज) में सुविधाओं की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय परिसर में ब्रिटिश रेजीडेंसी स्थित कुलपति के कक्ष में जमा हो गए और 'वीसी मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए शिकायत की कि विश्वविद्यालय और छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है।

छात्रों ने शिकायत की कि सीवरेज जाम होने के कारण उन्हें गंभीर स्वच्छता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण छात्रावासों में रहने लायक स्थिति नहीं रह गई है। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके कारण उन्हें विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# सभी को एकजुट होकर आतंकवाद को खत्म करना चाहिए : रेवंत रेड्डी

### मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में रैली निकाली



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार शाम हैदराबाद के नेकलेस रोड पर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मोमबत्ती जलाकर रैली निकाली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस क्रूर आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे भारत में भविष्य में ऐसी जघन्य घटनाएं नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर राज्य सरकार ने मोमबत्ती जलाकर रैली निकाली, जिसमें 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार आतंकवाद का मुकाबला करे और उसे जड़ से उखाड़ फेंके।

संकट के समय में 140 करोड़ लोगों को राजनीति और विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार का समर्थन करने के लिए रैली निकाली। चूंकि यह एक भावुक क्षण है, इसलिए सीएम रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि आतंकवादी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए और देश की संप्रभुता की रक्षा की जानी चाहिए। हम सभी को एकजुट होकर आतंकवाद को खत्म करना चाहिए। भारत के 140 करोड़ लोगों को आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है और उनकी सहायता के लिए भी तैयार है। हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से पाकिस्तान पर हमला करने और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) को भारत में मिलाने की भी अपील की।

सीएम ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1967 के चीन युद्ध और 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। यह बहादुर इंदिरा गांधी थीं जिन्होंने बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग किया था। दो बड़े युद्धों से देश को बचाने के इंदिरा गांधी के दृढ़ संकल्प को पहचानते हुए, भाजपा के वरिष्ठ नेता एबी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी को "देवी दुर्गा माता" कहा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे इंदिरा गांधी की तरह पाकिस्तान के खिलाफ लड़ें क्योंकि 140 करोड़ भारतीय केंद्र सरकार का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। यह राजनीति का समय नहीं है और संकट की इस घड़ी में सभी को एकजुट होना चाहिए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री का समर्थन करने के लिए तैयार है। रैली में कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

## पति का गला रेत और चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शादनगर पुलिस ने करीब दो महीने पहले हुई ए यादैया (32) की हत्या का मामला सुलझा लिया है और गुरुवार को उसकी पत्नी और उसके प्रेमी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार शादनगर के फारूकनगर निवासी निर्माण मजदूर यादैया और उसकी पत्नी मौनिका की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी। दोनों के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होता रहता था। इसके बाद यादैया को भी शराब की लत लग गई। इस दौरान मौनिका की धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं और धीरे-धीरे उसका एक निर्माण इकाई में काम करने वाले अशोक कुमार से विवाहेतर संबंध बन गया।

पुलिस ने बताया कि दंपति के बीच विवाद बढ़ने के कारण, मौनिका और अशोक ने यादैया को मारने का फैसला किया। उसने अशोक को साजिश के बारे में बताया और वह इसके लिए राजी हो गया। 18 फरवरी को काम के बाद अशोक ने यादैया को शराब पार्टी के लिए बुलाया। वह उसे उठाकर शहर के बाहरी इलाके कोथुर में गुडूर के पास एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उन्होंने यादैया का गला रेत दिया और चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। यह पुष्टि करने के बाद कि यादैया की मौत हो चुकी है, उन्होंने शव को एक गड्ढे में फेंक दिया और सबूत मिटाने के लिए उसमें आग लगा दी। अगले दिन, मौनिका ने यह दावा करते हुए एक नाटक रचा कि उसका पति जो काम पर गया था, वापस नहीं लौटा। उसने गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई। शादनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि, उन्हें तब तक कोई सुराग नहीं मिला जब तक स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें यह नहीं बताया कि मौनिका और अशोक शादनगर में अयप्पा कॉलोनी के एक घर में साथ रह रहे हैं। दोनों को हिरासत में लिया गया और उन्होंने हत्या की बात कबूल कर ली। उन्हें अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मंत्री ने पूर्व जीएम की पुस्तक का विमोचन किया



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री सीतक्का ने टीजी "राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस" के अवसर पर तेलंगाना सचिवालय में एक सादे समारोह में के.वी. राव आईआरटीएस, पूर्व जीएम (वाणिज्यिक), रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लिखित "तेलंगाना ग्राम पंचायती पालना" पर एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने पुस्तक लिखने के लिए लेखक के.वी. राव की सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने यह भी बताया कि पुस्तक अच्छी तरह से लिखी गई है और तेलंगाना में ग्राम पंचायतों के बेहतर प्रशासन के लिए विशेष रूप से गांव के सरपंचों, उपसरपंचों, वार्ड सदस्यों, पंचायत सचिवों और कर्मचारियों के लिए जमीनी स्तर के राजनीतिक नेतृत्व के लिए बहुत उपयोगी है। पुस्तक तेलंगाना पंचायतीराज अधिनियम 2018 और भारत के संविधान के आधार पर लिखी गई है। इसके अलावा, लेखक ने ग्राम पंचायत के सरपंचों और लोगों को जातिगत बस्तियों का नाम धर्मनिरपेक्ष या लोकप्रिय नेताओं के नाम पर रखने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए 10 सूत्रीय कार्यक्रम दिया है। इससे गांवों में लोगों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद मिलेगी और सार्वभौमिक भाईचारे, देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना विकसित करने में मदद मिलेगी। पुस्तक में हर गांव में एक पुस्तकालय और गांव का इतिहास रखने की भी बात कही गई है। "ग्राम पंचायती पालना" पुस्तक उन सभी लोगों के लिए एक तैयार "गणना" के रूप में मदद करेगी जो स्थानीय निकाय चुनाव लड़ना चाहते हैं और जो पहले से ही ग्राम पंचायतों के लिए चुने गए हैं।

# भारत शिखर सम्मेलन बड़े पैमाने पर शुरू हुआ, तेलंगाना संस्कृति की झलक





हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। दो दिवसीय 'भारत शिखर सम्मेलन 2025' एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम, शुक्रवार को एचआईसीसी नोवोटेल में बड़े पैमाने पर शुरू हुआ। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के 450 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत शिखर सम्मेलन में पहुंचने पर, प्रतिनिधियों का एक उल्लेखनीय स्वागत किया गया, जिसमें तेलंगाना की संस्कृति की झलक दिखाई दी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बोनालू और डप्पू ध्वनियों की पारंपरिक संस्कृति के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान तेलंगाना सरकार द्वारा की जा रही विभिन्न कल्याणकारी पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक समर्पित स्टॉल लगाया गया था, जिससे उपस्थित लोगों को राज्य की नीतियों और कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन प्राप्त हुआ। पहले दिन, लैंगिक न्याय और नारीवादी भविष्य, तथ्य बनाम कल्पना (गलत सूचना का मुकाबला), युवा और कल की राजनीति और नए बहुपक्षवाद को आकार देने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सलमान खुर्शीद, दिग्विजय सिंह, तेलंगाना एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री पोन्नम प्रभाकर, दुदिल्ला श्रीधर बाबू, जुपल्ली कृष्ण राव, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, सांसद, विधायक, एमएलसी और वरिष्ठ नेताओं सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पहले दिन के कार्यक्रम में शामिल हुए।

## गर्मी में बीमार पड़े 3 जवान, अस्पताल में चल रहा इलाज

कोत्तागुडेम, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नक्सल विरोधी अभियान में लगे तीन सुरक्षाकर्मी कथित तौर पर भीषण गर्मी के कारण बीमार पड़ गए और उन्हें इलाज के लिए जिले के भद्राचलम स्थित सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, तीन जवानों को उनके दस सहकर्मियों और अधिकारियों के साथ बुधवार रात अस्पताल लाया गया था और डिहाइड्रेशन का उपचार पूरा होने के बाद गुरुवार रात उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया गया कि तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर कर्रेगुट्टा के जंगलों में माओवाद विरोधी अभियान में लगे सुरक्षाकर्मियों के लिए बीहड़ इलाके और भीषण गर्मी एक चुनौती बन गई है।

# आसमान में देखें शुक्र, शनि और चंद्रमा की दुर्लभ स्थिति

## शौकिया खगोल प्रेमियों को देखने को मिलेगी खगोलीय घटना



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के शौकिया खगोल प्रेमियों को अब एक दुर्लभ खगोलीय घटना देखने का अवसर मिलेगा, जिसे चंद्रमा के साथ ग्रहों का त्रिगुण संयोग कहा जाता है, जो शनिवार तक हैदराबाद के आसमान में दिखाई देगा। चंद्रमा के साथ ग्रहों का त्रिगुण संयोग शुक्र और शनि ग्रहों को चंद्रमा के साथ युति में दर्शाता है, जिसका अर्थ है कि हैदराबादी आकाश में तीन खगोलीय पिंड एक दूसरे के बहुत करीब दिखाई देंगे।

प्लैनेटरी सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीएसआई) के संस्थापक, एन श्री रघुनंदन कुमार कहते हैं कि सरल शब्दों में कहें तो, संयोग तब होता है जब दो या दो से अधिक खगोलीय पिंड पृथ्वी के आकाश में एक दूसरे के निकट दिखाई देते हैं, भले ही उनके बीच बहुत अधिक दूरी हो। उदाहरण के लिए, चंद्रमा पृथ्वी से 3, 84,000 किलोमीटर दूर है, जबकि शुक्र और शनि पृथ्वी और चंद्रमा से लाखों से लेकर अरबों किलोमीटर दूर हैं। फिर भी, संयोग के कारण, वे शुक्रवार और शनिवार के बीच चंद्रमा के निकट दिखाई देते हैं। हालांकि, आने वाले कई हफ्तों तक हैदराबाद में खगोल विज्ञान प्रेमी सूर्योदय से पहले पूर्व दिशा में शुक्र और शनि को भी देख सकते हैं।

रघुनंदन ने बताया कि दिलचस्प बात यह है कि शुक्रवार की सुबह शुक्र और शनि के संयोग में एक दुर्लभ खगोलीय घटना हुई। ध्यान देने वाली बात यह है कि शुक्र पृथ्वी के एक तरफ सूर्य की परिक्रमा करता है, जबकि शनि की कक्षा मंगल और बृहस्पति से बहुत दूर है।

अलग-अलग पथों पर सूर्य की परिक्रमा करने के बावजूद, कभी-कभी जैसे 25 से 26 अप्रैल को 'संयोजन' के दौरान ये खगोलीय पिंड एक-दूसरे के पास दिखाई देते हैं।

**कोई स्माइली चेहरा नहीं :** शुक्र, शनि और चंद्रमा से जुड़े 'स्माइली फेस' के बारे में अपुष्ट खबर है, जो कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गई है। हालांकि, हैदराबाद के वरिष्ठ खगोलशास्त्री ने स्पष्ट किया है कि इस घटना के दौरान शनि बहुत धुंधला दिखाई देता है, और शहर का प्रदूषण दृश्यता को और खराब कर देता है। शुक्र ग्रह तो दिखाई देता है, लेकिन शनि ग्रह नंगी आँखों से दिखाई नहीं देता। अभी तक शनि ग्रह बहुत धुंधला है क्योंकि यह पृथ्वी से बहुत दूर है। रघुनंदन कुमार ने कहा कि जैसे-जैसे दिन बीतते जाएंगे, पृथ्वी और शनि के बीच की दूरी कम होती जाएगी, जिससे शनि ग्रह अधिक चमकीला और अधिक दिखाई देने लगेगा। इसलिए, चंद्रमा, शुक्र और शनि से जुड़े 'स्माइली फेस' की खबर अतिरंजित और असत्यापित है।


**CLASSIFIEDS**

**LOST OF ARMS LICENSED**

I, RANDHIR YADAVA S/O . RAM AVTAR YADAV R/O. 7 - 26/51/1, CHANIKYAPUR, SAFILGUDA, MALKAJGIRI, SECUNDERABAD, LOST MY ARMS LICENSE NO .DMK/ 3402/ KUPH/ 2011,WHILE TRAVELING FROM GOSHAMAHAL CSW OFFICE TO MY HOUSE. IF ANYBODY FOUND PLS . INFORM. PH : 8005380039

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय : रंगारेड्डी**

गोपनपल्ली, नल्लागंडला रोड, हैदराबाद, तेलंगाणा - 500 046
वेबसाइट: https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/RANGAREDDY/en/home/

**निविदा सूचना** दिनांक: 25.04.2025


वर्ष 2025-26 के लिए अधिकृत फर्मों से सूखा राशन (प्रावधान), चावल, सब्जियां और फल, मांसाहारी, शौचालय के सामान, कपड़े धोने और इस्त्री करने, बाल काटने और टक शॉप की आपूर्ति के लिए एकल बिडिंग प्रणाली में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं नियम व शर्तें वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/RANGAREDDY/en/home/ से अथवा इस कार्यालय से दिनांक 26.04.2025 से 19.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में तथा दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदाएं दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11.30 बजे तक प्राप्त की जाएंगी तथा विद्यालय के पी ए एस सी द्वारा दिनांक 20.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे विद्यालय कार्यालय में खोली जाएंगी। ई एम डी और 200/- रुपये (आवेदन शुल्क) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में "प्रिंसिपल, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रंगारेड्डी के पक्ष में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नल्लागंडला शाखा, हैदराबाद में देय किया जाना चाहिए। यह कार्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी अधूरे टेंडर फॉर्म को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ताक्षर/-
प्रिंसिपल

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 26 अप्रैल - 2025

# जेनेरिक दवाओं का गोरखधंधा: मेडिकल स्टोर वाले मालामाल


अशोक भाटिया

हाल ही में मुझे खुद को एक अनुभव मिला जब मैंने डॉक्टर की लिखी दवा पनाम-डीएसआर अपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसे छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ओन लाइन TRUE MAD से मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी । इसी प्रकार जब डायबिटीज की गोली ग्लिफ़ोज़ेनिक्स ऑन लाइन मंगवाने की सोची तो उसका भाव 640 रूपये दर्शाया गया था व २० % छुट । उसके बाद भी तुर्रा यह कि उसे आउट ऑफ़ स्टॉक बताया गया था । बाद में जब प्रधानमंत्री के जन औषधि केंद्र वाले दुकान पर उसकी तलाश की तो वही दवाई 230 रुपये में मिली और वहां भी गोली पर भाव 640 रुपये ही छपा था । इसके बाद मैंने तय किया कि इसके बारे में मैं विस्तार से तफ्तीश करूँगा । मैं एक ही दवा को लेकर अलग – अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर गया । मैंने पाया कि एक ही दवा अलग – अलग दुकान पर अलग – अलग नामों से व भावों से बिक रही है। 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रूपया लिखा होता है । और पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है। आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन के एक लेख के अनुसार ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला। आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का \केमिकल सॉल्ट\' होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे- क्रोसिन यां डोलो -650 के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है।

गौरतलब है कि देश में जेनरिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर केंद्र सरकार ने डॉक्टरों को सख्त निर्देश जारी किया था । सरकार ने आदेश जारी कर सभी डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं पेशेंट्स के लिए लिखने को कहा था । सरकार ने सख्त होते हुए कहा कि अगर डॉक्टर पर्ची में जेनरिक दवा नहीं लिखी जाती तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवा के डायरेक्टर जनरल ने आदेश जारी करते हुए इस बात की वार्निंग दी थी कि जो कोई भी डॉक्टर जेनरिक दवाओं को अपने पर्ची में शामिल नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है।केंद्र सरकार ने सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य कल्याण केंद्रों के डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं ही लिखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की चेतावनी जारी की थी ।पर न जाने क्यों यह आदेश समय के अनुसार धुंधला पड़ गया । बताया जाता है कि सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी करती रहती है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की।ऐसा लगभग 10 साल से सुनते आ रहे हैं पर कानून अमली जामा कब पहनाएगा मालूम नहीं ? इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है । लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पेटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए। इससे दवाओं की कीमतों में बड़ा फर्क आ जाएगा। अभी किसी भी मरीज का दवाओं पर औसत खर्च 180% ज्यादा है। दवा कीमतों पर नियंत्रण के बाद इसमें भारी कमी आ जाएगी। डॉ. मुखोपाध्याय बताते हैं कि जेनेरिक दवा ब्रांडेड भी होती है। एक ही कंपनी जेनेरिक और ब्रांडेड, दोनों दवाएं बनाती है, लेकिन उनकी कीमतों में काफी अंतर होता है। ऐसे में अगर सरकार लोगों को या मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाना चाहती है तो उनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। जेनेरिक दवाओं के मामले में भी बड़ा खेल होता है, खासतौर पर सरकारी खरीद या अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाओं के मामलों में। ऐसे में इनकी कीमतों पर नियंत्रण ही मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने का रास्ता खोल सकता है। कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे- एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज़ की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपए है, जबकि जेनरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपए महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं। - नोवार्टिस की कैंसर की दवा ग्लीवियो- इमेटिनिब मिसाइलेट का एक महीने का खर्च 2,158 डॉलर यानी करीब 1.51 लाख रुपए पड़ता है, जबकि जेनरिक रूप में इसी दवा का खर्च 174 डॉलर प्रति माह (12,180 रुपए) है, यानी 12 गुना या 92% से भी कम। - ऐसे ही बेयर की कैंसर ड्रग सोराफेनिब टोसाइलेट, जिसे वह नेक्सावर के नाम से बेचती है, उसका एक महीने का खर्च करीब 5,030 डॉलर है, जबकि जेनरिक दवा लेने पर यही खर्च महज 122 डॉलर प्रति माह रह जाता है। जर्नल ऑफ हेल्थ इकोनॉमिक्स के मुताबिक, एक पेटेंट इनोवेटर को उस उत्पाद पर रिसर्च के दौरान किए गए खर्च या लागत को वसूलने और उससे लाभ हासिल करने की अनुमति देता है। किसी भी दवा के इनोवेटर या कंपनी उस दवा को बनाने से लेकर बाजार में उतारने और उसके बाद के 10-15 साल के दौरान करीब 80 करोड़ डॉलर यानी करीब 5,600 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में पेटेंट के 20 साल के दौरान उसे इस खर्च को वसूलने और मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है। अगर जेनेरिक दवा लिखना अनिवार्य होता है तो इसके साथ-साथ फार्मा सेक्टर में हजारों नौकरियों पर भी खतरा पैदा हो जाएगा। इनके मुताबिक, एक दवा को कई कंपनियां बनाती हैं। उनके प्रचार-प्रसार या उन्हें प्रमोट करने के लिए भारी भरकम स्टाफ रखती है। इनमें सबसे ज्यादा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) हैं, जो डॉक्टर्स के पास विजिट कर उन्हें अपनी कंपनी की दवा लिखने को कहते हैं। कई डॉक्टर्स को इसके लिए बाकायदा कमीशन या महंगे-महंगे गिफ्ट तक दिए जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर जब सिर्फ जेनेरिक दवा लिखेंगे, तो यह सब करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका दूसरा असर यह होगा कि ब्रांडिंग खत्म हो जाएगी तो दवा कंपनियों को प्रचार-प्रसार के लिए स्टाफ भी कम रखना पड़ेगा। कई लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्ज़ की नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। फार्मा और मेडिकल सेक्टर से जुड़ी डॉकप्लेक्सस के मुताबिक, बड़ी कंपनियों में से प्रत्येक अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए 5 हजार से ज्यादा फील्ड स्टाफ रखती है। इसके अलावा फार्मा कंपनियां कुल बजट का 20% फील्ड स्टाफ की भर्ती और खर्च का 60% फील्ड स्टाफ और उनसे जुड़ी गतिविधियों पर खर्च करती हैं। इसका दूसरा पहलू भी है। ज्यादातर डॉक्टर्स सरकार की इस योजना का विरोध कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि ऐसे किसी कानून के लागू होने के बाद दवा से जुड़ी सभी शक्तियां केमिस्ट के हाथों में चली जाएंगी।

## जहन्नुम बनता पाकिस्तान

देश विभाजन के समय पाकिस्तान की स्थिति भी भारत जैसी ही थी। लेकिन उसकी करतूतों की वजह से आज वहां की जनता दाने-दाने को मोहताज होती जा रही है। जबकि पाकिस्तान में सत्ता नशीनों और उनके पिछलग्गुओं की हालत आज काफी बेहतर है। आम पाकिस्तानी की हालत इतनी खस्ता है कि आम भारतीय से तुलना भी नहीं की जा सकती। बंटवारे के समय पाकिस्तानी बच्चे और बड़े भारतीयों की तरह ही जीते थे। उनकी कमाई भी अच्छी थी। लेकिन, वहां के हुक्मरानों और फौज की वजह से पाकिस्तानियों की जिंदगी जहन्नुम बन गई है। कश्मीर के नाम पर आंतकवाद को दूध पिलाने में लगा रहा पाकिस्तान आज कहीं का नहीं रह गया है। किसी देश के आम नागरिकों की माली हालत क्या है, इसका अंदाजा वहां की प्रति व्यक्ति आय से लग जाता है। देश की आजादी के 13 साल बाद यानी 1960 में भारतीयों और पाकिस्तानी की प्रति व्यक्ति आय लगभग बराबर थी। मतलब, अगर डॉलर के मौजूदा दर के हिसाब से देखें तो भारत में प्रति व्यक्ति आय 85 डॉलर थी तो पाकिस्तान की 82 डॉलर। आज की स्थिति ये है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,711 डॉलर है तो पाकिस्तान का 1,581 डॉलर। पाकिस्तानियों की कमाई कम है तो उसका असर उनकी सेहत पर भी पड़ रहा है। वह भारतीयों के मुकाबले कम जीते हैं। पिछले दशक में यह गैप बहुत ज्यादा बढ़ गया है। मसलन, 1960 में भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा अगर 45.6 साल थी तो पाकिस्तान में 44.1 साल। 2024 तक भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 72.2 साल हो चुकी थी तो पाकिस्तान में 67.8 साल। वजह साफ है जहां पाकिस्तान अपनी जीडीपी का ज्यादा पैसा फौज पर खर्च कर देता है। 1960 में जहां भारत अपनी जीडीपी का 4.3% सेना पर खर्च करता था, तब पाकिस्तान मात्र 2% इसके लिए रखता है। लेकिन, 2023 के आंकड़ों के मुताबिक भारत अपनी जीडीपी का 2.4% अगर मिलिट्री के लिए रखता है तो पाकिस्तान इसपर 2.8% लुटा रहा है। जबकि 145 देशों के पावर इंडेक्स में भारत चौथे स्थान पर और पाकिस्तान 12वें नंबर पर है। इसका परिणाम ये हुआ है कि शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ हर क्षेत्र में पाकिस्तान विकास की यात्रा में दयनीय हालत में पहुंच चुका है। भारत ने 2023 में जीडीपी का 4.1% शिक्षा पर खर्च किया तो पाकिस्तान ने इसके लिए मात्र 1.9% रखे। इसका ही परिणाम है कि पाकिस्तान की साक्षरता दर फिसड्डी हो चुकी है। पाकिस्तानी सरकार को सेना पर लुटाने के लिए तो पैसे हैं, लेकिन आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर वह उस तरीके से खर्च नहीं कर पाता है। जैसे साल 2000 में इसने स्वास्थ्य पर जीडीपी का मात्र 2.5% खर्च किया और 2021 में भी यह सेना के मुकाबले मामूली रूप से ही ज्यादा रहा। कुल मिला कर पाकिस्तान के नेताओं ने सेना पर खूब पैसा खर्च किया। लेकिन, स्कूल, अस्पताल और बिजली व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। पाकिस्तान परमाणु शक्ति बन गया, लेकिन, मानव विकास की असली जंग बुरी तरह से हार गया। आज, पाकिस्तानियों का जीवनकाल कम है। वे भारत के लोगों से कम कमाते हैं और कम पढ़े-लिखे हैं। ये आंकडे खुद पाकिस्तान की बर्बादी की कहानी कह रहे हैं।

## क्या भारत को सिंधु जल समझौता सस्पेंड के बजाय निरस्त करना चाहिए


रामस्वरूप रावतसरे

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है। यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध होने के बाद भी बना हुआ था। भारत के इस कदम को कई एक्सपर्ट पहले वाटर युद्ध की शुरुआत बता रहे हैं। इस बीच भारतीय एक्सपर्ट ने मोदी सरकार को अमेरिका से सीख लेने के लिए कहा है। सामरिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने कहा कि सिंधु जल समझौता भारत के लिए एक गलती की तरह से है। इस समझौते से पाकिस्तान को 6 नदियों का ज्यादातर पानी मिल गया। उन्होंने बताया कि साल 2016 में पीएम मोदी ने उरी आतंकी हमले के बाद कहा था कि ''खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।'' मोदी सरकार को यह सिंधु जल समझौता सस्पेंड करने का फैसला लेने में 8 साल लग गये। ब्रह्मा चेलानी के अनुसार मोदी सरकार यह फैसला लेने में बहुत धीमी रही। अब एक और बड़ा आतंकवादी हमला होने के 8 साल बाद सरकार को सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के लिए बाध्य होना पड़ा है जबकि इस समझोते को बहुत पहले ही खतम कर देना चाहिए था। चेलानी ने कहा कि भारत के इस रवैये की तुलना अमेरिका से की जानी चाहिए। अमेरिका एकतरफा तरीके से रूस के साथ दो समझौतों इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (आईएनएफ) और एंटी बलिस्टिक मिसाइल समझौते से अचानक ही बाहर हो गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत ने एक्शन लेना चालू कर दिया है। पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक कदम उठाए हैं। भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के अलावा पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने, अटारी सीमा बंद करने और पाकिस्तानियों को देश निकाला देने का फैसला लिया है। इन सबमें सबसे बड़ी चोट सिंधु जल समझौते को रद्द करके की ही गई है। इसकी माँग भी लम्बे समय से हो रही थी। भारत और पाकिस्तान, एक ही भूभाग का हिस्सा है। भारत से कई नदियाँ बह कर पाकिस्तान जाती हैं। सिंधु नदी तंत्र की नदियाँ पाकिस्तान के पानी का सबसे बड़ा स्रोत हैं। इन्हीं के पानी के बँटवारे को लेकर किया गया समझौता सिंधु जल समझौता कहलाता है। यह समझौता वर्ष 1960 में हुआ था। इसके लिए लगभग एक दशक तक बातचीत पाकिस्तान और भारत के बीच चली थी। तब प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के तानाशाह अयूब खान ने इसको मंजूरी दी थी। सिंधु जल समझौते के तहत सिंधु नदी तंत्र की 6 नदियों (व्यास, रावी, सतलुज, सिन्धु, चेनाब और झेलम) के पानी का बँटवारा होता है। इस जल समझौते के अनुसार, पूर्वी नदियाँ (व्यास, रावी और सतलुज) के पानी पर पूरा अधिकार भारत का है, यानी इनमें बहने वाले पानी का वह किसी भी तरह से इस्तेमाल कर सकता है। भारत इन नदियों पर बाँध बना सकता है, उनकी जलधाराएँ मोड़ सकता है, उनसे नहरें निकाल सकता है और पूरा उपयोग कर सकता है। सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद 2 का खंड (1) कहता है, "पूर्वी नदियों का पूरा पानी भारत के अप्रतिबंधित उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगा, सिवाय इसके कि इस अनुच्छेद में अन्यथा अलग से उसके लिए कोई प्रावधान किया गया हो।' पूर्वी नदियों को लेकर पाकिस्तान को दखलअंदाजी करने का कोई अधिकार नहीं है। इसको लेकर भी अनुच्छेद 2 के खंड (2) में प्रावधान है।

इसमें लिखा है, "घरेलू उपयोग को छोड़कर, पाकिस्तान सतलुज और रावी नदियों के पानी को बहने देने के लिए बाध्य होगा और उन स्थानों पर इनके पानी में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होने देगा, जहाँ ये पाकिस्तान में बहती हैं और अभी तक पूरी तरह से पाकिस्तान में प्रवेश नहीं कर पाई हैं।

## बिहार से आतंकियों को मोदी का संदेश


कुमार कृष्णन

पहलगांव हमले के जख्में के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा रहा। पूरे देश से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। देश को मिले इन गहरे जख्मों के बीच प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुवनी के लोहना पंचायत में सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम आंतरिक हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा 22 अप्रैल को, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में, आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन-साथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा-शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा पहले से निर्धारित थी। इस बीच 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ और उसमें 25 बेगुनाह लोग मारे गए। यही वजह है कि पूरा देश इस समय शोक में डूबा है। वहीं इस घटना के बाद प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भी सादे तरीके से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और उसके आतंकियों को सबक सिखाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री ने बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी।क्षेत्र में बिजली के आधारभूत संरचना को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।देश भर में रेल संपर्क बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में 2-लेन वाले दो रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं से संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत लगभग 930 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया। प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी कीं। उन्होंने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों में गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं। पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार वो धरती है जहां से पूज्य बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। पूज्य बापू का दृढ़ विश्वास था कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है। बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया है। बीते दशक में 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। साढ़े 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटल होने से एक और फायदा हुआ है। जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र, ऐसे कई दस्तावेज़ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आज़ादी के अनेक दशकों बाद जहां देश को संसद की नई इमारत मिली, वहीं देश में 30 हज़ार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है। बीते 10 साल में दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांव के विकास में लगा है।ग्राम पंचायतों की एक और बड़ी समस्या, भूमि विवाद से जुड़ी रही है। कौन-सी जमीन आबादी की है, कौन-सी खेती की है, पंचायत की जमीन कौन-सी है, सरकारी जमीन कौन-सी है, और इन सारे विषयों पर अक्सर विवाद रहता था। इसके समाधान के लिए जमीनों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। ज़मीनों के रिकॉर्ड का डिजीटलीकरण से, अनावश्यक विवादों को सुलझाने में मदद मिली है।

चुनावी साल में प्रधानमंत्री ने बताया कि पंचायतों ने कैसे सामाजिक भागीदारी को सशक्त किया है। बिहार, देश का पहला राज्य था, जहां महिलाओं को इनमें 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई और इसलिए मैं नीतीश जी का अभिनंदन करता हूं। आज बहुत बड़ी संख्या में, गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े, अतिपिछड़े समाज की बहनें-बेटियां बिहार में जनप्रतिनिधि बनकर सेवाएं दे रही हैं, और यही सच्चा सामाजिक न्याय है, यही सच्ची सामाजिक भागीदारी है। लोकतंत्र, ज्यादा से ज्यादा भागीदारी से ही समृद्ध होता है, सशक्त होता है। इसी सोच के साथ, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का कानून भी बनाया गया है। इसका लाभ देश के हर राज्य की महिलाओं को होगा, हमारी बहन-बेटियों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलेगा। देश में महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए, रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर बनाने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।

बिहार में चल रहे जीविका दीदी, इस कार्यक्रम से अनेक बहनों का जीवन बदला है। आज ही यहां बिहार की बहनों के स्वयं सहायता समूहों को करीब एक हजार करोड़ रुपए की मदद दी गई है।

## कमरे की आखिरी मोमबत्ती


डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

ऊंचे मकान के भीतर एक छोटा सा कमरा। चार दीवारें और एक धूलभरा फर्श। इस कमरे का एक मात्र जीवंत साथी - एक मोमबत्ती। रवींद्रन, एक बत्तीस वर्षीय नौजवान, उसी मोमबत्ती की लौ में अपनी जिंदगी के अंधेरे को थोड़ा सा उजाला देने की कोशिश करता था। उसकी आँखों में अजीब सी गहराई थी, मानो उनकी भाषा में केवल पीड़ा लिखी गई हो। मोहल्ले के लोग कहते थे, अरे, रवींद्रन, तुझे नौकरी चाहिए या दुनिया बदलने का काम? पर उसकी खामोशी का जवाब केवल मोमबत्ती देती थी, झिलमिलाते हुए। जिंदगी में कितना अंधेरा है, रवींद्रन। लेकिन तुमने तो इस मोमबत्ती के साथ दोस्ती कर ली, सुदर्शन ने मजाक उड़ाया था। रवींद्रन ने मुस्कुरा कर कहा, इस मोमबत्ती में तो मेरी पूरी जिंदगी कैद है। क्या तुमने भी अपनी जिंदगी को कभी मोमबत्ती में ढूंढ़ा है? उसकी बातें रहस्यमयी थीं, पर सुदर्शन को उस दिन पहली बार रवींद्रन के अंदर जलते दर्द की लौ समझ आई। यह मोमबत्ती केवल मोम और धागा भर नहीं थी। यह तो एक इंसानी भावना का प्रतीक थी। हर बार जब रवींद्रन रात की खामोशी में उसे जलाता, वह मानो अपनी बातें उससे साझा करता। तू भी खत्म हो जाएगी, जैसे मैं धीरे-धीरे खत्म हो रहा हूँ, रवींद्रन ने एक बार कहा था। उस रात, मोमबत्ती की लौ भी जैसे आँसू बहा रही थी।मोहल्ले में कुछ बच्चे उस कमरे के बाहर खेलते थे।

वे हँसते थे, गाते थे। लेकिन जब वे रवींद्रन को देखते, उन्हें लगता कि उनकी हँसी की गूँज उस कमरे की दीवारों पर टकरा कर लौट आती है। एक बच्चा, आर्यन, रवींद्रन के कमरे के पास खड़ा होकर कहा करता था, दादा, हमें भी अंदर बुला लो, हमें भी उस मोमबत्ती की रोशनी में कुछ देखना है। पर रवींद्रन हमेशा उन्हें एक हल्की मुस्कान देकर मना कर देता। वह जानता था कि उसकी दुनिया में किसी और को लाना अपराध जैसा होगा। रवींद्रन ने अपनी जिंदगी का हर हफ्ता उस मोमबत्ती के साथ बिताया। लेकिन एक रात, वह अचानक गायब हो गई। पड़ोसियों ने देखा, मोमबत्ती का जलना बंद हो गया था। कुछ लोग यह मानते थे कि रवींद्रन को कोई बड़ी नौकरी मिल गई। लेकिन उसकी कहानी कहीं और लिखी जा चुकी थी। वह मोमबत्ती के साथ अपनी जिंदगी को खत्म करने की कसम खा चुका था। एक रात, कमरे की आखिरी मोमबत्ती बुझ गई। और उसी के साथ, रवींद्रन की कहानी का अंत। उसके कमरे में केवल उसकी परछाईं बाकी थी, जो दीवारों पर टिकी हुई थी।

## पहलगाम आतंकी हमले की 'टाइमिंग' से उठ रहे कई सवाल?


कमलेश पांडेय

आखिर पहलगाम आतंकी हमले की 'टाइमिंग' पर गौर कीजिए। सीधा सवाल है कि जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) को ही सऊदी अरब के जेद्दाह पहुँचे थे, जहाँ उनका भव्य स्वागत हुआ। उस दिन उनके एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट करने के लिए सऊदी अरब ने अपने जेट्स भेजे जो अपने-आप में पीएम मोदी के प्रति खाड़ी मुल्क़ों के सम्मान को दिखाता है। वहीं जेद्दाह का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें एक शेख 'राजी' (2018) फिल्म का गाना 'ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू' गाना गाते हुए दिखा। तब तमाम मुस्लिम शख्स भी पीएम मोदी के सामने इसे गुनगुनाते हुए दिखे। लेकिन तभी अचानक से, ऐसी चौंकाऊ खबर! पहलगाम आतंकी हमला, 26 पर्यटकों की मौत, से मोदी हिल गए क्योंकि चीनी पिल्ले पाकिस्तान की शह पर हुई एक और नापाक हरकत थी यह। वैसे तो जब भारत सरकार पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश में हुए तख्तापलट और फिर हिन्दुओं के उत्पीडन पर तत्काल सैन्य कार्रवाई करने के बजाय खामोश हो गई तो यह तभी तय हो गया था कि भारत सरकार ने अपनी कमजोरी जाहिर कर दी है और अब फिर से कश्मीर भी सुलगेगा। ऐसा इसलिए कि हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन से डरते हैं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगलादेश के खिलाफ सीधी कार्रवाई से बचते हैं और पाकिस्तान को दो टूक सबक सिखाने से भयभीत रहते हैं! लिहाजा पाकिस्तान-पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश के सैन्य व राजनीतिक हुक्मरानों का मन बढ़ना ही था। पाकिस्तानी जनरल मुनीर के बयान और बंगलादेशी यूसुफ के मिजाज से भी इस बात की तस्दीक होती है लेकिन भारत द्वारा स्पष्ट पलटवार करने की जगह कूटनीतिक हमले यानी विधवा विलाप! सवाल यह भी है कि अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जे डी वेंस जब जयपुर के दौरे पर थे, जहाँ वो पत्नी और बच्चों समेत आमेर के किले में घूमे, वहीं 1 दिन पहले ही उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बेहद ही सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक हुई थी। तब इस घटना को जानबूझकर अंजाम दिया गया । वहीं याद कीजिए, फरवरी 2020 के अंत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब दिल्ली आए थे, तब दिल्ली में रणनीतिक पूर्वक दंगा किया गया था। तब शाहीन बाग़ सज़ा हुआ था पड़ोसी मुल्क़ों के पीड़ित हिन्दुओं को नागरिकता देने वाले क़ानून सीएए के विरुद्ध। इसलिए अब अमेरिकी उप-राष्ट्रपति के दौरे के दौरान ये सब होना स्पष्ट करता है कि चीनी शह पर पाकिस्तान यह सबकुछ करता रहता है ताकि अमेरिका, भारत के करीब आने से भयभीत हो। कहने का तात्पर्य यह कि भीतर के दंगाइयों और कश्मीर के आतंकियों की विचारधारा को अलग-अलग करके मत देखिए क्योंकि इनके भीतर भी गहरा कनेक्शन है।सवाल है कि जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पूरा ध्यान मार्च 2026 तक देश को नक्सल-मुक्त करने पर है, छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर में हाल ही में 33 नक्सलियों के आत्म-समर्पण की ख़बर आई, जिनपर कुल 50 लाख रुपए का इनाम था।

ऐसे सरेंडर लगातार हो रहे हैं। इसप्रकार हमने इन नक्सलियों का उत्पात देखा है, और फिर इनका बचाव करने वाले फादर स्टेन स्वामी, सुधा भारद्वाज, वरवरा राव और गौतम नवलखा जैसों को समाज के भीतर से इन्हें समर्थन देते हुए देखा है। अब जब ये सब जेल गए, तभी नक्सलियों की कमर टूटी। इससे बौखलाए चीन ने अपने पिल्ले पाकिस्तान से यह नई हरकत करवा डाली। यह हमें समझना होगा और उसकी इस टुच्ची सोच के खिलाफ व्यापक प्रतिरक्षात्मक रणनीति बनानी होगी। आपने यह भी देखा होगा कि कुछ ही दिनों पहले जमीन पर जमीन हड़पते जा रहे भारत के वक़्फ़ बोर्ड में सुधार के लिए जब वक़्फ़ क़ानून बना संसद से पास होकर, तो इसके विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाने वाले हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन को घर में घुसकर काट डाला गया। वहां पर मुस्लिम भीड़ के उत्पात के कारण लगभग 400 हिन्दुओं को मालदा पलायन करना पड़ा लेकिन कहीं से इस्लामी कट्टरपंथ के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं निकला।

न गद्दार विपक्ष की ओर से, न समझदार कोर्ट की ओर से क्योंकि ये तथाकथित भारतीय रंगरूप वाले 'विदेशी' लोग धर्मनिरपेक्षता की भांग पीकर मस्त रहते हैं और अपनों को जहाँ तहां मरते हुए देखने के लिए अभिशप्त रहते हैं। अब जरा एक और बात गौर कीजिये। एक ओर राहुल गाँधी अमेरिका में जाकर भारत के चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यहाँ पर पाकिस्तानी आतंकवादी पर्यटकों पर गोलियां बरसा रहे हैं। खास बात ये है कि निशाना बनाए गए पर्यटकों में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और तमिलनाडु जैसे ग़ैर-हिन्दीभाषी राज्यों के भी लोग हैं। इससे साफ है कि पूरे देश में कश्मीरी आतंक का एक सख्त सन्देश भेजा गया है जिसका प्रति उत्तर भारत सरकार द्वारा दिया जाना अभी बाकी है।

# पितरों की कृपा और सुख समृद्धि के लिए करें खास उपाय, 12 राशि के अनुसार करें दान

हिन्दू पंचांग के अनुसार वैशाख महीने की अमावस्या का विशेष महत्व होता है। इस दिन पितरों को याद कर उनके लिए किए गए कार्य, जैसे दान और पूजा पाठ, घर में सुख शांति और बरकत लाते हैं। इस साल वैशाख अमावस्या की तिथि 27 अप्रैल 2025 को पड़ रही है। यह तिथि सुबह 4 बजकर 28 मिनट से शुरू होकर 28 अप्रैल की रात 1 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। चूंकि उदया तिथि 27 अप्रैल को है, इसलिए इसी दिन अमावस्या मानी जाएगी।

वैशाख अमावस्या के दिन लोग पितरों के नाम पर तर्पण, दान और पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन राशि अनुसार कुछ विशेष चीजें दान करने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है और घर की आर्थिक व मानसिक परेशानियां दूर हो सकती हैं।



**मेष**

पितरों की शांति के लिए ठंडक देने वाली चीजों का दान करें, जैसे शरबत, पानी, नारियल पानी आदि

**वृषभ**

खीर, मिश्री, चावल जैसी सफेद चीजों का दान करने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

**मिथुन**

गन्ने का रस या ठंडा पानी दान करें। इससे मन को शांति मिलती है और पारिवारिक कलह दूर होते हैं।

**कर्क**

सफेद कपड़े या सफेद मिठाई जैसे रसगुल्ले का दान करने से पितरों की कृपा बनी रहती है।

**सिंह**

गुड़, शहद और चने का दान करें। इससे घर की परेशानियां धीरे धीरे खत्म होती हैं।

**कन्या**

हरे रंग के पकवान जैसे मूंग की दाल से बनी खिचड़ी या लड्डू दान करें। इससे बुद्धि में सुधार होता है।

**तुला**

ब्रह्माणों को भोजन कराएं और जरूरतमंदों को सफेद कपड़े या चावल दान करें।

**वृश्चिक**

लाल कपड़े, गुड़ या लाल मिठाई का दान करें। इससे पारिवारिक सुख बढ़ता है।

**धनु**

पीली मिठाई, केला और पीले वस्त्र दान करें। काली उड़द और तिल का दान भी शुभ माना जाता है।

**मकर**

लोहे के बर्तन, कंबल और तिल का दान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।

**कुंभ**

धन या जूते का दान करना फायदेमंद रहेगा। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**मीन**

शीतल जल और पीले रंग के खाद्य पदार्थ दान करें। इससे घर में सुख शांति बनी रहती है।

# शनि के घर में जाएगा पाप ग्रह राहु 8 राशियों के लिए कष्टकारी होंगे दिन

पाप ग्रह राहु का प्रवेश शनि के घर कुंभ में होने वाला है। कुंभ राशि में राहु का गोचर 18 मई दिन रविवार को शाम 4 बजकर 30 मिनट पर होगा। राहु के राशि परिवर्तन करने से सभी 12 राशियों पर प्रभाव होगा, लेकिन 8 राशि के लोगों के जीवन में उथल-पुथल मच सकती है। इन लोगों की आमदनी प्रभावित होगी, धन हानि हो सकता है, रोग से कष्ट बढ़ सकता है और तनाव से जीवन में अशांति पैदा हो सकती है।



**कुंभ में राहु गोचर का राशिफल 2025**

**वृषभः** राहु का राशि परिवर्तन होने से वृषभ राशि के लोगों की आमदनी घट सकती है। इस समय में आपका पैसा फिजूल में खर्च होगा। आपके बिजेनस और नौकरी में अड़चनें आ सकती हैं, इससे आपकी उन्नति प्रभावित होगी। घर का कलह परेशान करेगा, जिससे मानसिक शांति भंग होगी। राहु के अशुभ प्रभाव के कारण काम में अड़चन आएगी। काम अटक सकते हैं।

**सिंहः** राहु गोचर की वजह से सिंह राशि के लोगों का काम फंस सकता है। बनते हुए काम बिगड़ सकते हैं। फिजूलखर्ची के कारण आपका बजट बिगड़ सकता है। इसकी वजह से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक जीवन तनावपूर्ण होगा। गृह क्लेश की वजह से मन अशांत होगा।

**कन्याः** राहु के राशि परिवर्तन का असर कन्या वालों की सेहत पर हो सकता है। आपकी तबीयत खराब हो सकती है। रुपए कमाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। लेकिन खर्च इतना अधिक होगा कि आपके लिए कर्ज लेने की स्थिति पैदा हो सकती है। इस समय में आपके दुश्मन स क्रिय रहेंगे। आपको सावधान रहने की जरूरत है। वे आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**तुलाः** राहु गोचर के अशुभ प्रभाव से तुला वाले भी परेशान रहेंगे। आपके रिश्ते प्रभावित रहेंगे। परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों से विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। आपका फिजूलखर्च बढ़ेगा, जिससे बचत के पैसे पर खतरा आ सकता है। इस समय में सेहत और शत्रु के कारण परेशानी आएगी। मानसिक तनाव होगा और संतान की वजह से चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिकः** राहु के कारण वृश्चिक राशि के लोगों का अपने भाई के साथ विवाद हो सकता है। बेवजह की भागदौड़ रहेगी। उसका फल आपको प्राप्त न होने से निराशा होगी। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए समय कठिन होगा। मुनाफा कमाने के लिए संघर्ष करना होगा।

**मकरः** राहु का राशि परिवर्तन मकर वालों को भी परेशान करेगा। परिवार और बिजनेस में चुनौतिपूर्ण स्थितियां पैदा होंगी, जिससे आपको जूझना पड़ सकता है। धन के मामले में समय कठिन है। आपको किसी भी प्रकार का कर्ज नहीं लेना चाहिए और न ही देना चाहिए। कर्ज लेंगे तो वह चुकता करने में बहुत पापड़ बेलना होगा, वहीं कर्ज देते हैं तो वह पैसा डूब सकता है। इस समय में आप मानसिक तौर पर काफी परेशान रह सकते हैं।

**कुंभः** आपकी राशि के लोगों को सावधान रहना होगा क्योंकि आपको कोई शारीरिक कष्ट हो सकता है। आपके काम अटक सकते हैं, इससे मन में तनाव होगा। तनाव से निपटने के लिए योग, व्यायाम आदि करें। पूजा पाठ में मन लगा सकते हैं। एकाएक आपके पास कोई बड़ा खर्च आ सकता है। इससे धन की कमी आ सकती है। फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना होगा।

**मीनः** राहु गोचर के कारण मीन वालों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है या आप किसी अ प्रिय घटना के शिकार हो सकते हैं। इसकी वजह से मानसिक तनाव भी रहेगा। आमदनी प्रभावित रहेगी, इस समय में खर्च भी बढ़ेगा। आमदनी और खर्च के बीच तालमेल बनाकर चलना होगा, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है। आर्थिक तनाव की स्थिति पैदा हो जाएगी।

# नौकरी में प्रमोशन का तगड़ा योग, बैंक-बैलेंस भी बढ़ेगा

## अक्षय तृतीया पर कन्या समेत इन 5 राशियों की चमेकगी किस्मत

हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के अगले दिन अक्षय तृतीया मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन माता लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा करने से व्यक्ति को आर्थिक उन्नति मिलती है। इस बार अक्षय तृतीया कई विशेष सयोंग मे आ रही है, जिससे पांच राशियों की किस्मत चमकने वाली है। आइए उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से जानते हैं कि वह लकी राशि कौनसी हैं...

वैदिक पंचांग के अनुसार, साल 2025 में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 29 अप्रैल संध्या 4 बजकर 29 मिनट पर शुरू हो रही है। तृतीया तिथि का समापन अगले दिन यानी 30 अप्रैल दोपहर 03 बजकर 11 मिनट पर हो रहा है। शुक्ल पक्ष में उदयातिथि मान्यता होती है, इसलिए उदयातिथि के अनुसार 30 अप्रैल को ही अक्षय तृतीया मनाई जाएगी।

**वृषभ** – अक्षय तृतीया का दिन ऐसे तो बहुत शुभ होता है, लेकिन इस बार शुभ सयोंग की वजह से वृषभ राशि के लिए और भी बहुत शुभ होने वाला है। इस राशि के जातक को देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर का आशीर्वाद मिलेगा। इस स्थिति में, जातक विभिन्न क्षेत्रों में अपार सफलता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अटका हुआ धन मिलने के योग हैं।

**मिथुन** – अक्षय तृतीया के दिन शुभ योग बनने से मिथुन राशि के लोगों को बिजनेस में लाभ होगा। साथ ही आपको किसी बड़े काम का ऑफर मिल सकता है, जिससे आपका मन अधिक प्रसन्न होगा। लंबे समय से नौकरी के लिए प्रयास कर लोगों को सफलता मिल सकती है। आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल सकता है। परिवार के लोगों के साथ रिश्ते अच्छे होंगे।

**कन्या** – अक्षय तृतीया का दिन इस राशि वालों के लिए बेहद शुभ होने वाला है। जिन लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उन्हें धन लाभ हो सकता है, जिससे आपकी संपत्ति और बैंक बैलेंस बढ़ेगा। आपके प्रयासों को मान्यता मिलेगी और उच्च स्तर के अधिकारी आपकी सराहना करेंगे। अगर आप बिजनेस में हैं, तो आप ज्यादा कमाई की उम्मीद कर सकते हैं और संभवतः बड़े लेन-देन को सुरक्षित कर सकते हैं।

**तुला** – अक्षय तृतीया के दिन शुभ योग बनने से इस राशि वालों को शुभ योग के प्रभाव से अप्रत्याशित वित्तीय लाभ होंगे। आपके प्रयासों को प्रफेशनल रूप से मान्यता मिलेगी और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। व्यवसाय मालिकों को बड़ी आय और प्रमुख अवसरों की उम्मीद करनी चाहिए, जिसमें बड़े लेन-देन की संभावना भी शामिल है।



**मीन** – अक्षय तृतीया का दिन इस राशि के जातकों के लिए भी शुभ साबित होने वाला है। इस राशि के लोगों का जीवन खुशहाल होगा। जॉब में सफलता मिलने के योग बन सकते हैं। साथ ही प्रॉपर्टी या फिर किसी और चीज में निवेश कर सकते हैं। किसी को दिया हुआ पैसा जल्द ही वापस मिल सकता है। मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी, जिससे धन लाभ के योग बनेंगे। कारोबार में लाभ देखने को मिल सकता है।


# 3 राशियों पर केतु रहेंगे मेहरबान, दो बार चाल बदलकर कर देंगे मालामाल

मई 2025 का महीना ज्योतिष के नजरिए से बहुत खास होने वाला है। इस महीने केतु दो बार अपनी चाल बदलने वाले हैं, जो आमतौर पर डेढ़ साल में एक बार गोचर करते हैं। लेकिन इस बार की चाल कुछ अलग है। केतु पहले सिंह राशि में गोचर करेंगे और फिर उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। केतु का उत्तराफाल्गुनी प्रथम पद में गोचर मई 18 2025, रविवार को 04:30 पी एम बजे होगा। इस गोचर से 3 राशि के जातकों बेहद फायदा होगा। इनके जीवन में पैसा, नाम और आराम सब कुछ भर जाएगा। चलिए जानते हैं कौन सी हैं ये खुशकिस्मत राशियां जिनके सितारे केतु की वजह से चमकने वाले हैं। इस विषय में अधिक जानकारी दे रहे हैं।

**वृषभ राशि**

**मिलेगा पैसा और संपत्ति**

केतु का ये गोचर वृषभ राशि के लिए बहुत शुभ रहेगा। आपके जीवन में आर्थिक मजबूती आएगी। नया घर या वाहन लेने का मौका मिलेगा। रिश्तों में भी मिठास बढ़ेगी। जो भी काम आप लंबे समय से सोच रहे थे, अब वो पूरे हो सकते हैं। रुके हुए पैसे मिल सकते हैं और निवेश का अच्छा मौका मिलेगा।



**सिंह राशि**

**लव लाइफ से लेकर करियर तक चमक**

केतु इस बार सिंह राशि में ही प्रवेश करेंगे, जिससे इस राशि वालों को कई तरह से फायदा होगा। आपकी लव लाइफ बेहतर होगी। जिन लोगों की शादीशुदा जिंदगी में दिक्कतें थीं, उन्हें भी राहत मिलेगी। आप नए लोगों से जुड़ेंगे जो आगे चलकर आपके लिए मददगार साबित होंगे। करियर और कारोबार में तरक्की के योग बनेंगे।

# पहलगाम के आतंकियों के साथ क्या करना चाहिए? प्रेमानंद महाराज ने बताया



बीते मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में करीब 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। जिनमें ज्यादातर मासूम पर्यटक थे। इसे पिछले कई सालों में आम नागरिकों पर हुआ सबसे भयानक हमला माना जा रहा है। आतंकी हमले पर संत प्रेमानंद महाराज जी ने प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद का जड़ से सफाया किया जाए। प्रेमानंद महाराज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- "आतंकवादियों के साथ होना चाहिए ऐसा व्यवहार"।

प्रेमानंद महाराज ने कहा- "कौन सा ऐसा धर्म है जो दूसरों का अहित करके फले-फूले? वो धर्म नहीं, अधर्म है।" वो आतंकवाद की तुलना कैंसर से करते हैं और कहते हैं कि जैसे शरीर में कैंसर हो जाए तो डॉक्टर उसे हटाता है ताकि वो फैल न जाए, वैसे ही आतंकियों को भी खत्म करना जरूरी है वरना समाज और देश को नुकसान होगा।

उन्होंने आगे कहा- "अगर एक व्यक्ति से पूरा गांव नष्ट हो रहा हो, एक गांव से एक जिला और फिर एक जिले से पूरा देश तबाह हो रहा हो, तो ऐसे व्यक्ति को शासन में लाना चाहिए और उस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।" प्रेमानंद जी महाराज ने यह भी कहा कि जो लोग धर्म के नाम पर हिंसा करते हैं, वे असल में धर्म नहीं, बल्कि अधर्म और शैतान के रास्ते पर चल रहे हैं। ऐसे लोगों को दंडित करना ही सच्चे धर्म का पालन है। उनका साफ संदेश है कि देश और समाज की रक्षा के लिए ऐसे आतंकियों के खिलाफ कड़ा और निर्णायक कदम उठाना जरूरी है।

**आम नागरिकों को बनाया गया निशाना**

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस खूबसूरत जगह को "मिनी स्विट्ज़रलैंड" कहा जाता है, जहां पर घूमने आए आम नागरिकों की जान चली गई।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिथिला की धरती से साफ शब्दों में कहा कि जिन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि आतंकवादियों और उनके हिमायतियों को इस हमले का परिणाम भुगतना होगा।

# आपके घर पर भी पड़ती है मंदिर की परछाई? कुछ शुभ मानते हैं कुछ को लगता है डर

**मंदिर की छायाः क्या है इसका असर?**

मंदिर को हमेशा पवित्र और शांत जगह माना गया है। वहां कई लोग रोज आते हैं, पूजा करते हैं, प्रार्थना करते हैं। ऐसे में वहां एक खास तरह की ऊर्जा बनी रहती है। लेकिन यह ऊर्जा हर किसी के लिए एक जैसा असर नहीं करती। कुछ जानकारों के अनुसार, अगर मंदिर की छाया दिन में लंबे समय तक घर पर पड़ती है, तो यह घर की ऊर्जा को प्रभावित कर सकती है। खासकर अगर वह छाया सुबह सुबह या दोपहर तक बनी रहती है, तो इसे शुभ नहीं माना जाता।

**कब होता है बुरा असर?**

सुबह के समय जब सूरज की किरणें सीधी मंदिर पर पड़ती हैं और वही छाया घर तक आती है, तो कुछ मान्यताओं के मुताबिक, यह घर के लोगों को अच्छे फल नहीं देती। इससे घर की शांति टूट सकती है, तनाव बढ़ सकता है और सुख समृद्धि में कमी आ सकती है। इसे 'छाया वेध' कहा जाता है। यह खासकर तब होता है जब मंदिर बहुत पास हो और उसकी छाया रोज घर तक पहुंचे।


**क्या मंदिर की छाया कभी फायदेमंद भी हो सकती है?**

कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर मंदिर घर से थोड़ी दूरी पर हो और छाया बहुत थोड़ी देर के लिए ही पड़े, तो उसका नकारात्मक असर नहीं होता। खासकर जब घर मंदिर से दो गुनी दूरी पर हो, तो इसका असर बहुत कम हो जाता है। साथ ही अगर घर वास्तु के हिसाब से ठीक से बना हो, तो मंदिर के पास रहना आध्यात्मिक तौर पर अच्छा भी माना जाता है।

# जब नीम करौली बाबा को कोच से उतारने पर हुआ चमत्कार

**ट्रेन वाली चमत्कारी घटना**

यह बात बाबा के युवावस्था की है, जब वे लगभग 28-30 वर्ष के रहे होंगे। एक दिन वे ट्रेन के फर्स्ट क्लास डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। एक टिकट चेकर को यह बात पसंद नहीं आई कि एक साधु फर्स्ट क्लास में बैठे हैं। उसने गुस्से में आकर ट्रेन की इमरजेंसी ब्रेक खींच दी और बाबा को ट्रेन से उतरवा दिया। ट्रेन जहां रुकी थी, वह जगह बाबा का ही गांव था नीम करौली। बाबा चुपचाप पास के एक पेड़ के नीचे बैठ गए। इधर ट्रेन का ड्राइवर और गार्ड ट्रेन को दोबारा चलाने की कोशिश करने लगे, लेकिन ट्रेन एक इंच तक नहीं हिली।



**ट्रेन चालू क्यों नहीं हुई?**

रेलवे के इंजीनियर और अधिकारी ट्रेन में तकनीकी खराबी ढूंढते रहे, लेकिन कुछ भी गलत नहीं मिला। ट्रेन चलाने की हर कोशिश नाकाम रही। वहीं के एक स्थानीय अधिकारी ने रेलवे वालों से कहा कि अगर महाराज जी को दोबारा ट्रेन में बैठा दिया जाए, तो ट्रेन चल सकती है। कई घंटों की नाकाम कोशिशों के बाद वे बाबा के पास पहुंचे।

बाबा की दो शर्तें और समाधान

रेलवे अधिकारियों ने माफी मांगी और बाबा से दोबारा ट्रेन में बैठने की प्रार्थना की। बाबा मुस्कराए और कहा, "मैं ट्रेन में चढ़ूंगा, लेकिन मेरी दो शर्तें हैं"। पहला नीम करौली गांव में एक रेलवे स्टेशन बनाया जाए, ताकि गांव वालों को दूर नहीं जाना पड़े। आगे से किसी भी साधु-संत के साथ ऐसा अपमानजनक व्यवहार न हो। अधिकारियों ने शर्तें मान लीं, इसके बाद बाबा के चढ़ते ही ट्रेन चल पड़ी।

**बनाया गया रेलवे स्टेशन**

बाबा की शर्त के अनुसार, नीब करौली गांव में स्टेशन बना दिया गया और साधुओं के प्रति रेलवे अधिकारियों का व्यवहार बदल गया। यह घटना सिर्फ एक चमत्कार नहीं थी, बल्कि एक ऐसा पल था जिसने सैकड़ों लोगों की सोच को बदल दिया।

# शनिदेव की टेढ़ी नजर आपके ऊपर होने पर दिखते हैं ये संकेत

शनि देव, जो न्याय के देवता माने जाते हैं, हर व्यकित को उनके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। नवग्रहों में शनि को सबसे कठोर और उग्र ग्रह माना गया है। हिंदू धर्म में शनिवार का दिन शनि देव को समर्पित होता है। शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या का नाम सुनते ही अच्छे-अच्छे लोग घबरा जाते हैं। लेकिन जिस प्रकार शनि पापियों को दंडित करते हैं, उसी प्रकार ईमानदार, परिश्रमी और धर्मनिष्ठ लोगों को धन, पद और सम्मान भी प्रदान करते हैं।



**मार्ग से भटकना**

जब व्यक्ति जीवन के सही मार्ग से भटकने लगता है, निर्णय लेने में भ्रमित हो जाता है और उसे अच्छे-बुरे की पहचान नहीं रहती तो यह शनि की नाराजगी का संकेत हो सकता है।

**गलत संगति में पड़ जाए**

अगर कोई व्यक्ति गलत संगति में पड़ जाए, नशे आदि की लत लग जाए या पवित्र कार्यों से विमुख हो जाए तो यह पाप कर्मों का फल है और शनि की नाराजगी का सूचक है।

**लगातार समस्याएं आती हैं**

अगर एक समस्या खत्म नहीं होती और दूसरी शुरू हो जाती है तो यह संकेत हो सकता है कि शनिदेव आपसे नाराज हैं।

पीपल का बार-बार उगना

अगर आपके घर के पास या घर के अंदर पीपल का पेड़ बार-बार उग आता है, तो यह संकेत हो सकता है कि शनिदेव आपसे नाराज़ हैं।

**कार्यक्षेत्र में परेशानी**

अगर कार्यस्थल पर लगातार मुश्किलें आ रही हैं, तो यह भी शनिदेव की नाराजगी और परीक्षा का संकेत हो सकता है। ऐसे समय में धैर्य रखें और अच्छे कर्म करें।

**जाले बार-बार लगना**

अगर बार-बार सफाई करने के बावजूद घर में जाले लग जाते हैं, तो यह भी शनिदेव की नाराजगी का संकेत हो सकता है।

दीवारों में बार-बार दरारें आना

अगर घर की दीवारें बार-बार टूटती या फटती हैं, तो यह शनिदेव के अप्रसन्न होने का संकेत हो सकता है।

**उपाय**

शनिवार के दिन शनि मंदिर जाएं, शनि देव पर तिल का तेल चढ़ाएं और भूखे व गरीबों को भोजन या दान दें। अगर आपके यहां मकान बनने का कार्य चल रहा है तो मजदूरों को उनकी मजदूरी समय पर दें। शनिवार के दिन पैदल खूब चलें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और उनके दोष से मुक्ति मिलती है।

# 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी के अलावा जानकी बोदीवाला निभाएगी पुलिस का किरदार



जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड में 'शैतान' फिल्म से डेब्यू किया

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने पुलिस का दमदार किरदार निभाया था। ये फिल्म काफी कामयाब रही थी। फिल्म की कामयाबी के बाद रानी मुखर्जी 'मर्दानी 2' में नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही। अब फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं।

**शुरू हो चुकी मर्दानी 3 की शूटिंग**

साल 2024 में खबर आई कि फिल्म निर्माता 'मर्दानी 3' पर काम कर रहे हैं। एक खबर के मुताबिक फिल्म 'मर्दानी 3' की शूटिंग इसी साल के शुरुआत में शुरू हो चुकी है। फिल्म अगले साल 2026 में होली के मौके पर रिलीज होगी।

**जानकी बोदीवाला होंगी फिल्म का हिस्सा**

वेबसाइट के मुताबिक अभिनेत्री जानकी बोदीवाला भी फिल्म 'मर्दानी 3' में अहम किरदार अदा करेंगी। जानकी बोड़ीवाला ने फिल्म 'शैतान' में अच्छा रोल निभाया था। इससे रानी मुखर्जी और आदित्य चोपड़ा प्रभावित हुए हैं, इसलिए उन्होंने जानकी बोदीवाला को फिल्म में अहम किरदार दिया है। वह फिल्म में एक पुलिस का किरदार निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है।

**जरूरी मुद्दे पर होगी फिल्म**

खबर है कि 'मर्दानी 3' दोनों फिल्मों से जबरदस्त होगी। पहले की फिल्में सामाजिक मुद्दों पर आधारित थीं। उसी तरह यह फिल्म भी जरूरी सामाजिक मुद्दों पर होगी।

**जानकी बोदीवाला का बॉलीवुड में दमदार किरदार**

जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड में 'शैतान' फिल्म से डेब्यू किया था। इससे पहले वह गुजराती फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। अब वह बॉलीवुड में 'मर्दानी 3' में अहम रोल अदा करने वाली हैं।

'मर्दानी 3' यशराज फिल्म्स के बैनर तले रिलीज होने वाली है। इस बैनर तले चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। 'सैयारा' 18 जुलाई, 'वार 2' दो अगस्त, 'अल्फा' 25 दिसंबर और 'मर्दानी 3' 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली हैं।



रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 2' बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही

## रितेश देशमुख की फिल्म की शूटिंग कर रहे डांसर की नदी में डूबने से मौत

अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। यह घटना मंगलवार शाम को सतारा जिले के संगम महुली गांव में हुई। यह गांव कृष्णा और वेण्णा नदियों के संगम पर बसा है और मुंबई से करीब 250 किलोमीटर दूर है।

**खोज और बचाव अभियान**

राजा शिवाजी फिल्म के एक गाने की शूटिंग चल रही थी, जिसमें रंगों का इस्तेमाल हुआ था। गाना पूरा होने के बाद सौरभ शर्मा अपने हाथ धोने के लिए कृष्णा नदी के किनारे गए। हाथ धोने के बाद वे नहाने के लिए नदी में गहरे पानी में चले गए, लेकिन तेज बहाव के कारण वे पानी में बह गए। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना दी गई। इसके बाद आपदा राहत और बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर खोज शुरू की।

**आज बरामद हुआ शव**

स्थानीय निजी संगठनों ने भी इस काम में मदद की। मंगलवार रात अंधेरा होने की वजह से खोज अभियान रोकना पड़ा। बुधवार सुबह फिर से खोज शुरू हुई, जो पूरे दिन चली, लेकिन सौरभ का कोई पता नहीं चला। आखिरकार, गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे पुलिस और बचाव टीम ने सौरभ का शव नदी से बरामद किया। सतारा पुलिस ने इस घटना को दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सौरभ की मौत से फिल्म की पूरी टीम सदमे में है।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग डेट पर दिखीं अनन्या पांडे, कौन है वॉकर ब्लैंको?





हाल ही में अनन्या पांडे को रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको को साथ देखा गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें दोनों को एक ही रेस्तरां से अलग-अलग बाहर आते देखा गया। वॉकर ब्लैंको बॉलीवुड से कोई कनेक्शन नहीं रखते हैं। फिर वह कैसे मिले अनन्या से? कौन हैं वॉकर ब्लैंको और क्या करते हैं, जानिए।

**मॉडलिंग से किया करियर शुरू**

वॉकर ब्लैंको भारत में ही पले-बढ़े हैं। वह मॉडलिंग भी करते हैं। मॉडलिंग के शौक के अलावा वॉकर एक एनिमल लवर भी हैं। अपने इस शौक को उन्होंने आगे चलकर अपना प्रोफेशन बना लिया। इन दिनों वह जामनगर, गुजरात में अंबानी परिवार के वंतारा से जुड़े हुए हैं। वंतारा में बड़ी संख्या में अलग-अलग तरह के जानवरों को रखा जाता है, उनकी अच्छी देखभाल की जाती है।

**अंबानी परिवार की शादी में साथ दिखे**

अनंत अंबानी की शादी में ही अनन्या पांडे और वॉकर ब्लैंको साथ नजर आए। शादी के फंक्शन से अनन्या और वॉकर ब्लैंको की कई तस्वीरें, वीडियो वायरल हुए। समय-समय पर वॉकर भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अनन्या की तस्वीरें लगाते रहते हैं। हाल ही में 'केसरी 2' के ट्रेलर को भी वॉकर ने साझा किया था। इस फिल्म में अनन्या पांडे ने एक वकील का रोल किया है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार पर आधारित है।

**वॉकर से पहले इस एक्टर को किया डेट**

अनन्या पांडे का नाम पहली बार किसी के साथ नहीं जुड़ा रहा है। रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको से पहले वह आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही थीं। दोनों ने कभी खुलकर अपने रिश्ते को स्वीकार तो नहीं किया लेकिन साथ में वैकेशन मनाते, पार्टी करते जरूर दिखे। आगे चलकर इनकी राहें जुदा हो गईं।

# पहलगाम हमले के बाद फिल्म जगत के इस फैसले का माधवन ने किया समर्थन



अभिनेता आर माधवन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद फिल्म संबंधी कार्यक्रमों को रद्द करने के फिल्म फेटरनिटी के फैसले का समर्थन किया है। यह फैसला आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व एकजुटता के प्रतीक के रूप में लिया गया है।

**माधवन ने साझा की स्टोरी**

आर माधवन ने इसको लेकर अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। माधवन ने अपनी स्टोरी पर एक पोस्ट को री-शेयर करते हुए एक हाथ जोड़े वाला इमोजी शेयर किया है। मुंबई के एक फोटोग्राफर द्वारा शेयर की गई यह पोस्ट हमले के बाद बॉलीवुड में होने वाले प्रभाव के बारे में थी, जिसमें फिल्म से संबंधित कार्यक्रम आयोजित न करने का इंडस्ट्री का फैसला भी शामिल था।

जिस पोस्ट को माधवन ने साझा किया है, उस पोस्ट में लिखा था, "मौजूदा स्थिति को देखते हुए फिल्म के टीजर, ट्रेलर और लॉन्च इवेंट रद्द कर दिए गए हैं। इसके अलावा कई ब्रांड लॉन्च के साथ-साथ एक प्रमुख पुरस्कार समारोह भी रद्द कर दिया गया है। अन्य सभी उद्योगों की तरह हमारा फिल्म उद्योग भी इस कठिन समय के दौरान दुख, शोक और एकजुटता को साझा करता है।" आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस पोस्ट को साझा करके निर्णय के प्रति अपना समर्थन दिखाया।

**माधवन ने पहलगाम हमले पर जताया था दुख**


इससे पहले अभिनेता आर माधवन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भी शोक व्यक्त किया था। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर इस क्रूर हमले की निंदा करते हुए एक नोट शेयर किया था। इसमें उन्होंने लिखा था, "भयभीत, निराश, स्तब्ध, गहरा सदमा और दुख, दिल दहला देने वाला पहलगाम हमला। गुस्सा, क्रोध, बदला और प्रतिशोध। नाश, विनाश, एक उदाहरण स्थापित करो, कायर अपराधी।"

# बॉलीवुड में एक ही नाम से दो बार बनीं ये फिल्में लिस्ट में जुड़ा 'ज्वेल थीफ' का भी नाम




बॉलीवुड का जादू उसकी कहानियों में बसता है। कभी-कभी ये कहानियां एक ही नाम के साथ अलग-अलग दौर में अलग रंग बिखेरती हैं। इसका ताजा उदाहरण 'ज्वेल थीफ' है। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे। यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। वहीं, हालिया फिल्म में सैफ अली खान हैं। इस फिल्म के अलावा और भी बहुत सी फिल्में हैं जो अलग समय में एक ही नाम से बनी हैं।

## दोस्ताना





'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने दो दोस्तों की भूमिका निभाई थी। फिल्म का गाना 'बने चाहे दुश्मन ज़माना हमारा' और अमिताभ की दमदार अदाकारी ने इसे सुपरहिट बनाया। दूसरी ओर, 2008 की 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसे तरुण मनसुखानी ने निर्देशित किया था। अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम इस फिल्म में मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में दोनों को एक अपार्टमेंट पाने के लिए समलैंगिक जोड़े का नाटक करते हुए दिखाया गया था।

## एजेंट विनोद

'एजेंट विनोद' नाम जासूसी थ्रिलर की फिल्म थी जो साल 1977 में रिलीज हुई थी। दीपक बहरी के निर्देशन में बनी 'एजेंट विनोद' में महेंद्र संधू ने एक जासूस की भूमिका निभाई थी। इसके उलट, साल 2012 में श्रीराम राघवन की 'एजेंट विनोद' में सैफ अली खान ने रॉ एजेंट विनोद का किरदार निभाया था, जो एक वैश्विक आतंकी साजिश को रोकता है। करीना कपूर, विदेशी लोकेशन्स और शानदार संगीत के बावजूद यह फिल्म फ्लॉप रही थी।




## इंतकाम




'इंतकाम' की कहानी बदले की भावना के इर्द-गिर्द बुनी गई थी। साल 1969 में आर के नय्यर की 'इंतकाम' एक सस्पेंस थ्रिलर थी, जिसमें साधना और संजय खान जैसे सितारे नजर आए थे। साधना का शानदार अभिनय और सस्पेंस ने इसे हिट बनाया। दूसरी ओर, 1988 में राजकुमार कोहली की 'इंतकाम' एक एक्शन फिल्म थी, जिसमें सनी देओल नजर आए थे। 80 के दशक की जोरदार शैली और सनी के डायलॉग्स ने इसे फैंस में लोकप्रिय बनाया, लेकिन यह फिल्म औसत रही।

## इत्तेफाक

साल 1969 में आई यश चोपड़ा की 'इत्तेफाक' एक सस्पेंस थ्रिलर थी, जिसमें राजेश खन्ना ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया था जो एक हत्या के मामले में फंस जाता है। यह फिल्म अपने ट्विस्ट और सधे हुए कथानक की वजह से अपने समय में हिट रही। दूसरी ओर, साल 2017 में अभय चोपड़ा की 'इत्तेफाक' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और सोनाक्षी सिन्हा थे। यह एक मर्डर मिस्ट्री थी, जिसमें दो अजनबी एक डबल मर्डर केस में उलझते हैं। आधुनिक प्रस्तुति और ट्विस्ट ने इसे सराहना दिलाई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास सफल नहीं रही।

ज्वेल थीफ की बात करें तो फिल्म में सैफ अली खान के साथ निकिता दत्ता और जयदीप अहलावत मुख्य भूमिका में हैं। वहीं फिल्म में कुणाल कपूर भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फिल्म को सिनेमाघरों की जगह सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा।

# पहलगाम हमले के बाद फवाद को लेकर बदले दीया मिर्जा के सुर, समर्थन वाले अपने बयान पर दी सफाई

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान लगातार लोगों के निशाने पर बने हुए हैं। वहीं उनकी बॉलीवुड में कमबैक फिल्म 'अबीर गुलाल' भी मुश्किलों में पड़ती दिख रही है। यही नहीं फवाद खान का सपोर्ट करने वालों और उनके समर्थन में बोलने वालों को भी सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीया मिर्जा का भी एक बयान काफी सुर्खियों में बना हुआ है, जिसमें उन्होंने फवाद खान के बॉलीवुड में कमबैक पर खुशी जताई थी। लेकिन अब ट्रोलिंग के बाद ऐसा लगता है कि दीया मिर्जा के सुर बदल गए हैं। दीया ने फवाद का समर्थन करने को लेकर उन्हें ट्रोल किए जाने पर अपने बयान को लेकर सफाई दी है। साथ ही मीडिया और लोगों से एक अपील भी की है।

हाल ही में अभिनेत्री दीया मिर्जा ने एक इंटरव्यू के दौरान फवाद खान के बॉलीवुड में कमबैक का समर्थन किया था। पहलगाम हमले के बाद दीया का बयान भी लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इस पर अब दीया मिर्जा ने अपने बयान को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक नोट साझा किया है।



इस नोट में दीया ने लिखा है, "मीडिया के सदस्यों से अनुरोध है कि तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना बंद करें। मैंने 10 अप्रैल को अपनी एक फिल्म के लिए एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें मैंने एक बयान दिया था, जो इस भयानक आतंकी हमले से काफी पहले का है। मेरे बयान को अभी प्रसारित करना बंद करें, जो हफ्तों बाद और संदर्भ से बाहर है। यह अनैतिक और बेहद अपमानजनक है।"

**दीया ने फवाद की वापसी पर जताई थी खुशी**

दरअसल, दीया मिर्जा ने हाल ही में अपनी एक फिल्म के प्रमोशन के दौरान दिए एक इंटरव्यू में फवाद की वापसी का समर्थन किया था।

उन्होंने कहा था, "कला और नफरत को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। यह एक राजनीतिक सवाल है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कला हमेशा शांति और सद्भाव का माध्यम रही है और होनी भी चाहिए।

हमें कभी भी कला और खेल को नफरत के साथ उलझने या मिश्रित होने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि फवाद फिल्म में वापस आ गए हैं। आप जानते हैं कि हम जल्द ही इसे देखेंगे। मुझे उम्मीद है कि इससे अन्य सहयोगों के लिए ऐसे कई और अवसर मिलेंगे।

## ड्रग्स माफिया नवीन चिचकर के पिता ने गोली मारकर की आत्महत्या

### सुसाइड नोट में क्या लिखा?

मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई का रहने वाला बिल्डर और ड्रग्स सिंडिकेट का मुखिया नवीन चिचकर के पिता गुरु चिचकर ने आज (शुक्रवार, 25 अप्रैल) अपने घर में आत्महत्या कर ली। नवीन चिचकर एनसीबी के कई मामलों में वांटेड है। नवी मुंबई पुलिस सूत्रों की मानें तो गुरु चिचकर ने अपनी बंदूक से अपने आप को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि आत्महत्या करने से पहले गुरु चिचकर ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जो पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि चिचकर ने सुसाइड नोट में एनसीबी और एएनसी (एंटी नार्कोटिक्स सेल) की जांच से जुड़ी बातों का जिक्र किया है। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि जिस बंदूक का इस्तेमाल कर गुरु चिचकर ने आत्महत्या की, वह बंदूक अवैध है। उसका लाइसेंस उसके पास नहीं था। कुछ दिनों पहले नवी मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने भी गुरु चिचकर के दूसरे बेटे धीरज चिचकर के खिलाफ मामला दर्ज किया था और यह मामला भी ड्रग्स से जुड़ा हुआ था। धीरज फिलहाल देश में नहीं है और उसके खिलाफ भी लुक आउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया नवी मुंबई पुलिस ने शुरू की है।

**नवीन चिचकर विदेश से चलाता है काला कारोबार**

एनसीबी सूत्रों के अनुसार नवीन चिचकर देश के बाहर बैठ कर अपने ड्रग्स का कारोबार चलाता है। नवी मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह गुरु चिचकर ने करीब 6:30 बजे अपने घर में आत्महत्या कर ली। गुरु चिचकर ने अपने सर पर गोली मारी। नवी मुंबई पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। नवीन चिचकर के खिलाफ एनसीबी ने आरसीएन (लुक आउट नोटिस) भी जारी किया है।

## मुसलमानों में तलाक लेने पर हाई कोर्ट ने साफ कर दी स्थिति, बताया कैसे डिवोर्स पर रोक नहीं है




मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मुस्लिम महिला द्वारा अपने पति एवं सास-ससुर के खिलाफ दायर मुकदमा खारिज करते हुए कहा है कि केवल 'तलाक-ए-बिद्दत' (तत्काल तीन बार तलाक-तलाक बोलना) निषिद्ध किया गया है, न कि तलाक देने के पारंपरिक तरीके 'तलाक-ए-अहसन' को। तलाक-ए-अहसन के तहत एक बार तलाक कहा जाता है, जिसके बाद महिला को इद्दत या तीन महीने की प्रतीक्षा अवधि से गुजरना पड़ता है। हाई कोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने बुधवार को कहा कि मुस्लिम महिला (निकाह से संबंधित अधिकार का संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा के दायरे में तलाक के वे रूप शामिल हैं जिनका तात्कालिक प्रभाव होता है या जो अपरिवर्तनीय तलाक होते हैं। न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और संजय देशमुख की खंडपीठ ने जलगांव में एक महिला द्वारा अपने पति एवं सास-ससुर के खिलाफ संबंधित अधिनियम की धारा-चार के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया।

**तीन तलाक देने पर 3 साल की सजा**

इस धारा के अनुसार, कोई भी मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को तत्काल तीन तलाक देता है उसे तीन साल तक की कैद की सजा हो सकती है। तलाक की इस प्रक्रिया को तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, ''अधिनियम के तहत, तलाक की परिभाषा में जो वर्णित किया गया है वह तात्कालिक और अपरिवर्तनीय है। तलाक का अर्थ है तलाक-ए-बिद्दत या तलाक का कोई अन्य रूप, जिसका तात्कालिक या अपरिवर्तनीय प्रभाव हो। तलाक के अन्य सभी रूपों पर प्रतिबंध या रोक नहीं है।' अदालत ने कहा कि इस मामले में व्यक्ति ने अपनी पत्नी को तलाक-ए-अहसन दिया था, जो तलाक की घोषणा है। इसने कहा, ''अंतिम तलाकनामा घोषणा के तीन महीने बाद दिया गया था। तलाक-ए-अहसन का कानूनी प्रभाव केवल 90 दिनों के बाद लागू हुआ, जिसके दौरान दंपति ने सहवास फिर से शुरू नहीं किया था।'' अदालत ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत तीन तलाक प्रतिबंधित है, न कि तलाक-ए-अहसन, ऐसी स्थिति में यदि व्यक्ति और उसके माता-पिता को मुकदमे का सामना करने के लिए कहा जाता है तो यह कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

**2021 में शादी, 2023 में हो गए अलग**

दंपति ने 2021 में शादी की थी। वे 2023 में अलग हो गए, और व्यक्ति ने गवाहों की मौजूदगी में दिसंबर 2023 में 'तलाक-ए-अहसन' प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। व्यक्ति ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत, तलाक का यह तरीका दंडनीय नहीं है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत उत्पीड़न के अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है। अदालत ने कहा कि चूंकि प्राथमिकी तलाक के मुद्दे से संबंधित है, इसलिए यह केवल पति के खिलाफ है और ससुराल वालों को इसमें शामिल नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा, ''अगर उन लोगों के खिलाफ मामला जारी रखा जाता है तो यह कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।''

## हिंदू धर्म अपनाएंगे 'इरफान'

### कलेक्टर से मांगी अनुमति; कैसे कर सकते हैं धर्म परिवर्तन

भोपाल, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जहांगीराबाद के रहने वाले मुस्लिम युवक इरफान खान ने हिंदू धर्म अपनाने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने इस संबंध में भोपाल कलेक्टर के ऑफिस में अर्जी लगाई है। वहीं उन्हें हिंदू धर्म दीक्षा दिलाने के लिए धर्माचार्य प्रमोद वर्मा शास्त्री और भागीरथ शास्त्री ने भी कलेक्टर ऑफिस में अर्जी लगाकर अनुमति मांगी है। 60 दिन के अंदर कलेक्टर इनकी अर्जियों पर विचार कर अनुमति देंगे। इसके बाद वैधानिक रूप से धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा। 27 वर्षीय इरफान खान ने अपनी अर्जी में बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वह बहुत दिन से इस्लाम छोड़ कर सनातन धर्म अपनाने की सोच रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने धर्माचार्यों से संपर्क किया था। वहां से प्रक्रिया की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में अर्जी लगाई है। उन्होंने बताया कि वह स्वेच्छा से और बिना किसी दबाव के धर्म परिवर्तन करना चाहते हैं। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द उन्हें धर्म परिवर्तन की अनुमति दें, जिससे कि वह अपने पूर्वजों की तरह ही अपने देवी देवताओं की पूजा पाठ कर सकें। इरफान के आग्रह पर ही धर्माचार्य प्रमोद वर्मा शास्त्री और भागीरथ शास्त्री ने भी कलेक्टर कार्यालय में अर्जी लगाई है। इसमें इन्होंने भी बताया कि इरफान स्वेच्छा से हिंदू धर्म अपनाना चाहते हैं। इसलिए उन्हें दीक्षा देने में कोई हर्ज नहीं है। अब कलेक्टर इन अर्जियों पर विचार कर 60 दिन के अंदर अनुमति देंगे। इसके बाद आगे की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। मध्य प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2021 के तहत कन्वर्जन सेरेमनी के लिए एक नियम बनाया गया है। इस नियम के तहत जिस किसी को भी धर्म परिवर्तन करना हो, उसे 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को लिखित तौर पर सूचित करना होता है। इस कानून की धारा 10- 01 में धर्म परिवर्तन करने वाले को घोषणा पत्र देना होता है, वहीं धारा 10-02 के तहत धर्म परिवर्तन कराने वाले धर्माचार्यों को इस संबंध में घोषणा पत्र देना होता है।

## भोपाल में अजमेर जैसा सेक्स स्कैंडल

### प्रेमजाल में फंसा पर बनाया वीडियो, धमकी देकर किया ब्लैकमेल; तीन थानों में एफआईआर

भोपाल, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में छात्राओं को प्रेमजाल में फंसा कर दुष्कर्म करने उनके वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने वाले रैकेट का खुलासा हुआ है। इस संबंध में तीन थानों में मुकदमे दर्ज होने के बाद भोपाल पुलिस की एसआईटी ने दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। पुलिस अब इन आरोपियों के साथियों की तलाश में जुटी है। इस वारदात के ख्लासे से राजधानी में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला भोपाल के टीआईटी कॉलेज का है। पुलिस के मुताबिक इसी कॉलेज में पढ़ने वाले एक छात्र ने पहले एक छात्रा को अपने प्रेम जाल में फंसाकर रेप किया और इस घटना का वीडियो बनाया था। कुछ दिन बाद इस छात्र इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता की सहेलियों को बुलवाया और उनके साथ भी रेप किया। इसी प्रकार आरोपी और उसके साथियों ने कई लड़कियों के साथ अलग अलग स्थानों पर वारदात को अंजाम दिया और इन सभी का वीडियो भी बनाया। आरोपी यही वीडियो सोशल मीडिया में डालने की धमकी देकर लड़कियों को डराते थे और उन्हें मजबूर करते थे कि वह अपनी सखी सहेलियों को लेकर आएं। हालांकि पहली बार 18 अप्रैल को एक लड़की ने आरोपियों के प्रभाव में आए बिना पुलिस में शिकायत दे दी। इसके बाद पुलिस को तीन और लड़कियों ने अलग अलग थानों में शिकायत दी। आरोप लगाया कि बॉलीवुड की फिल्म "द केरला स्टोरी" की तर्ज पर धार्मिक प्रताड़ना के साथ इस वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। लड़कियों ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उनसे हजारों रुपये भी ऐंठ लिए हैं। पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्र ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया और इस एसआईटी ने अब दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों की पहचान फरहान खान और उसके साथी मोहम्मद साद के रूप में हुई है। फरहान जहांगीराबाद का निवासी है और टीआईटी कॉलेज में ही पढ़ाई करता है। जबकि साद अशोका गार्डन क्षेत्र में रहता है और प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस अन्य आरोपियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन से कई लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे वीडियो भी मिले हैं, जिसमें आरोपी हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिपपणी कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बैतूल की रहने वाली दो सगी बहनों को भी शिकार बनाया है। बता दें कि साल 1992 में राजस्थान के अजमेर में एक दुष्कर्म कांड का खुलासा हुआ था। यहां मुस्लिम युवकों फारूक और नफीस चिश्ती के गिरोह ने एक प्रतिष्ठित कॉलेज की छात्राओं को फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद आरोपियों ने लंबे समय तक उन्हें ब्लैकमेल भी किया था।

## 'बेटे की वापसी का बेसब्री से इंतजार', गलती से पाकिस्तान पहुंचे बीएसएफ जवान के पिता बोले

कोलकाता, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बीएसएफ जवान पीके साहू को अनजाने में पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। अब उनके पिता ने शुक्रवार को कहा कि परिवार उनके लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हिरासत में लिए गए जवान के पिता भोलानाथ साहू ने कहा कि उनके बेटे की बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने गुरुवार रात उन्हें फोन करके बताया कि उनके बेटे की सुरक्षित रिहाई के लिए बीएसएफ और पाक रेंजर्स के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हो रही है। साहू ने कहा, 'मेरा बेटा देश की सेवा कर रहा है और मुझे यकीन है कि उसकी सुरक्षित रिहाई के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।' साहू ने कहा, 'मुझे अभी तक अपने बेटे के ठिकाने के बारे में कोई और जानकारी नहीं मिली है।' उन्होंने बताया कि उनका बेटा होली के लिए घर आया था और करीब तीन सप्ताह पहले काम पर वापस चला गया था।

## किराड़ी में विकास पर आप और बीजेपी में टकराव वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी को दी चुनौती, सबूत दें




नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने हाल ही में किराड़ी विधानसभा में जाकर वहां विकास कार्यों का दावा किया, लेकिन दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनका दावा न सिर्फ झूठा है, बल्कि शर्मनाक भी है। सचदेवा ने आतिशी पर तीखा हमला बोला और किराड़ी की बदहाली का जिक्र करते हुए आप की 10 साल की सरकार को कटघरे में खड़ा किया। आतिशी ने किराड़ी में जाकर कहा था कि उनकी पार्टी ने वहां विकास के ढेर सारे काम किए हैं। लेकिन, वीरेंद्र सचदेवा ने इसे हवा-हवाई बात करार दिया। सचदेवा का कहना है कि किराड़ी में पिछले 10 सालों से हालात ऐसे हैं कि बरसात हो या न हो, सड़कों पर 9 महीने तालाब बने रहते हैं। न अच्छा स्कूल है, न कॉलेज और न ही कोई ढंग का अस्पताल। ये है आप की विकास की सच्चाई। उनका आरोप है कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने किराड़ी को पूरी तरह नजरअंदाज किया है, जो दिल्ली की सबसे बड़ी विधानसभाओं में से एक है। सचदेवा ने ये भी कहा कि किराड़ी में आप की जीत विकास की वजह से नहीं, बल्कि जाति और धर्म के प्रभावों की वजह से हुई है। उनका तर्क है कि ओखला, बल्लीमारान और सीलमपुर जैसी सीटों की तरह किराड़ी में भी आप ने वोट बैंक की राजनीति की, न कि वहां के लोगों की भलाई के लिए कुछ किया। उन्होंने आतिशी से सीधा सवाल पूछा, अगर आपके 10 साल के विधायक रितुराज गोविंद ने इतना विकास करवाया था, तो फिर आप को उन्हें टिकट से हटाना क्यों पड़ा? इसका जवाब दीजिए!

**क्या है किराड़ी की असल हालत?**

अगर किराड़ी की बात करें, तो ये इलाका सचमुच कई समस्याओं से जूझ रहा है। वहां की सड़कें अक्सर जलभराव से परेशान रहती हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूल और अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी भी लंबे वक्त से एक बड़ा मुद्दा बनी हुई है। स्थानीय लोगो के मुताबिक, किराड़ी की आम जनता अक्सर इन समस्याओं को लेकर शिकायत करते रहे हैं। ऐसे में आतिशी का विकास का दावा वहां के लोगों को हजम नहीं हो रहा। वहीं, आप का कहना है कि उन्होंने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव किए हैं, लेकिन किराड़ी जैसे खास इलाकों में हालात अभी भी सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।

**सचदेवा ने आतिशी को दी सीधी चुनौती**

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने आतिशी को चुनौती दी है कि वो अपने दावों का सबूत दें। उनका कहना है कि किराड़ी की जनता सब देख रही है और उसे सच पता है। दूसरी तरफ, आतिशी और आप ने अभी इस हमले का कोई सीधा जवाब नहीं दिया है, लेकिन पार्टी पहले भी कहती रही है कि बीजेपी सिर्फ आलोचना करती है, काम नहीं। अब सवाल ये है कि क्या आतिशी सचदेवा के सवालों का जवाब देंगी या ये मामला सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रह जाएगा?

## पहलगाम आतंकी हमले पर अबू आजमी बोले, 'गोली मार दो, मुसलमान ने हमले के बाद किस तरह हिंदू भाइयों को संभाला'

मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ देश में उबाल है। हर कोई हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। इस बीच महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा है कि घटना में शामिल लोगों को गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर कहा कि उन्होंने सही कहा है। देश आतंकियों के खिलाफ एकजुट है। सपा विधायक अबू आजमी ने कहा, "देश का हर व्यक्ति चाहता है कि जो आतंकवादी हैं उन्हें नेस्तेनाबूत कर दो। उनके जो सरदार हैं, उन्हें फांसी पर चढ़ा दो, गोली मार दो।" उन्होंने कहा, "जो देश में सुकून को खत्म करना चाहते हैं। विकास को रोकना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कश्मीर के मुसलमानों ने हमले के बाद किस तरह हिंदू भाईयों को संभाला, मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। ये लोग मुसलमान हैं। जो आतंकवादी मुसलमान के नाम पर आते हैं, वो मुसलमान के नाम पर कलंक हैं।" अबू आजमी ने शिवसेना (यूबीटी) के सर्वदलीय बैठक में नहीं शामिल होने को लेकर कहा, "उद्धव ठाकरे की पार्टी क्यों नहीं गई, ये नहीं पता है, लेकिन ऐसे मुद्दे पर सबको एकसाथ रहना चाहिए। राजनीति नहीं करनी चाहिए। देश बड़ा है।" जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी।

## ओडिशा में डॉक्टर ने फेफड़े से 8 सेमी लंबा टूटा हुआ चाकू का टुकड़ा निकाला, पिछले 3 साल से अंदर फंसा था



भुवनेश्वर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के बरहमपुर स्थित एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम ने 24 वर्षीय एक व्यक्ति के फेफड़े से चाकू का आठ सेंटीमीटर लंबा टूटा हुआ टुकड़ा निकाला। एमकेसीजी अस्पताल की तरफ से यह जानकारी दी गई है। पिछले तीन वर्षों से टूटे हुए चाकू का टुकड़ा उस व्यक्ति के शरीर में था। एमकेसीजी से मिली जानकारी के मुताबिक कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर शारदा प्रसन्न साहू के नेतृत्व में डॉक्टरों के एक समूह ने थोरैकोटॉमी ऑपरेशन करके जिले के कविसूर्य नगर के संतोष दास के फेफड़े से चाकू के टुकड़े को बाहार निकाला है। डॉ।साहू ने बताया कि स्टील और तेज चाकू की लंबाई लगभग आठ सेमी थी तथा इसकी चौड़ाई और मोटाई क्रमशः 2.5 सेमी और 3 मिमी थी।डाक्टर ने बताया कि मरीज की हालत अच्छी है और उसे अब गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में निगरानी में रखा गया है। चाकू का टुकड़ा उसके शरीर में तब घुसा जब तीन साल पहले बैंगलोर में एक बदमाश ने उस पर चाकू से वार किया था। उस समय वह मजदूरी करता था। चाकू उसके बाएं हिस्से की गर्दन में मारा गया था। बैंगलोर में इलाज के बाद वह ठीक हो गया और करीब दो साल तक उसे कोई शिकायत नहीं हुई।

**बाद में होने लगी तेज सूखी खांसी**

करीब एक साल पहले उसे सूखी खांसी और बुखार हुआ था, जिससे उसे टीबी होने का डर सताने लगा था। डॉक्टर ने बताया कि टीबी का नौ महीने का इलाज भी पूरा हो चुका है।मरीज के खांसी में खून आने पर उसके परिवार के सदस्य उसे लेकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। वह 19 अप्रैल को यहां अस्पताल आया था। डॉ।साहू ने बताया कि एक्स-रे के बाद उसके शरीर में किसी बाहरी वस्तु का पता चला।सीटी स्कैन और ब्रोंकोस्कोपी के बाद उसके दाहिने फेफड़े में इस वस्तु का पता चला। उन्होंने बताया कि सीटीवीएस और एनेस्थीसिया विभाग के आठ डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी और पैरा-मेडिकल स्टाफ के एक समूह ने सर्जरी की और नुकीले धातु के टुकड़े को सफलतापूर्वक निकाला। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत आश्चर्य की बात थी कि नुकीले चाकू के टुकड़े ने शरीर के किसी भी महत्वपूर्ण अंग को नुकसान नहीं पहुंचाया।

## दिल्ली के फार्महाउस में 11 साल की बेटी के सामने महिला से रेप, पड़ोसी ने हाथ-पैर बांधकर मिटाई हवस

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में क्राइम दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग हिस्सों से हत्या, चोरी, लूट और रेप जैसी शर्मनाक घटनाएं सामने आ रही हैं। अब एक घटना बाहरी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके से सामने आई है, जहां पर एक फार्महाउस की देखभाल करने वाली 37 साल की महिला के साथ उसके पड़ोसी ने उसकी बेटी के सामने कथित तौर पर रेप किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी 35 साल के धर्मेंद्र के रूप में हुई है, जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने महिला के साथ रेप करने से पहले दोनों के हाथ-पैर बांध दिए। महिला ने मंगलवार को स्वरूप नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी 11 साल की बेटी के साथ फार्महाउस के बरामदे में सो रही थी, तब उन पर हमला किया गया। बताया जा रहा है कि करीब 10 दिन पहले पति किसी काम से गांव गया था। अधिकारी ने कहा कि 20 अप्रैल को देर रात आरोपी दीवार फांदकर आया और शिकायतकर्ता महिला और उसकी बेटी के हाथ-पैर बांध दिए और धमकी देकर महिला का यौन उत्पीड़न किया। आरोपी ने बच्ची और उसकी मां को बंधक बना दिया। महिला ने बताया कि जब बेटी ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके हाथ-पैर बांध दिए और इसके बाद वारदात को अंजाम दिया। महिला अपने आप को बचाने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी पर जैसे हैवान सवार हो चुका था। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी घर के पड़ोस में ही गैर कानूनी तरीके से गांजे का व्यापार करता है।

## सुप्रीम कोर्ट से पंजाब सरकार को झटका, बिक्रम मजीठिया की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज





नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को पंजाब सरकार को बड़ा झटका लगा। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को ड्रग्स मामले में दी गई जमानत को चुनौती दी गई थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि वह 10 अगस्त, 2022 को हाईकोर्ट से दी गई जमानत के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर विचार नहीं करेगी। पीठ ने मजीठिया और राज्य जांच एजेंसी से मामले की जांच के बारे में मीडिया को कोई बयान नहीं देने को भी कहा। शीर्ष अदालत ने एंटी-ड्रग स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को मजीठिया की जमानत रद्द करने की मांग करने की स्वतंत्रता दी, यदि वह ड्रग्स मामले में गवाहों या मुकदमे को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। पीठ ने एसटीएफ से मामले पर कोई भी सार्वजनिक बयान देने से पहले उसकी पूर्व अनुमति लेने को भी कहा। इससे पहले मजीठिया 10 अगस्त, 2022 को जमानत पर पटियाला जेल से बाहर आए थे। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा था कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि वह दोषी नहीं हैं। 2018 की रिपोर्ट के आधार पर शिअद नेता पर मामला दर्ज किया गया था राज्य में ड्रग रैकेट पर एसटीएफ की 2018 की रिपोर्ट के आधार पर शिअद नेता पर मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ की रिपोर्ट जगजीत सिंह चहल, जगदीश सिंह भोला और मनिंदर सिंह औलख सहित कुछ आरोपियों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय को दिए गए इकबालिया बयानों पर आधारित थी।

## शिवपुरी में आसमान से गिरी खतरनाक रहस्यमयी चीज, दो कमरे हुए तबाह, कार भी क्षतिग्रस्त

शिवपुरी, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां ठाकुर बाबा कॉलोनी में अचानक आसमान से एक बम जैसी भारी धातु की वस्तु गिरने से हड़कंप मच गया। यह घटना मनोज सगर के मकान पर हुई। मकान के दो कमरे, एक बाइक और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस हेलीकॉप्टर या एयरक्राफ्ट से यह वस्तु गिरी, वह इलाके के ऊपर चक्कर लगाता देखा गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हेलीकॉप्टर या जेट किस संस्था का है।

## 'पैसों की बारिश' के नाम पर 3 नाबालिग लड़कियों को नग्न कर पूजा करवाई

### फिर किया रेप; कादिल बाबा समेत 5 गिरफ्तार

नागपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। कहते हैं लालच बुरी बला है, जिसने भी लालच किया है वह लंबा फंसा है। ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है। नागपुर पुलिस ने एक ऐसे बाबा को गिरफ्तार किया है जो नाबालिग लड़कियों को अपना शिकार बनाता था। उसने अब तक न जाने कितनी ही नाबालिग लड़कियों को अपना शिकार बनाया है। अब्दुल कादिल उर्फ कुणाल मदने नाम का ये शख्स कादिल बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। यह लोगों को पैसे की बारि₹ के नाम से ठगता था और इसके लिए नाबालिग लड़कियों की मांग कर फिर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाता था।

**पूजा करने की आड़ में रेप**

इस फर्जी कादिल बाबा को नागपुर पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में गिरफ्तार किया है। कादिल बाबा ने नागपुर के आशीष नाम के शख्स को पैसो की बारिश का लालच दिया और कहा कि इसके लिए 3 नाबालिग लड़कियों की जरूरत होगी जो रात के 12 बजे नग्न होकर पूजा कर सके। इसके लिए आशीष तैयार हो गया और उसने गरीब घर की 3 नाबालिग लड़कियों को तैयार कर लिया। इसके बाद बाबा ने रात 12 बजे पूजा करने की आड़ में 3 नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म किया।

**पुलिस को फोटो और वीडियो मिले**

इस घटना के बाद तीनों लड़कियों ने इसकी शिकायत नागपुर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने फर्जी कादिल बाबा,आशीष और उसकी महिला साथी समेत कुल 5 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इनके पास से कई वीडियो और फोटो भी मिले है जिससे साफ होता है कि कादिल बाबा ने इसके पहले भी कई ऐसी लड़कियों को अपना शिकार बनाया है और उनकी इज्जत लूटी है।



# पीएम मोदी बोले- इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाए

## उत्पादन बढ़ाएं ; नवाचार अपनाएं



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टील उद्योग के प्रतिनिधियों से कहा कि मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करें। उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करने के साथ हमें नई तकनीकी को अपनाने, नवाचार करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयला आयात में कमी लाने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। पीएम ने बृहस्पतिवार को इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इस्पात उभरता हुआ क्षेत्र होने के साथ विकास की रीढ़ है। 2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। 2023-24 में देश की इस्पात उत्पादन क्षमता 17.9 करोड़ थी। प्रधानमंत्री ने संबोधन में यह भी कहा, इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नई खदानों से लौह अयस्क निकालने का प्रयास शुरू करना चाहिए। इन खदानों का उचित और समय पर उपयोग किया जाना महत्वपूर्ण है। ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा।

**इन्फ्रा के विकास से बढ़ेगी इस्पात की मांग**

पीएम ने कहा, देश 1,300 अरब डॉलर की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को भी आगे बढ़ा रहा है। बड़े पैमाने पर स्मार्ट सिटी बनाए जा रहे हैं। सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाहों और पाइपलाइन में विकास की गति इस्पात क्षेत्र के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या इस्पात की मांग को बढ़ाएगी।

**वैश्विक नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा भारत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत न सिर्फ घरेलू वृद्धि के बारे में, बल्कि इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के बारे में भी सोच रहा है। दुनिया भारत को उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में देखती है। देश में बुनियादी ढांचे को बढ़ा रही सरकार अपने अनुबंधों में स्थानीय रूप से विनिर्मित इस्पात के उपयोग पर जोर दे रही है।

**क्षेत्र में रोजगार देने की क्षमता**

मोदी ने कहा, इस्पात क्षेत्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें युवाओं को रोजगार देने की क्षमता है। हमें ऊर्जा दक्षता, कम उत्सर्जन और डिजिटल रूप से उन्नत प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। एआई, ऑटोमेशन का उपयोग उद्योग के भविष्य को परिभाषित करेंगे।

**कच्चा माल पाना क्षेत्र के लिए चिंता**

प्रधानमंत्री ने कहा, कच्चे माल हासिल करना और उसकी सुरक्षा इस्पात क्षेत्र के लिए एक बड़ी चिंता है। हम अब भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। यह निर्भरता कम करने के लिए हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के साथ आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। पीएम ने कहा, देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक व बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है। ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, इस्पात के मामले में आयात को शून्य स्तर पर लाने व शुद्ध निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य होना चाहिए। देश को कोयला गैसीकरण व कोयला आयात को कम करने के लिए अपने भंडार के बेहतर उपयोग जैसे विकल्पों की भी तलाश करनी चाहिए।

# शेयर बाजार में फिर गिरावट; सेंसेक्स 589 अंक गिरा, निफ्टी 24050 के नीचे

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक्सिस बैंक में बिकवाली और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 588.90 अंक या 0.74 प्रतिशत टूटकर 79,212.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,195.62 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 78,605.81 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और यह 207.35 अंक या 0.86 प्रतिशत गिरकर 24,039.35 अंक पर आ गया। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की गिरावट के साथ 85.40 के स्तर पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार मंगलवार को पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से जुड़ी चिंता ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों की धारणा सतर्क हो गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिड और स्मॉलकैप शेयरों को बिकवाली का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऐसा उनके ऊंचे मूल्यांकन और कमाई के मौसम की धीमी शुरुआत के बाद संभावित कमाई में गिरावट को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, इटरनल, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, मारुति, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर सबसे ज्यादा पिछड़े। देश के तीसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता एक्सिस बैंक ने ऋण हानि प्रावधानों में तेज वृद्धि और 2024-25 की अंतिम तिमाही के लिए व्यापार आय में भारी गिरावट की सूचना दी। इसके बाद शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। मार्च तिमाही में बैंक का मुनाफा मामूली रूप से घटकर 7,117 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,130 करोड़ रुपये था। दूसरी ओर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में मजबूती दिखी।

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट:सोना 617 गिरकर 95,669 पर आया, चांदी 97,513 किलो बिक रही

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। आज यानी 25 अप्रैल को सोने और चांदी में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 617 कम होकर 95,669 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,286 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 121 गिरकर 97,513 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,634 प्रति किलो था। वहीं सोने ने 21 अप्रैल को 1 लाख का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्लीः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,340 रुपए है।

मुंबईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,240 रुपए है।

कोलकाताः 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,050 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,240 रुपए है।

चेन्नईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,240 रुपए है।

भोपालः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत



90,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290 रुपए है।

**हैदराबाद** : सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 90,050 रुपये है।

**30 अप्रैल को मनाई जाएगी अक्षय तृतीया**

इस साल 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। इस दिन हमारे देश में सोना खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में लोग इस दिन सोने की खरीदारी करते हैं। कई लोग इस सोच के साथ सोना खरीदते हैं कि बुरे वक्त में वे इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

# आरबीआई ने कैंसिल किया इस बैंक का लाइसेंस कहीं आपका भी तो पैसा नहीं है जमा

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बैंकिंग सेक्टर से एक बुरी खबर आई है. देश के बैंकिंग रेगुलेटर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बैंक का लाइसेंस रद कर दिया है. अब ये बैंक बैंकिंग सुविधाएं नहीं दे पाएगा. जानकारी के अनुसार बैंक के पास ना तो पर्याप्त वॉल्यूम में कैपिटल था ना ही कमाई करने का जरिया. जिसकी वजह से उसके लाइसेंस को कैंसिल किया गया है. अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस बैंक से जुड़े हुए कस्टमर्स का क्या होगा?

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने जालंधर स्थित इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस कैंसिल कर दिया है. आरबीआई ने इसका कारण बताते हुए कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं. पंजाब सरकार के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक लिक्विडेटर नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है. लिक्विडेटर पर, प्रत्येक डिपॉजिटर डिपॉजिट इंश्योरेंस और क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) से 5 लाख रुपये तक की अपनी जमा राशि पर जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा. बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार,आरबीआई ने कहा कि 97.79 फीसदी डिपॉजिटर्स डीआईसीजीसी से अपनी जमा राशि की पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं.

आरबीआई ने कहा कि बैंक का जारी रहना उसके जमाकर्ताओं के हितों के लिए हानिकारक है.आरबीआई ने कहा कि अपनी मौजूदा वित्तीय स्थिति के कारण बैंक अपने डिपॉजिटर्स को पूरा भुगतान करने में असमर्थ होगा.


## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2082**
शक संवत् **-1947,**सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- **ग्रीष्म**
महावीर निर्वाण संवत् **-2551**
कलियुग अवधि-**432000** सूर्योदय - 05-56 सूर्यास्त - 18-31
भोग्य कलि वर्ष-**426874**
कलियुग संवत् **-5126** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् **-1972949126**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885126**

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मेष | मे | मेष--- | 05-16 | बजे |
| चंद्र- | मीन | मे | वृष--- | 07-00 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मिथुन.. | 09-01 | बजे |
| बुध- | मीन | मे | कर्क--- | 11-13 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | सिंह--- | 13-25 | बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | कन्या-- | 15-32 | बजे |
| शनि- | मीन | मे | तुला---- | 17-37 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृश्चिक-- | 19-48 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | धनु...... | 22-02 | बजे |
| | | | मकर... | 00-07 | बजे |
| | | | कुंभ.... | 01-57 | बजे |
| | | | मीन.... | 03-36 | बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी **08-27** तक उपरान्त (चतुर्दशी क्षय)
मास - वैशाख कृष्ण , शनिवार **26 April**
नक्षत्र - उ.भाद्रपद **06:26** तक उपरान्त रेवती
योग - वैधृति **08-41** तक उप विष्कुंभ
करण- वणिज **08-27** तक उप विष्टी
विशेष:- मास शिवरात्रि
व्रत -त्योहार - भद्रा काल - **08-27** से

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल **09:04** से **10:39** तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 05:56 - 07:29 | अशुभ | लाभ | 18:31 - 19:59 | शुभ |
| शुभ | 07:29 - 09:04 | शुभ | उत्पात | 19:59 - 21:24 | अशुभ |
| रोग. | 09:04 - 10:39 | अशुभ | शुभ. | 21:24 - 22:49 | शुभ |
| उत्पात | 10:39 - 12:14 | अशुभ | अमृत | 22:49 - 00:14 | शुभ |
| चंचल | 12:14 - 13:49 | शुभ | चंचल. | 00:14 - 01:39 | शुभ |
| लाभ | 13:49 - 15:24 | शुभ | रोग | 01:39 - 03:04 | अशुभ |
| अमृत | 15:24 - 16:59 | शुभ | काल | 03:04 - 04:29 | अशुभ |
| काल.. | 16:59 - 18:31 | अशुभ | लाभ. | 04:29 - 05:56 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपकी करियर से सम्भंधित योजना बिगड़ रही है। आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं। आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं। एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप उस पैसे के साथ काफी लापरवाह है जो आपने अपनी जरूरत के लिए बचाया है , लेकिन आपको भविष्य में अपनी वित्तीय सुरक्षा के लिए , अपनी असाधारण आदतों को नियंत्रित करना होगा । आप अपने निवेश के बारे में एक विशेषज्ञ से परामर्श करें जो आपको धन के बारे में उचित परामर्श दे सके जिससे धन की वृद्धि हो ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज का दिन अपने विरोधियों को आमंत्रित करने एवं अपने बुनियादी ढांचे और अपनी ताक़त को दिखाने का एक सही दिन है। इसकी वजह से आपके धुर विरोधी बोली से पहले ही हार जाएंगे या किसी परियोजना पर आप अपने हस्ताक्षर कर पायेंगे जो की आपके व्यवसाय को आगे की और ले जाएगा ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
हालाँकि आपको अपने कार्य स्थल पर हास्य और आनंद लेने की कला आती है परन्तु अब आप पूरी तरह से अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आप आज एक गैर जरुरी कार्य में भी गंभीर मुद्रा में रहेंगे । एक सहयोगी की सुस्ती और लापरवाही के कारण आप उसका काम अपने लिए कर सकते है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
अपने सहयोगियों के साथ तालमेल और कदम से कदम बढाकर चलने का ये एक अच्छा समय है। समीक्षा और हताशा का लम्बा समय अब समाप्त होने की और अग्रसर है इसलिए इस खुशी में आप दोस्तों और परिवार और अपने ऊपर कुछ व्यय भी कर सकते है पर कोशिश करे की ये ज्यादा से ज्यादा एक दिन के लिए हो ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
काम करते हुए आप एक विस्तृत दृष्टिकोण को अपनाते है । यह आपका सकारात्मक पहलू है और इस सप्ताह के अंत में आपका दृष्टिकोण मौद्रिक लाभ में बदलेगा । जोड़-तोड़ से बचें और जो भी करे ईमानदारी से करे । आपके काम की गुणवत्ता आपके काम की मात्रा के बजाय ज्यादा महत्व रखेगी । वफ़ादारी स्वागतयोगनीय होगी जो किसी भी मुश्किल स्थिति से आपको बाहर निकल देगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपको अत्यधिक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए नहीं की वो खर्चे दूर नहीं किये जा सकते थे बल्कि इसलिए की आप खुद उन खर्चो को करना चाहते थे । यह ठीक है की आप अपने मुश्किल समय के लिए पैसे बचाते है जो की बुद्धिमता वाला काम है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अगर आप बेरोजगार हैं, तो एक अवसर आज आपके दरवाजे पर अपनी दस्तक दे सकता है। दोनों हाथों से इसे ले । आपके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। कृपया करके मुफ्त सलाह प्रदान करने वालो से दूर रहे । आप नौकरी पाने के पश्चात अपनी ईमानदारी और समर्पण दिखाए ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आप एक ऐसे सफल पेशेवर से मिल सकते है जो आपका कार्य करने के लिए उपलब्ध सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है , लेकिन उसके साथ साझेदारी के गठन से पहले थोड़ा सावधान रहे , संभावना है कि वह कार्य के मध्य में अपनी दरों में वृद्धि कर सकता है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
घर्षण एवं विचारो की असमानता आप और आपके साथी के बीच विकसित होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने विचारो से नहीं हटना है और उसी के साथ रहना है , लेकिन आप चिंता न करे क्यों कि ये स्थिति एक स्थायी मनमुटाव को जन्म नहीं देगी । हालाँकि आपके साथी के साथ आपका थोड़ा मनमुटाव हो सकता है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप एक लापरवाह और असाधारण अवस्था में रहेंगे । आज के दिन आप किसी पार्टी के आयोजन में आनंद लेंगे और आस पास के व्यक्तियों को प्रभावित भी करेंगे । आज आप ये नहीं सोचेंगे की धन कहा से आ जा रहा है जिसकी वजह से आपके वित्त पर एक नकारात्मक असर पड़ने की संभावना है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन नौकरी से संबंधित कार्यो के लिए काफी अनुकूल है। आपने हमेशा से ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य किया है और अतीत में, हालाँकि आपको उतना फल नहीं मिला , लेकिन अब भाग्य आपके लिए स्थितियां अनुकूल करेगा । आपकी काफी सारी परियोजनाए सफलता के साथ फलित होंगी।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र


# ट्रक व अन्य भारी वाहन भी होंगे सुरक्षित, शुरू होगी एनसीएपी की तर्ज पर सुरक्षा मूल्यांकन

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से देश में कारों की तरह अब ट्रकों और अन्य भारी वाणिज्यिक वाहनों का भी क्रैश टेस्ट होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ट्रकों और भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह मूल्यांकन देश के अपने क्रैश (वाहनों की टक्कर) टेस्ट कार्यक्रम भारत एनसीएपी (न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम) की तर्ज पर होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) की ओर से



आयोजित कार्यक्रम में कहा, इसका उद्देश्य विनिर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें। भारत एनसीएपी 2023 में पेश किया गया था।

**देश में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं**

गडकरी ने कहा, भारत में हर साल सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में हर साल करीब 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा चिंताजनक है।

**ई-रिक्शा में सुरक्षा सुधार से बढ़ेंगे रोजगार**

सरकार बैटरी चालित ई-रिक्शा के लिए मानकों और सुरक्षा मूल्यांकन प्रणाली पर पहले से ही काम कर रही है, क्योंकि उनको लेकर सुरक्षा संबंधी समस्याएं हैं। ई-रिक्शा में सुरक्षा सुधार से उनकी गुणवत्ता बेहतर होगी और अधिक रोजगार पैदा होगा।

**ट्रक चालकों के लिए तय होंगे काम के घंटे**

मंत्री ने कहा, सड़क मंत्रालय ट्रक चालकों के काम के घंटे निर्धारित करने के लिए एक कानून पर भी काम कर रहा है क्योंकि वर्तमान में वे प्रतिदिन 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं।

**लॉजिस्टिक लागत घटाने पर काम**

सरकार कुछ वर्षों में लॉजिस्टिक लागत को 14-16 फीसदी से घटाकर 9 फीसदी करने परकाम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा, सुरक्षित राजमार्गों का विस्तार, वाहन सुरक्षा और ई-वाहनों को बढ़ावा देना है।

# अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन अब भारत में बनेंगे

## 2026 तक चीन से शिफ्ट हो सकती है मैन्यूफैक्चरिंग, 6 करोड़+ आईफोन बनेंगे

मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एपल अगले साल से अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन को भारत में बनाने की प्लानिंग कर रहा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले और चीन के साथ टैरिफ वॉर के बीच कंपनी ने यह फैसला लिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है।

**2026 तक देश में सालाना 6 करोड़+ आईफोन बनेंगे**

चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एपल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एपल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। ये मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है।

**आईफोन मैन्यूफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा**

आईफोन के मैन्यूफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। आईडीसी के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28% था। अमेरिकी मार्केट में बिकने वाले आईफोन का प्रोडक्शन चीन के बाहर शिफ्ट करने से कंपनी को हाई टैरिफ से बचने में मदद मिलेगी। मार्च 2024 से मार्च 2025 तक के 12 महीनों में एपल ने भारत में 22 बिलियन डॉलर (करीब 1.88 लाख करोड़) वैल्यू के आईफोन बनाए। पिछले साल की तुलना में इसमें 60% की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान एपल ने भारत से 17.4 बिलियन डॉलर (करीब 1.49 लाख करोड़) वैल्यू के आईफोन एक्सपोर्ट किए। वहीं, दुनियाभर में हर 5 में से एक आईफोन अब भारत में बन रहा है। भारत में आईफोन की मैन्यूफैक्चरिंग तमिलनाडु और कर्नाटक की फैक्ट्रियों में किया जाता है। इसमें सबसे ज्यादा उत्पादन फॉक्सकॉन करता है। फॉक्सकॉन एपल का सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग पार्टनर है। इसके अलावा टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन भी मैन्युफैक्चरिंग करते हैं। वित्त वर्ष 2024 में एपल के स्मार्टफोन की बिक्री 8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई। जबकि बाजार में इसकी हिस्सेदारी केवल 8% थी। भारत के उभरते मिडिल क्लास में अभी भी आईफोन एक लग्जरी बना हुआ है।इसलिए यहां मार्केट बढ़ने की उम्मीद है।

# पाक हवाई क्षेत्र बंद होने से पड़ेगा प्रभाव

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडिगो और एयर इंडिया ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद यात्रियों को सेवा बाधित होने की जानकारी दी है। एक्स पर संदेश में विमानन कंपनियों ने कहा कि उड़ान मार्ग बदलने के कारण कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रभावित हो सकते हैं। वर्तमान हालात में वैकल्पिक विस्तारित मार्ग का चयन करना पड़ सकता है। एयर इंडिया ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इंडियो ने भी यात्रियों को कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की बात कही है। दोनों एयरलाइनों ने यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद जताया और आग्रह किया कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले उड़ान के समय और समय-सारणी की दोबारा जांच कर लें। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से शुरुआती प्रतिक्रिया देने पर पाकिस्तान ने भारत के स्वामित्व वाली या भारत से संचालित सभी



एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। पाकिस्तान ने यह कदम भारत की ओर से पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में उठाए गए पहले कूटनीतिक फैसलों के बाद उठाया। भारत ने आतंकी हमलों पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा और सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला किया है। पाकिस्तान को अपनी नदी जल आपूर्ति का अनुमानतः 80 प्रतिशत इसी समझौते के तहत प्राप्त होता है।


जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए हमले में नागरिकों और पर्यटकों समेत 26 लोग मारे गए। यह पिछले कई सालों में नागरिकों पर हुआ सबसे भयानक हमला है।

# जग्गी ब्रदर्स के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी : ईडी ने एक दिन पहले कंपनी के ऑफिसेस पर छापे मारे थे

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन मामले में जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के को-फाउंडर पुनीत और अनमोल जग्गी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। इन पर 262 करोड़ की हेराफेरी का आरोप है। इससे पहले ईडी ने गुरुवार (24 अप्रैल) रात कंपनी के दिल्ली, गुरुग्राम और अहमदाबाद स्थित परिसरों पर छापे मारे थे। इस दौरान, दिल्ली के एक होटल से को-फाउंडर पुनीत सिंह जग्गी को हिरासत में लिया और 7 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने ये कार्रवाई सिक्योरिटी एंक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एसईबीआई) के एक्शन के बाद विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत की। सेबी ने दावा किया था कि जग्गी ब्रदर्स ने इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के लिए लोन का गलत इस्तेमाल किया। लुकआउट सर्कुलर एक लीगल टूल है जिसका उपयोग लॉ एन्फोर्समेंट अथॉरिटीज किसी को भी देश छोड़ने से रोकने या उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए करती हैं। यह इमिग्रेशन ऑफिशियल्स को अलर्ट कर देता है ताकि वे उस व्यक्ति पर नजर रखें और हिरासत में ले सकें।

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम नोटिफाई; ई-फाइलिंग अनिवार्य, हाइब्रिड सुनवाई का प्रावधान

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। अपवाद वाले मामलों में, अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर




12:00 बजे के बाद लेकिन अपराह्न 0003:00 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 के अनुसार, अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे।

पिछले वर्ष मई में सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया था। मिश्रा झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे और उनका चयन भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति ने किया था। जीएसटीएटी केन्द्रीय वस्तु व सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। यह प्रथम अपीलीय प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जीएसटी अधिनियमों के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है।

# विदेश में पकड़े गए गैंगस्टर को पहली बार झारखंड लायेगी पुलिस

## मयंक सिंह के पीछे है कोई बड़ा राज




रांची, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड पुलिस के लिए सिर दर्द बने गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को जल्द अज़रबैजान से भारत देश और फिर झारखंड लाया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। जिसके बाद एटीएस के एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम अज़रबैजान जाएगी और मयंक सिंह को झारखंड लाएगी। इस मिशन में जो खर्च आएगा वो राज्य सरकार उठाएगी। गृह विभाग की ओर से यह आदेश जारी हो गया है।

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया है कि अज़रबैजान से लाने की प्रशासनिक और आर्थिक मंजूरी राज्य सरकार ने दे दी है। यह पहली बार होगा। जब विदेश में पकड़े गए झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर को झारखंड लाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य गैंगस्टर जो दूसरे देशों में छिपे हुए हैं। उन्हें भी लाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। खासकर प्रिंस खान की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई तेज है। डीजीपी ने कड़ा संदेश भी दिया है कि चाहे किसी भी देश में कुख्यात गैंगस्टर और अपराधी छिपे रहे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हर हाल में उन्हें गिरफ्तार कर झारखंड लाया जाएगा।

इसकी शुरुआत अज़रबैजान से गैंगस्टर मयंक सिंह को लाने के साथ शुरू हो जाएगी। कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह के अज़रबैजान में गिरफ्तारी के बाद झारखंड पुलिस ने प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे झारखंड लाने की कानूनी कार्रवाई शुरू की थी और एटीएस के रिक्वेस्ट पर इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया और इसी नोटिस के आधार पर मयंक सिंह की गिरफ्तारी अज़रबैजान से पिछले वर्ष की गई थी। मयंक सिंह राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र के जीडीए पुरानी मंडी घड़ासान का निवासी है। उसपर रामगढ़ के पतरातू में धमकी देने का एक मामला दर्ज है। जबकि एटीएस अन्य मामलों के भी जांच कर रही है।

एटीएस ने पिछले वर्ष राजस्थान जाकर उसके घर पर इश्तिहार वारंट भी चिपकाया था।

# पति चलाता था 12 बोर का बंदूक

## पत्नी भी नहीं थी कम, तंग आकर दोनों नक्सलियों ने कर दिया सरेंडर



कवर्धा, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सात लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में रमेश उर्फ आटम गुड्डु (29) और उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम (21) ने गुरुवार को सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। रमेश के सिर पर पांच लाख रुपए और सविता पर दो लाख रुपए सहित कुल सात लाख रुपए का इनाम है।

पुलिस ने बताया कि नक्सली रमेश महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, एमएमसी जोन के अंतर्गत गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था। वहीं उसकी पत्नी सविता टांडा एरिया कमेटी की सदस्य के रूप में काम कर रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों पिछले आठ वर्षों से एमएमसी क्षेत्र में सक्रिय रहकर नक्सली गतिविधियों में संलग्न थे।

वर्ष 2019 में भोरमदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बकोदा गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में रमेश घायल हुआ था। संगठन में रहते हुए रमेश 12 बोर बंदूक का उपयोग करता था तथा सविता आठ एमएम राइफल रखती थी।

# मॉल में गोली चली, धनबाद सीओ का भांजा जख्मी

## अफरातफरी के बीच 45 मिनट तक मॉल में फंसे रहे लोग, बिल्डर के पिस्टल से हुई फायरिंग

धनबाद, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। धनबाद स्थित सरायढेला थाना क्षेत्र के ओजोन गैलेरिया मॉल के फोर्थ फ्लोर में बार के बगल में स्थित जेंट्स वॉशरूम में गोली चलने से नूतनडीह में रहने वाले सुनील कुमार वर्णवाल जख्मी हो गए। वे धनबाद सीओ के भांजा हैं। घटना गुरुवार की रात की है। जख्मी सुनील को इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली सुनील के पेट में लगी है।

इससे पूर्व गोली चलने की आवाज से कॉल में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मॉल से निकलने वाले सभी रास्तों को बंद करा दिया। पुलिस जांच के दौरान 45 मिनट तक लोग मॉल में फंसे रहे। जांच पूरी होने के बाद सभी को जाने की अनुमति दी।

डॉक्टर के मुताबिक, वे खतरे से बाहर है। गोली मनोरम नगर में रहने वाले बिल्डर चंदन सिंह की पिस्टल से चली। घटना की सूचना पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम और सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी मौके पहुंचे। पुलिस को वॉशरूम से एक और काफी हाउस के पास गलियारे में एक जिंदा गोली मिली हैं। वॉश रूम और गलियारा में खून के छींटे नहीं मिले।



पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर लिया है। पिस्टल का लाइसेंस है या नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पिस्टल के जमीन पर गिरने से गोली चलने की बात सामने आई है। पिस्टल को जब्त कर लिया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है।

डीएसपी और थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में प्रथमदृष्ट्या पिस्टल के जमीन पर गिरने से गोली चलने की बात सामने आई है। पुलिस को बयान में जख्मी सुनील कुमार वर्णवाल ने बताया कि पिस्टल जमीन पर गिरने के बाद गोली लग गई। चंदन ही उसे वॉश रूप से जख्मी हालत में अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। वहीं, चंदन ने भी अपने बयान में यही बात पुलिस को बताई है।

# बकरी बांधने के विवाद में महिला की हत्या

## जेठानी ने बेटियों संग मिल देवरानी को पीटा, रांची में इलाज के दौरान मौत

पलामू, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव में बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद में एक महिला की मौत हो गई। मृतका शांति देवी की जेठानी फूलमतीया देवी ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर उसे लाठी-डंडों से पीटा था।

घटना 3 अप्रैल की है। मृतका के पति मदन यादव के अनुसार, फूलमतीया देवी और उनकी बेटियां रंजू (22) और अंजू (19) ने शांति देवी (42) को लाठी-डंडे और लकड़ी के पीढ़े से मारा। इस हमले में शांति देवी की रीढ़ और गर्दन की हड्डी टूट गई थी।

गंभीर हालत में शांति देवी को पहले छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। फिर उन्हें मेदनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर रिम्स रांची और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 24 अप्रैल को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतका के बेटे मुन्ना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला और उसकी दोनों बेटियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से जमीन विवाद चल रहा था। आरोपियों का कहना है कि शांति देवी उनकी जमीन में बकरी बांध रही थीं, जिस पर विवाद हुआ।

# टीएस सिंहदेव ने की आतंकी हमले की निंदा

## कहा– नक्सलवाद की तरह आतंकवाद को खत्म करने का बनाएं लक्ष्य



बिलासपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने बिलासपुर पहुंचकर कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद और राज्य की सड़कों की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सिंहदेव ने कहा कि सीमा पर आतंकवादी संगठन लगातार ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में आतंकी घटनाओं और आंकड़ों में कमी आई है, लेकिन यह सिलसिला पूरी तरह थमा नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की मांग की, जैसा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए किया गया है। सिंहदेव ने पहलगाम हमले को अमानवीय, वीभत्स और निंदनीय करार देते हुए कहा कि यह देश में अस्थिरता और भाईचारे को तोड़ने की साजिश है। उन्होंने देशवासियों, सेना और सरकार के साथ एकजुटता जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा जवाब देने की बात कही। इसके साथ ही सिंहदेव ने राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक साल बीत जाने के बावजूद सड़कों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। खास तौर पर सरगुजा से रामानुजगंज तक सड़कों की हालत बेहद खराब है। जनता को सरकार से बदलाव की उम्मीद थी, लेकिन जमीनी स्तर पर नतीजे निराशाजनक हैं।

# पूर्व सीएम चंपई सोरेन का दावा- आंबेडकर को अपमानित करने वाली कांग्रेस आदिवासियों के भी खिलाफ

लोहरदगा, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को झारखंड विरोधी और आदिवासी विरोधी करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है।

भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सोरेन ने कहा कि कांग्रेस नेता आंबेडकर से अपनी निकटता दिखाने के लिए संविधान की किताब को जेब में रखते हैं, लेकिन उनकी पार्टी ने ही आंबेडकर को दो बार लोकसभा चुनाव में हरवाया था।

**'कांग्रेस ने आंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया'**

अपने संबोधन में पूर्व सीएम ने आगे कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दोनों बार आंबेडकर के खिलाफ चुनावी अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया। उन्हें 1990 में मरणोपरांत भारत रत्न तब मिला जब भाजपा समर्थित सरकार सत्ता में थी। सोरेन ने आगे कहा कि भाजपा संविधान को जेब में नहीं, दिल में रखती है। सोरेन ने अपने भाषण में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी ने 1961 में आदिवासियों की सरना धर्म संहिता को रद्द कर दिया और झारखंड आंदोलन के कार्यकर्ताओं पर गोलियां चलवाईं।

इसके साथ ही बिना किसी पार्टी का नाम लिए चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो भी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करती है, वह आदिवासियों के हित में काम नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय, खासकर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में, झारखंड राज्य का गठन हुआ। अगर वाजपेयी जी की सरकार नहीं होती, तो झारखंड कभी नहीं बनता।

चंपई सोरेन ने अपने संबोधन के अंत में संताल परगना क्षेत्र में आदिवासियों के धर्मांतरण और बांग्लादेशियों की घुसपैठ को लेकर चिंता जताई। साथ ही इसके लिए उन्होंने हेमंत सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सोरेन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अभी नहीं जागे, तो हमारे सरना स्थलों पर पूजा करने के लिए कोई आदिवासी नहीं बचेगा।

# पहलगाम में बीजेपी नेता के लिए 'देवदूत' बनकर आए नजाकत भाई

## मासूम बेटी और पत्नी की बचाई जान

रायपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ बीजेपी युवा विंग के कार्यकर्ता अरविंद अग्रवाल बाल-बाल बच गए। उन्होंने हमले के दौरान अपनी जान बचाने का श्रेय स्थानीय गाइड नजाकत अहमद शाह को दिया है। इस हमले में 28 लोगों की जान चली गई। नजाकत के चचेरे भाई सैयद आदिल हुसैन शाह (30) भी मारे गए। आदिल पर्यटकों को घोड़े पर घुमाने का काम करते थे।

अरविंद अग्रवाल अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहलगाम घूमने गए थे। जब हमला हुआ, तो नजाकत ने उनकी पत्नी और बेटी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान नजाकत ने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की मदद की। यह घटना मंगलवार को हुई। अरविंद अग्रवाल (35) छत्तीसगढ़ के चिरमिरी शहर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वे तस्वीरें ले रहे थे। तभी अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। उनकी



चार साल की बेटी और पत्नी उनसे थोड़ी दूर थीं। नजाकत (28) उनके साथ थे। नजाकत ने तुरंत सबको नीचे लेटने को कहा। उन्होंने अग्रवाल की बेटी और उनके दोस्त के बेटे को गले लगा लिया।

इस तरह उन्होंने बच्चों की जान बचाई। फिर वह उन लोगों को सुरक्षित जगह पर ले गए। इसके बाद वह अग्रवाल की पत्नी को बचाने के लिए वापस गए। अग्रवाल ने बताया कि एक घंटे तक उन्हें नहीं पता था कि उनका परिवार सुरक्षित है या नहीं। बाद में अस्पताल में उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी को देखा। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि अगर नजाकत नहीं होते तो क्या होता। अग्रवाल की पत्नी के कपड़े फट गए थे। लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पहनने के लिए कपड़े दिए। नजाकत ने बताया कि गोलीबारी जिपलाइन के पास हो रही थी। यह जगह उनसे लगभग 20 मीटर दूर थी। उन्होंने सबसे पहले अपने आसपास के सभी लोगों को जमीन पर लेटने के लिए कहा।

# झारखंड में 21 जिलों का अधिकतम पारा पहुंचा 40 पार

## देवघर समेत 8 जिलों में उमस भरी गर्मी के आसार, आज से बदल जाएगा स्कूल का समय

रांची, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी रांची सहित लगभग पूरा राज्य भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। झारखंड के 24 में से 21 जिलों में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इसके पार पहुंच गया है। गुरुवार को आसमान मुख्यत साफ और मौसम शुष्क रहा। वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए झारखंड के सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को भी आसमान मुख्यत साफ और मौसम शुष्क बना रहेगा। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां और देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज में कहीं-कहीं पर गर्म और उमस भरे दिन की स्थिति बन सकती है।

झारखंड के 24 में से 21 जिलों में अधिकतम पारा 40 या इसके पार पहुंच गया है। जारी आंकड़े के मुताबिक देवघर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस हो



गया है। इसी तरह धनबाद 41, दुमका 41, गिरिडीह 40, गोड्डा 42, जामताड़ा 41, पाकुड़ 42, साहिबगंज 41, कोडरमा का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर है। वहीं, चतरा 42, गढ़वा 42, लातेहार 40, लोहरदगा 40, पलामू 42, बोकारो 42, रामगढ़ 40, हजारीबाग 40, पूर्वी सिंहभूम 43, सरायकेला 43, पश्चिम सिंहभूम 43 और सिमडेगा का अधिकतम पारा 42 डिग्री सेल्सियस जा चुका है। वहीं, राज्य में बढ़ रही गर्मी को देखते हुए 26 अप्रैल से स्कूलों का समय बदल दिया जाएगा। KG से क्लास 8 तक के बच्चों की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक चलेगी। वहीं, क्लास 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चलेगी। यह समय झारखंड के सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और सभी प्राइवेट स्कूलों में अगले आदेश तक लागू किया जाएगा।

इधर, मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 4 दिन इसमें धीरे-धीरे (3-6) डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

26 को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। साथ ही तेज रफ्तार में हवा चल सकती है।

# रेलवे स्टेशन के पास दुकानों में लगी आग

## 15 दुकानें जलकर राख, लाखों के नुकसान की आशंका, 40 साल पुराना बाजार तबाह



बोकारो, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बोकारो में गुरुवार देर रात करीब 1 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर के कुर्मीडीह साइड फुटपाथ दुकानों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मिठाई, राशन, होटल, सब्जी और अन्य मिलाकर करीब 15 दुकानें जलकर खाक हो गईं। सभी दुकानें पिछले लगभग 40 वर्षों से वहां स्थापित थीं और स्थानीय लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन थीं।

हालांकि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में अचानक धुआं उठता दिखा, जिसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। 5 दमकल की गाड़ियां समय पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया।

दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दो महिलाएं शराब की खेप के साथ पकड़ाई

## ट्रेन के डिब्बे में बोतल टूटने के बाद हुआ खुलासा, बिहार ले जाने की थी तैयारी

देवघर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। देवघर में ट्रेन से शराब की खेप ले जाने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के साथ एक युवक भी था, जो पुलिस एक्शन के बीच भाग निकला। घटना मधुपुर रेलवे स्टेशन की है।

महिलाओं की पहचान हाजीपुर निवासी ज्योति देवी (34) और गोपालगंज की रहने वाली काजल कुमारी (22) के रूप में की गई है। महिलाओं के पास से 6 ट्रॉली बैग और 3 पीठू बैग मिले हैं। वो कोलकाता से उदयपुर जा रही अनन्या एक्सप्रेस में सवार थीं।



दरअसल, शराब की एक बोतल टूट गई और डिब्बे में गंध फैल गई। लोगों ने कोच अटेंडेंट से इसकी शिकायत की। कोच अटेंडेंट ने टीटीई को सूचित किया। टीटीई ने आसनसोल कंट्रोल रूम को जानकारी दी। ट्रेन जब मधुपुर स्टेशन पर पहुंची तो आरपीएफ की टीम ने एसी कोच की जांच की। दोनों महिलाओं के पास 6 ट्रॉली बैग और 3 पीठू बैग मिले। जांच में इन बैग से शराब की बोतलें बरामद हुईं। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 71,800 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में पता चला कि दोनों महिलाएं विवाह समारोह में कैटरिंग का काम करती हैं। ये शराब बंगाल से खरीदकर बिहार में विवाह समारोह में खपाने के लिए ले जाई जा रही थी।

# हजारीबाग के जंगल में मिला युवक-युवती का शव

हजारीबाग, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हजारीबाग में शुक्रवार को युवक-युवती का शव बरामद किया गया। दोनों के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं, शव 4-5 दिन पुराना बताया जा रहा है। आशंका जाहिर की जा रही है कि प्रेम प्रसंग में दोनों की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। युवक ने जींस-शर्ट पहन रखा था तो युवती ने साड़ी। घटना विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र की है। जमनिजारा गांव के पास स्थित कोनार डैम के घने जंगल में दोनों का शव मिला है। स्थानीय ग्रामीणों ने शवों को देखते ही विष्णुगढ़ थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतकों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। इधर, विष्णुगढ़ सीडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि दोनों की हत्या कर शवों को जंगल में फेंके जाने की आशंका है। शवों को छिपाने के लिए इस सुनसान इलाके का चयन किया गया होगा। अभी तक दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई है। इससे यह स्पष्ट है कि मृतक स्थानीय नहीं हैं। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। आत्महत्या, हत्या या अन्य किसी कारण की संभावना को खारिज नहीं किया जा रहा है।

# एक में नाम पूछकर, दूसरे में धर्म पूछकर मारा गया

## भूपेश बघेल ने पहलगाम हमले की तुलना की

दुर्ग, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहलगाम आतंकी हमले की तुलना 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले से कि है। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि इन घटनाओं से पहले दोनों जगहों पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। जिले के भिलाई शहर के एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झीरम घाटी और पहलगाम हमले में दो समानता है। एक में नाम पूछकर मारा गया और दूसरे में धर्म पूछकर। उल्लेखनीय है कि 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के झीरम घाटी में



कांग्रेस पार्टी की 'परिवर्तन रैली' के दौरान नक्सलियों ने कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया था, जिसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोग मारे गए थे। बघेल ने कहा कि पहलगाम हमले ने झीरम घाटी नक्सली हमले की याद दिला दी।

पहलगाम हमले और झीरम घाटी हमले में दो समानताएं हैं। झीरम घाटी हमले में नक्सलियों ने लोगों का नाम पूछकर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने पूछा था कि नंद कुमार पटेल, दिनेश पटेल (नंद कुमार पटेल के बेटे) और महेंद्र कर्मा कौन हैं। पहलगाम में आतंकियों ने लोगों के नाम और उनका धर्म भी पूछा। दूसरी समानता यह है कि दोनों घटनाओं के समय सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।

उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों में देखा गया है कि नक्सली और आतंकी बम विस्फोट और गोलीबारी करने के बाद भाग जाते हैं, लेकिन इन दोनों घटनाओं में वे घंटों वहां इंतजार करते रहे।

## दक्षिण जिले के एएटीएस दस्ते ने मुठभेड़ के बाद वाहन चोर को गिरफ्तार किया, आरोपी के पैर में गोली लगी

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण दिल्ली के एएटीएस दस्ते ने बीती रात को मुठभेड़ के बाद बुलंदशहर के वाहन चोर आमिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आमिर के खिलाफ 27 मामले दर्ज हैं। वह अपनी साथियों के साथ दिल्ली में वाहन चोरी करने आता था और हफ्ते में तीन से ज्यादा वाहन चोरी करता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वह लग्जरी कार ही चुराता था। आरोपी ने पुलिस बैरिकेड में टक्कर मारकर भागने की कोशिश की। इस दौरान बैरिकेड उसकी चोरी की अल्काजार कार में फंस गया ।इसके बाद उसने पुलिस पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी दो राउंड हवा में और एक गोली उसके पैर में मारी।

# बॉम्बे हाईकोर्ट की महाराष्ट्र सरकार को फटकार

## पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज न करने पर जताई नाराजगी



मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बदलापुर मुठभेड़ मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराजगी जताई। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने कहा कि वह इस बात से हैरान है कि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया। यह हमारे आदेश का खुला उल्लंघन है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन कैसे नहीं कर सकती? अगर मामले के कागजात आज ही स्थानांतरित नहीं किए गए तो आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करनी होगी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार दोपहर बाद तय की और कहा कि यदि सरकार शुक्रवार को ही सात अप्रैल के आदेश का पालन करने के लिए कदम नहीं उठाती है तो वह आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने पर विचार करेगी। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने अदालत को बताया कि नौ अप्रैल को सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि याचिका पर पांच मई को सुनवाई होने की उम्मीद है। इस पर पीठ ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पर रोक नहीं लगाई है तो सरकार इसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए। आपको आदेश का पालन करना होगा अन्यथा हम अवमानना (नोटिस) जारी करने के लिए बाध्य और विवश होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हमारे आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया है। यह अवमानना के बराबर है। इसे आज ही करें। सर्वोच्च न्यायालय के ललिता कुमारी फैसले के अनुसार हमारे आदेश के तुरंत बाद एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए थी। करीब एक महीने का समय बीत चुका है और हमारे आदेश का पालन करने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगर सरकार अपने आदेश से इतनी ही व्यथित थी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की मांग करनी चाहिए थी। हाईकोर्ट ने सात अप्रैल को ही सरकार की रोक की प्रार्थना को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद सरकार फाइलों पर बैठी रही।

**सात अप्रैल को दिए थे आदेश**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सात अप्रैल को बदलापुर पुलिस एनकाउंटर मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त लखमी गौतम के नेतृत्व में एसआईटी गठित की थी। साथ ही सीआईडी को दो दिनों के भीतर सभी कागजात एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया था। बदलापुर स्कूल यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे को 23 सितंबर 2024 को कथित तौर पर एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। अक्षय के परिजनों ने पुलिस एनकाउंटर पर सवाल उठाए और इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया। परिजनों ने कहा कि उनके बेटे की हत्या की गई है। अक्षय के माता-पिता ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पुलिस एनकाउंटर की जांच की मांग की थी।

**क्या है मामला**

महाराष्ट्र के बदलापुर में 12 अगस्त 2024 को एक स्कूल में बच्ची के साथ यौन शोषण की घटना हुई थी। जिसमें पुलिस ने आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार किया था। 23 सितंबर 2024 को पुलिस एनकाउंटर में अक्षय की मौत हो गई। पुलिस ने दावा किया कि अक्षय ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और इस दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला किया। पुलिस का कहना है कि आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से अक्षय की मौत हो गई।

## इसरो के पूर्व प्रमुख कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का निधन 84 साल की आयु में बेंगलुरु में ली अंतिम सांस



बेंगलुरु, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इसरो के पूर्व अध्यक्ष कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। बेंगलुरु आवास पर उन्होंने 84 साल की आयु में अंतिम सांस ली। सुबह 10 बजे के करीब उनकी मौत हुई। रविवार को अंतिम संस्कार से पहले रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन सबसे लम्बे समय तक इसरो चीफ के पद पर कार्यरत रहे हैं। वह 10 साल तक इसरो के चेयरमैन रहे। इसके अलावा कस्तूरी रंगन के सरकारी नीतियों के फार्मूलेशन में भी योगदान दिया। डॉ कस्तूरीरंगन ने 27 अगस्त, 2003 को रिटायरमेंट से पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग में भारत सरकार के सचिव के रूप में 9 वर्षों से अधिक समय तक काम किया। डॉ. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में इसरो ने भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के सफल प्रक्षेपण और संचालन सहित कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। डॉ. कस्तूरीरंगन ने जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) के पहले सफल उड़ान परीक्षण की भी देखरेख की। उनके कार्यकाल में आईआरएस-1सी और 1डी सहित प्रमुख उपग्रहों का विकास और प्रक्षेपण और दूसरी और तीसरी पीढ़ी के इनसैट उपग्रहों की शुरुआत हुई। इन प्रगति ने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में मजबूती से स्थापित कर दिया।

# इंफाल घाटी में सात उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) के तीन उग्रवादियों को इंफाल पश्चिम जिले के आरआईएमएस अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 1,13,910 रुपये नकद जब्त किए गए। इंफाल पूर्वी जिले के खोंगमपट से प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले के चेकसाबी पाट स्थित एक फार्महाउस से गिरफ्तार किया गया। इंफाल ईस्ट जिले के फकनंग संगोमसांग से केसीपी (सिटी मीतेई) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उसी संगठन के एक अन्य सदस्य को भी इंफाल ईस्ट जिले के सावोमबंग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को चुराचांदपुर जिले के तेइजांग गांव में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक कार्बाइन मशीन गन, एक देशी सिंगल बैरल राइफल, एक रॉकेट लांचर (5 फीट), दस मोर्टार बम, दो हथगोले और अन्य सामान जब्त किया।

## फॉरेस्ट की टीम ने चिकन सेंटर पर मारा छापा पिंजरे में रखे मिले दर्जनों तोते; मच गया हड़कंप

रुड़की, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वन विभाग की टीम ने सती मोहल्ला स्थित एक चिकन सेंटर पर छापा मारकर वहां पर पिंजरे व लकड़ी की पेटी में रखे 34 तोते बरामद किए। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि कई लोग मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी हो जाए इसके लिए तोता आदि पक्षियों को आजाद कराते हैं। ऐसे लोगों को दो से तीन सौ रुपये में वह तोता बेचते हैं। तोता किसी प्रतिबंधित पक्षी प्रजाति के नहीं हैं।

हालांकि विभाग की टीम गहनता से मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि रुड़की के सती मोहल्ला स्थित एक चिकन सेंटर में कई तोतों को पिंजरों व लकड़ी की पेटी में कैद करके रखा गया है। सूचना पर वन विभाग के एसडीओ सुनील बलूनी ने टीम के साथ मौके पर छापा मारा। मौके पर कार्रवाई से हड़कंप मच गया और टीम ने दो लोगों को हिरासत में लिया। टीम ने चिकन सेंटर के अंदर रखी एक लकड़ी की पेटी से चार तोते बरामद किए।

इसके टीम चिकन सेंटर की छत पर पहुंची, यहां पर टीनशेड डालकर पिंजरों में 30 से अधिक तोते मिले। वन विभाग की टीम ने सभी तोतों को कब्जे में लिया और अपने साथ ले आई। वन विभाग की टीम आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

## ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग, मची भगदड़, ट्रेनों को रोका गया

ग्वालियर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर आग लगने से भगदड़ मच गई। बताया जाता है कि स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म पर बने वीआईपी कक्ष में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक शॉर्ट सर्किट के चलते वीआईपी कक्ष में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगीं। रेलवे के अधिकारी आरपीएफ और जीआरपी पुलिस भी मौके पर मौजूद है। आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी और भगदड़ के चलते ट्रेनों के आवागमन को रोक दिया। इससे कई ट्रेनों को स्टेशन से पहले ही रोक दिया गया।

## गुरुग्राम में मेयर के सलाहकार को लेकर छिड़ा घमासान, कांग्रेस ने भाजपा को घेरा



गुरुग्राम, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गुड़गांव नगर निगम मेयर राजरानी मल्होत्रा के सलाहकार के रूप में पति तिलकराज मल्होत्रा की नियुक्त पर पटौदी से कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कदम को भाजपा द्वारा बार-बार विपक्ष पर लगाए जाने वाले परिवारवाद के आरोपों की असलियत बताते हुए दोहरे मापदंडों का प्रतीक करार दिया। पर्ल चौधरी ने महिला आरक्षण के मूल उद्देश्य को याद दिलाते हुए कहा कि यह संवैधानिक प्रविधान महिलाओं को निर्णय-प्रक्रियाओं में वास्तविक भागीदारी देने के लिए लाया गया था, न कि उन्हें महज एक फेस बनाकर उनके परिजनों को सत्ता की बागडोर सौंपने के लिए। मेयर के पति को किसी सरकारी दस्तावेज या निर्णय प्रक्रिया में संवैधानिक रूप से कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में उनकी सलाहकार नियुक्ति एक छलावा है।

यह संविधान की आत्मा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह मांग है कि इस नियुक्ति की तत्काल समीक्षा हो और मेयर अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें।

## खंडाह मोटर मार्ग पर हादसा, स्कूली छात्रों को लेकर जा रही वैन खाई में गिरी, मची चीख पुकार

पौड़ी, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पौड़ी में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। मासौ- भिताई- खंडाह मोटर मार्ग पर स्कूली बच्चों को लेकर जा रही निजी वैन खाई में जा गिरी। वैन के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। हादसे में सात बच्चे सहित नौ लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसा भिताई के पास करीब ढाई बजे हुआ। बच्चे निजी स्कूल भगत राम न्यू मॉर्डन के बताए जा रहे है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने बच्चो को निकाल कर अपने वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचाया एक बच्चे को छोड़ कर सभी बच्चों की स्थिति ठीक है।

## विकास यादव को 8 मई तक अंतरिम जमानत बीमार मां से मिलने के लिए की थी अपील

गाजियाबाद, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतिश कटारा हत्याकांड में दोषी करार दिए गए विकास यादव को 8 मई तक अंतरिम जमानत दे दी, ताकि वह अपनी बीमार मां से मिल सके। विकास यादव इस मामले में उम्रकैद (25 साल की जेल) की सजा काट रहा है। जस्टिस अभय एस। ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की बेंच ने आदेश दिया कि विकास यादव की मां की जांच एम्स के डॉक्टरों की एक मेडिकल बोर्ड द्वारा की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ जमानत मंजूर की है, जिनमें कहा गया है कि दोषी विकास यादव गाजियाबाद स्थित अपने घर में ही रहेगा और मामले के किसी भी गवाह, विशेष रूप से नीतिश कटारा की मां नीलम कटारा से कोई संपर्क नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने विकास यादव को 1 लाख रुपये के बेल बॉन्ड और इतनी ही राशि के एक मुचलके के तहत राहत दी है। विकास यादव उत्तर प्रदेश के राजनेता डी।पी। यादव का बेटा है। उसका चचेरा भाई विशाल यादव भी इस मामले में दोषी पाया गया था। दोनों पर नीतिश कटारा के अपहरण और हत्या का दोष सिद्ध हुआ था। एक अन्य सह-दोषी सुखदेव पहलवान को 20 साल की जेल की सजा दी गई थी, जिसमें किसी भी प्रकार की रियायत शामिल नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकारों को विकाश यादव की मां की मेडिकल स्थिति की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने में देरी पर फटकार लगाई थी। विकाश यादव ने अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि एम्स के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक नया मेडिकल बोर्ड तुरंत गठित किया जाए और तुरंत जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# 'पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा', पुणे में बोले अजित पवार



पुणे, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदल लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। अजित पवार ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों की याद दो मिनट का मौन रखा। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के कई लोग वहां पर्यटन के लिए गए थे। कुछ लोगों को इस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी।


**देश बदले का इंतजार कर रहा है**

उन्होंने कहा कि इस घटना का बदला कब लिया जाएगा पूरा देश इंतजार कर रहा है। जैसे को तैसा उत्तर कब दिया जाएगा, इन सभी बातों पर विचार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों को वापस लाने का काम कर रहे हैं। खुद एकनाथ शिंदे और गिरीश महाजन वहां मौजूद हैं। हम उनके संपर्क में हैं।

**भारत चुप नहीं बैठेगा**

अजित पवार ने कहा कि यह हमला इतना भयानक था कि पूरी दुनिया ने इस घटना का संज्ञान लिया है। निश्चित रूप से आपके और हमारे मन में यह है कि इस घटना का बदला लेना है और बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के पास एक पर्यटन केंद्र में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें 26 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले में मारे गए लोगों में महाराष्ट्र के छह लोग भी शामिल हैं। आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया। सारे वीजा कैंसिल कर दिए गए और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने के लिए कहा गया। दूतावास को भी बंद कर दिया गया। पहलगाम हमले ने दोनों देशों के बीच तनाव को काफी बढ़ा दिया है।

# नहीं होगी गिरफ्तारी, एकनाथ शिंदे को 'गद्दार' बताने वाले कमेंट पर कुणाल कामरा को राहत



मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कामरा को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर की गई 'गद्दार' टिप्पणी के लिए मुंबई पुलिस की तरफ से उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही केस रद्द करने वाली याचिका को भी स्वीकार कर लिया है। हालांकि कोर्ट ने जांच पर रोक लगाने से साफ इंकार कर दिया है। इस मामले में शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कोर्ट ने कहा कि मुंबई पुलिस इस मामले में जांच करना चाहती तो उन्हें पूछताछ चेन्नई में ही करनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कामरा का घर तमिलनाडु में है। कोर्ट ने ये आदेश कामरा की तरफ से लगाई गई एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर दिया गया है। कोर्ट ने 16 अप्रैल को कामरा को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी, जिसे अब स्थायी कर दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

कुणाल कामरा ने पिछले महीने मुंबई के हैबिटेट स्टूडियो में एक शो के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बगैर उन्हें 'गद्दार' बताया था, जिसके बाद भारी बवाल देखने को मिला था। यहां तक जिस स्टूडियो में शूटिंग हुई थी वहां भी तोड़फोड़ की गई थी। मामला बढ़ता देख पुलिस ने इस मामले कुणाल कामरा के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी के खिलाफ कामरा ने बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था। पूरे मामले में कामरा ने साफ कर दिया था कि वे किसी भी कीमत पर माफी नहीं मांगेंगे। इस मामले में शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत का साथ कामरा को मिला था। कामरा ने 'दिल तो पागल है' के एक गाने की पैरोडी करते हुए शिंदे को गद्दार कह दिया था। उन्होंने मजाक उड़ाते हुए इस गाने के जरिए शिवसेना और एनसीपी में विभाजन को लेकर कमेंट किया था। वीडियो सामने आने के बाद से ही बवाल मच गया था। शिवसेना चाहती थी कि कुणाल कामरा माफी मांगें।

# पहलगाम हमले के बाद संजय राउत का बड़ा बयान

## 'इस समय इंदिरा गांधी बहुत याद आ रही हैं'

मुंबई, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद केंद्र सरकार के एक्शन के बीच शिवसेना-यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुक्रवार की सुबह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तस्वीर शेयर की। साथ ही उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा कि 'आज देश को इंदिरा गांधी बहुत याद आ रही हैं! जय हिंद!' इससे पहले गुरुवार को संजय राउत ने कहा, देश पर हमला हुआ है, इतने लोग मारे गए हैं, इस हमले में पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष हाथ है, क्योंकि पाकिस्तान में जिस तरह से आतंकी कैंप चलते हैं और वहीं से हमारे देश पर हमले होते हैं। इन फैसलों से भी कड़े फैसले लेने की जरूरत है और विपक्ष में होने के बावजूद भी हम सरकार के हर फैसले का स्वागत करते हैं।



**संसद का विशेष सत्र बुलाने को लेकर संजय राउत ने क्या कहा?**

इस दौरान उन्होंने कहा था, कश्मीर ऐसा मुद्दा है कि अगर विपक्ष संसद में इस पर चर्चा की मांग करता है तो इसके लिए अगर विशेष सत्र भी बुलाना पड़े तो बुलाना चाहिए। यहां पाकिस्तान उच्चायोग को बंद करना या सिंधु जल संधि को रोकना अपेक्षित है, लेकिन आपने बार-बार घुसकर मारने की बात कही है, उस पर आपको सोचना चाहिए। यह रक्षा का मामला है, भले हमें मत बताइए बल्कि करके दिखाइए।

**1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश की पीएम थीं इंदिरा गांधी**

बता दें कि सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं, तब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। इस युद्ध में 90,000 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। दरअसल, पूर्वी पाकिस्तान में मुक्ति संग्राम चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भारत में शरण लेने लगे थे। भारत ने पूर्वी पाकिस्तान के मुक्ति संग्राम का समर्थन किया और अंततः पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध शुरू हो गया। 13 दिन के युद्ध के बाद भारतीय सेना ने पूर्वी पाकिस्तान पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। फिर पाकिस्तान के सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया।

## देसी शराब की 100 पेटियां बरामद, हिरासत में लिए चार व्यक्ति; इतनी है पकड़ी गई खेप की कीमत

भराड़ी, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भराड़ी थाना पुलिस ने पिकअप जीप से देसी शराब की 100 पेटियां पकड़ी हैं। वाहन में सवार चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। आरोपी शराब को बिना किसी दस्तावेज के ले जा रहे थे। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी अनूप कुमार की अगुवाई में एक टीम ने वीरवार रात करीब 1:00 बजे दधोल से लदरौर सडक़ पर भराड़ी में नाका लगाया था। इसी बीच एक पिकअप जीप को रोका गया। जीप लगा तीरपाल हटा कर देखा तो शराब की पेटियां पाई गई। जीप सवार चारों व्यक्तियों ने शराब संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो वह मौके पर कुछ भी पेश नहीं कर सके। इसके आरोपियों को हिरासत में लिया गया। शराब सहित जीप को थाना पहुंचाया गया।

# 'संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए'

## कपिल सिब्बल की पीएम मोदी को सलाह; दुनिया में पाकिस्तान को घेरने का बताया 'प्लान'



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना को लेकर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार को कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं। यह हमला पहलगाम के बैसारन घाटी में हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मुंबई के 26/11 हमले के बाद सबसे घातक आतंकी हमला माना जा रहा है। कपिल सिब्बल ने इस गंभीर घटना पर चर्चा के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग केंद्र सरकार से की है।

**कपिल सिब्बल ने किया सुझाव दिया?**

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, मेरे पास प्रधानमंत्री के लिए कुछ सुझाव हैं। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सभी से सुझाव लेने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। देश इस समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का सुझाव दिया।

**'अलग-अलग देशों में भेजना चाहिए प्रतिनिधिमंडल'**

सिब्बल ने कहा, हमें अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, रूस और दक्षिण अमेरिका जैसे देशों में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भेजना चाहिए, ताकि हम उन्हें वैश्विक स्तर पर स्थिति के बारे में बता सकें। अगर हम यह कदम नहीं उठाते हैं तो हम कूटनीतिक दबाव नहीं बना पाएंगे। कपिल सिब्बल ने कहा, हमें पाकिस्तान के साथ व्यापार करने वाले सभी प्रमुख देशों को बताना चाहिए कि अगर वे पाकिस्तान के साथ व्यापार करते हैं तो वे हमारे बाजार में नहीं आ सकते। हमें हर कूटनीतिक पहल में इस बिंदु को रखना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र को दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए और हमें देखना चाहिए कि चीन इसका समर्थन करता है या इसके खिलाफ जाता है। हमें ये कूटनीतिक पहल करनी होंगी।

**सिब्बल ने पाकिस्तान को 'आतंकी देश' घोषित करने की मांग की**

वरिष्ठ वकिल सिब्बल ने इससे पहले कहा था कि पाकिस्तान को सिर्फ एक पड़ोसी देश नहीं बल्कि एक ऐसा संगठन मानना चाहिए जो आतंकवाद फैला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत में केस दर्ज करे ताकि दुनिया को यह साफ संदेश जाए की भारत अब ऐसे आतंकी हमलों को नजरअंदाज नहीं करेगा। कपिल सिब्बल ने गृह मंत्री अमित शाह से अपील करते हुए कहा था कि पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे युद्ध अपराध करने वालों पर इंटरनेशनल कोर्ट में केस चलता है, वैसे ही पाकिस्तान पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



> विदेश से लौटा युवक एनआईए के रडार पर!

# चिड़ावा में रातभर चली कार्रवाई, पर सवाल अब भी कायम!

झुंझुनूं, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद राजस्थान के झुंझुनूं जिले में शांत शहर चिड़ावा में बीती रात एक सनसनीखेज घटनाक्रम ने सभी को चौंका दिया। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे में सूरजगढ़ रोड स्थित कमला नगर कॉलोनी में बुधवार आधी रात के बाद से गुरुवार की अल सुबह तक, करीब 10 घंटे तक एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की टीम ने एक संदिग्ध युवक के घर छापेमारी की। यह युवक हाल ही में विदेश से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर घर लौटा था।

**10 घंटे तक चली गोपनीय कार्रवाई**

दरअसल, राजस्थान के चिड़ावा कस्बे में बुधवार रात और गुरुवार भोर होने के बीच रात के साये में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की रहस्यमयी छापेमारी ने इलाके में हडकंप मचा दिया। करीब 10 घंटे तक चली यह कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रही।

एनआईए टीम ने युवक की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आस-पास के इलाकों में पूछताछ की। एक पूर्व परिचित को थाने बुलाकर भी सवाल-जवाब किए गए। हालांकि, कार्रवाई के बाद टीम बिना किसी गिरफ्तारी के लौट गई। न तो एनआईए और न ही स्थानीय पुलिस ने किसी भी जानकारी की पुष्टि की है। ऐसे में अब पूरे इलाके में चर्चा जोरों पर है कि आखिर इस युवक की कहानी क्या है? क्या यह कोई आतंकी लिंक है? या फिर कोई बड़ा साजिश का केस? या फिर फर्जीवाड़े का केस? लोगों के मन में कई सवाल हैं, लेकिन जवाब अभी तक नदारद।




**आधी रात को पहुंची एनआईए टीम**

मीडिया रिपोटर्स के मुताबिक, एनआईए की पांच सदस्यीय टीम रात करीब 2 बजे झुंझुनूं पहुंची और पुलिस लाइन से कोतवाली पुलिस, क्यूआरटी और अन्य दस्तों के साथ मिलकर चिड़ावा रवाना हो गई। सुबह लगभग 4 बजे कमला नगर कॉलोनी में अचानक रात के सन्नाटे में हलचल मच गई जब टीम ने संदिग्ध युवक के घर दबिश दी।

**गुप्त रही कार्रवाई, पुलिस भी रही खामोश**

पूरी कार्रवाई गोपनीय रखी गई। ना एनआईए और ना ही स्थानीय पुलिस ने किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि की। इलाके में रातभर पुलिस और सिविल ड्रेस में अधिकारियों की चहलकदमी से लोगों के बीच चर्चा का दौर तेज हो गया।

**दूसरी जगहों पर भी पूछताछ**

एनआईए टीम ने युवक की मोबाइल लोकेशन के आधार पर आसपास के कुछ और स्थानों पर भी पूछताछ की। साथ ही, युवक के एक पूर्व परिचित को पिलानी रोड से बुलाकर थाने में करीब एक घंटे तक पूछताछ की गई और फिर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

**बिना गिरफ्तारी, खाली हाथ लौटी एनआईए टीम**

सुबह लगभग 9 बजे एनआईए की टीम बिना कोई गिरफ्तारी किए वापस लौट गई। न तो युवक के बारे में कोई जानकारी साझा की गई और न ही उसकी भूमिका के बारे में कुछ स्पष्ट किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में स्थानीय पुलिस ने चुप्पी साध रखी है। मीडियाकर्मियों ने अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने किसी भी जानकारी से इंकार कर दिया। फिलहाल, एनआईए की ओर से किसी आधिकारिक बयान का इंतजार है।

**लोगों में कौतूहल, सवालों के घेरे में कार्रवाई**

फिलहाल, एनआईए की यह कार्रवाई पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। आखिरकार कौन है ये युवक? किस मामले में हुई ये छापेमारी? और क्या कोई बड़ा खुलासा होने वाला है?

फिलहाल, इन सवालों के जवाब धुंधले हैं, इस मामले में जब पुलिस अधिकारियों से बातचीत की तो उन्होंने किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार किया है। बहरहाल, इस दबिश और छापेमार कार्रवाई की तरफ से एनआईए की तरफ से आने वाली अधिकारिक सूचना का इंतजार है।

# पीएनबी बैंक से फ्रॉड करने वालों पर ईडी की रेड

## जयपुर समेत राजस्थान में 10 ठिकानों पर छापेमारी 25 करोड़ का फर्जीवाड़ा का आरोप

जयपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ईडी ने शुक्रवार सुबह पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 25 करोड़ रुपए के फ्रॉड के मामले में राजस्थान में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीमों ने जयपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में रेड की कार्रवाई की। ईडी सूत्रों के मुताबिक, श्रीगंगानगर के रहने वाले अमनदीप चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से 25 करोड़ का लोन लेकर फ्रॉड किया था। इस पर कार्रवाई करते हुए ईडी ने जयपुर में तीन, बीकानेर में दो और हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर के पांच ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की।

**बैंक को धोखा देकर उठाया लोन**

एसीबी की ओर से जोधपुर में अक्टूबर-2020 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से धोखाधड़ी कर 25 करोड़ रुपए का लोन उठाया गया था। बैंक से फ्रॉड मामले में अमनदीप चौधरी, उनकी पत्नी सुनीता चौधरी, ओम प्रकाश व अन्य आरोपी शामिल है। मुख्य आरोपी अमनदीप चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक सेफर्जीवाड़ा किया। वेयर हाउस में रखे माल पर पंजाब नेशनल बैंक से 25 करोड़ का लोन उठा लिया, इसके बाद वेयर हाउस में रखे माल को बैंक को बताए बिना ही मार्केट में बेच दिया।

**दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए**

श्रीगंगानगर में छापेमारी अमनदीप चौधरी के आवास और धानमंडी स्थित कार्यालय सहित अन्य व्यापारिक ठिकानों पर जारी है। यहां स्थानीय पुलिस बल भी भारी संख्या में तैनात है। ईडी अधिकारियों ने अब तक कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जांच एजेंसी द्वारा बैंक लेन-देन, अचल संपत्तियों और संबंधित खातों की भी गहन जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई पीएनबी घोटाले की तह तक पहुंचने के लिए एक निर्णायक कदम हो सकता है। ईडी सूत्रों का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ तो आने वाले दिनों में अन्य संबंधित व्यक्तियों के भी ठिकानों पर छापेमारी की जा सकती है। साथ ही अमनदीप चौधरी को पूछताछ के हो सकती है।

**मनी लॉन्ड्रिंग के तहत छापेमारी**

एसीबी की ओर से दर्ज मामले को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की धारा के तहत जांच में लिया है। छापेमारी के दौरान ईडी टीमों को कई जरूरी डॉक्युमेंट, बैंक रिकॉर्ड व डिजीटल डिवाइस और प्रॉपर्टी संबंधी डॉक्यूमेंट मिले है। ईडी की ओर से इस सभी डॉक्युमेंट का एनालिसिस किया जा रहा है। ईडी की जांच रिपोर्ट आने के बाद भी आगे की कार्रवाई तय होगी।

# शादी से लौट रही बस पर बदमाशों ने किया हमला

> लाठी डंडों से शीशे तोड़े-लड़कियों से छेड़छाड़ की > चीखें सुन पहुंचे ग्रामीणों ने मारपीट कर भगाया

नीमकाथाना (सीकर), 25 अप्रैल (एजेंसियां)। सीकर में शादी समारोह से लौट रही एक बस पर बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले बस पर हमला किया और महिलाओं और युवकों के साथ मारपीट की।

इस हमले में 3 महिलाएं समेत 8 लोग घायल हुए हैं। मामला गुरुवार रात करीब 11:15 बजे, नीमकाथाना कस्बे के गांव भितरली गावड़ी की है। हमले में घायलों को निजी वाहन से नीमकाथाना जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद सभी यात्रियों को कैलाश शर्मा के घर ले जाया गया। सदर थाना पुलिस ने मौके का जायजा लिया और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

**खिड़की में हाथ डालकर लड़कियों के बाल खींचे**

ग्राम पंचायत गांवड़ी के ग्रामीण कैलाश शर्मा ने बताया-देर रात हमें गांव की सड़क पर महिलाओं की चीख-पुकार सुनाई दी। हम कुछ ग्रामीणों के साथ भाग कर मौके पर पहुंचे। हमने देखा कि बदमाशों ने गांवड़ी के पंचायत भवन के सामने बस को गाड़ी लगाकर रोका हुआ था। वो बस के शीशे तोड़ रहे थे। बस में सवार लोगों को नीचे उतरने के लिए कह रहे थे। जब यात्रियों ने बस का दरवाजा बंद कर लिया, तो बदमाशों ने पत्थरों और लाठियों से बस के शीशे तोड़ दिए। वे खिड़कियों से महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने लगे। उन्होंने बाल खींचकर उन्हें नीचे उतारने की कोशिश की।

कैलाश शर्मा ने बताया-हमने उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने हम पर भी हमला किया। मैंने और मेरी पत्नी ने बदमाशों से लाठियां छीन लीं। तब तक गांव के अन्य लोग भी पहुंचने लगे तो बदमाश मौके से भाग गए।

**लड़कियों से की थी छेड़छाड़**

बस में सवार युवतियों ने कहा-हमला करने वाले लड़के शादी समारोह में मौजूद थे। वो हमें गंदी निगाह से देख रहे थे। हमें पता नहीं था कि यह लोग आगे जाकर मारपीट करेंगे। उन्होंने हमारा पीछा किया और सुनसान जगह पर आकर गाड़ी लगाकर बस रुकवा ली। गंदी-गंदी गालियां देने लगे। लड़कों ने खिड़कियों में हाथ डालकर हमें बाहर खिंचने की कोशिश कर रहे थे। महिलाओं ने बताया-जैसे ही बदमाश पत्थर बरसा रहे थे तो बच्चों को सीट के नीचे छिपा दिया। बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। एक 3 साल के मासूम बच्चे के मामूली चोट भी आई है। बस में करीब 10 बच्चें सवार थे उन बच्चों को परिजनों ने बस की सीट के नीचे छिपा दिया।

**रात 11 बजे शादी समारोह से रवाना हुए थे**

पीड़ित भागरु (विराटनगर) से भांजी का भात भरने के लिए शाम 5 बजे भितरली गांवड़ी आये थे। बस में करीब 50 परिवार के लोग मौजूद थे। भात भरने के बाद बस में बैठकर करीब रात सवा 11 बजे भितरली गांवड़ी से रवाना हुए थे। घटना के बाद 2 घंटे तक तनाव की स्थित बनी रही।

# कांग्रेस प्रभारी के बयान पर मदन राठौड़ का पलटवार

## इस समय इन्हें अग्निवीर योजना याद आ रही है

जयपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के बयान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जब भी देश ने सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसिक कदम उठाए, कांग्रेस ने हमेशा उस पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इनका यही काम है, सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश करना।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी सेना के मनोबल को कम करने की कोशिश की है। आज जब देश आतंक के खिलाफ एकजुट खड़ा है, तब कांग्रेस के नेताओं को अग्निवीर योजना की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि वे कोई ऐसा बयान नहीं देंगे, जिससे आतंकियों का मनोबल कमजोर हो, लेकिन ऐसी बात जरूर करेंगे, जिससे हमारी सेना के हौसले पस्त हों।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया फैसलों की सराहना करते हुए राठौड़ ने कहा कि जल समझौता रद्द करने के फैसले से पाकिस्तान में त्राहिमाम मच गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया है, बाघा बॉर्डर बंद कर दिया गया है और भारतीय डिप्लोमेट्स को वापस बुलाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत अब आतंकियों को चुन-चुनकर मारेगा और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और जो लोग आतंकियों को पनाह दे रहे हैं, वे भी नहीं बचेंगे।

पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आए हिंदुओं के बारे में बात करते हुए राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात की पूरी जानकारी है कि कौन निर्दोष है और कौन आतंकी गतिविधियों में शामिल है।

जो लोग आतंक से जुड़े नहीं हैं, उनके प्रति सरकार का दृष्टिकोण सहानुभूतिपूर्ण रहेगा और हम भी केंद्र सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाएंगे।

# पुलिस को बाइक पर मिला 'सोने का खजाना'

> डूंगरपुर से सामने आया चौंकाने वाला मामला

डूंगरपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के डूंगरपुर में पुलिस को नाकाबंदी के दौरान 'सोने का खजान' मिला। यह जानकर आप हैरान हो रहे होंगे, लेकिन यह सच है। सागवाड़ा पुलिस की नाकाबंदी के दौरान एक बाइक सवार दो युवकों को रोककर पुलिस ने तलाशी ली, तो उनके कब्जे से 4 करोड़ रुपए का 4 किलो सोना और 1 लाख 15 हजार रुपए की नगदी मिली। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में दो अन्य युवकों से भी 37 लाख रुपए नगदी मिली। जिनका आरोपियों के पास कोई हिसाब नहीं है। पुलिस ने चारों लोगों को ही हिरासत पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।




**नाकाबंदी में पुलिस को मिला करोड़ों रुपए का सोना**

हैरान कर देने वाला यह मामला डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने माही पुल पर नाके बंदी की। इस दौरान दो युवक गंधवा पाल निवासी प्रकाश रोत और सागवाड़ा निवासी सिद्धार्थ शाह बाइक से सवार होकर जा रहे थे। इस बीच पुलिस ने रोक कर जब तलाशी ली, तो पुलिस के भी होश उड़ गए। उनके बेग में सोने के जेवर, सोने के बिस्कुट थे। जिनका वजन 4 किलो और उनकी कीमत करीब 4 करोड़ बताई गई हैं। इसके अलावा उनके कब्जे से एक 1 लाख 15 हजार रुपए की नगदी भी बरामद हुई है। इस दौरान उनके पास सोने के संबंध में कोई बिल नहीं मिला। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दूसरी कार्रवाई में भी पुलिस को लाखों रुपए की नगदी मिली

इसी तरह पुलिस ने एक बाइक पर सवार बुचिया बड़ा निवासी विक्रम सिंह चैहान और धनराज मीणा को हिरासत में लिया, जहां उनके कब्जे से बेग की तलाशी में 37 लाख रुपए की नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने नगदी के बारे में आरोपियों से पूछताछ की, तो वह कोई संतोष प्रद जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर नगदी जब्त कर ली है। इसके अलावा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी मामले की सूचना दे दी है।

# राजसमंद में पटवारी को 7,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा

जयपुर/राजसमंद, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के राजसमंद जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हल्का पटवारी राहुल सुखीजा को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी ने यह रिश्वत जमीन से जुड़े एक मामले में धारा 91 के तहत रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के एवज में मांगी थी।

**नाबालिग बालक के जरिए ली जा रही थी रिश्वत**

एसीबी के अनुसार, पटवारी राहुल सुखीजा ने यह रिश्वत नाबालिग बालक के माध्यम से ली, जो इस मामले को और भी गंभीर बनाता है। शिकायत के अनुसार, आरोपी पटवारी ने तहसील गढ़बोर के राजस्व ग्राम थुरावड में एक कच्ची ज़मीन को राजस्थान भू अधिनियम की धारा 91 के अंतर्गत रिकॉर्ड में दर्ज करने और नोटिस जारी करने की एवज में परिवादी से 10,000 रुपये की मांग की थी।

**गुप्त शिकायत के बाद बिछाया गया जाल**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन और राजसमंद एसीबी चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया गया और आरोपी को 7,000 रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

**आरोपी हनुमानगढ़ का निवासी**

गिरफ्तार पटवारी राहुल सुखीजा हनुमानगढ़ जिले के गोलुवाला निवासी हैं और वर्तमान में राजसमंद जिले की गढ़बोर तहसील के रिछेड व थुरावड हल्कों में अतिरिक्त चार्ज पर कार्यरत थे।

## फोटोग्राफर की हत्या के बाद झालावाड़ में तनाव

**15 से ज्यादा दुकानों में लगाई आग, एसएचओ का सिर फूटा**

भवानीमंडी, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। झालावाड़ जिले के डग में शादी के दौरान फोटोग्राफर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। घटना के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। इसके बाद पत्थरबाजी की गई और एक मकान और कुछ दुकानों में आग लगा दी गई।

घटना में रायपुर एसएचओ बन्नालाल चौधरी के सिर में चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बहाल की है। तनाव की स्थिति देखते हुए भवानी मंडी, गंगधार और पिड़ावा कस्बे में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया- गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे मेघवाल मोहल्ले में फायरिंग कर एक फोटोग्राफर की हत्या कर दी गई।

# अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस प्रभारी का बड़ा बयान

## 4 साल के लिए कोई जान की बाजी नहीं लगाएगा



जयपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हाल ही में देश में हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1971 की तर्ज पर निर्णायक कदम उठाने की सलाह दी है। रंधावा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अब सिर्फ बाघा बॉर्डर बंद करने से कुछ नहीं होगा। पाकिस्तान अब तक 10 बार हमले कर चुका है। हमें अब उसे मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने 1971 में पूरे विश्व को इस बात पर राजी किया था कि पाकिस्तान के दो टुकड़े करना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आज वही वक्त फिर आ गया है, प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे भी दुनिया भर का दौरा करें और विश्व समुदाय को पाकिस्तान के चार टुकड़े करने की जरूरत पर सहमत करें, ताकि पाकिस्तान फिर कभी भारत की तरफ आंख उठाकर न देख सके। केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का उपयोग बीजेपी को बचाने के लिए नहीं बल्कि देश को बचाने के लिए करें।

# 'मेरी बीवी मरणासन्न हैं' ईडी की कार्रवाई पर महेश जोशी का छलका दर्द

जयपुर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे डॉ. महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्होंने सफाई दी है। देर रात को जब ईडी के अधिकारी उन्हें कोर्ट में पेश करने ले जा रहे थे। तब मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि जल जीवन मिशन घोटाले से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कोई गड़बड़ी नहीं की। जोशी ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ उन्होंने मंत्री रहते कार्रवाई की। उन लोगों के बयानों के आधार पर ईडी ने केस बना दिया। उन्होंने इस केस को पूरी तरह झूठा बताया है।

**बीवी मरणासन्न पर, रिक्वेस्ट की लेकिन रहम नहीं किया**

डॉ. जोशी ने कहा कि पूर्व में वे व्यक्तिगत कारणों से ईडी के समक्ष पेश नहीं हो पाए थे। अभी भी उनकी पत्नी की तबियत खराब है। वे पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती है और बेहोशी की हालत में है। जोशी ने कहा कि उनकी पत्नी मरणासन्न की स्थिति में है। इस बात से ईडी के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन उन्होंने रहम नहीं किया। तमाम तथ्य पेश करने के बावजूद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि बदले की भावना के कारण उनके खिलाफ एक्शन लिया गया है लेकिन उन्हें देश के कानून पर पूरा भरोसा है। उन्होंने न्यायालय से न्याय की उम्मीद जताई है। कोर्ट में पेश करने के बाद जोशी को 4 दिन के रिमांड पर भेजा गया।



**डॉ. जोशी के बचाव में आगे आए गहलोत और जूली**

पूर्व मंत्री डॉ. महेश जोशी की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उनके बचाव में आगे आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए साझा की है। इन दोनों नेताओं ने ईडी की कार्रवाई को गलत बताया है। गिरफ्तार किए गए महेश जोशी गहलोत गुट के हैं। ऐसे में पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। डॉ. जोशी की गिरफ्तारी के 15 घंटे बाद तक पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की प्रतिक्रिया नहीं आना सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बन चुका ईडी - गहलोत**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी अब कोई सरकारी डिपार्टमेंट नहीं रहा। यह तो भाजपा का एक्सटॉर्शन सेंटर बन गया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बन चुके ईडी द्वारा पूर्व मंत्री श्री महेश जोशी की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण है। यह गिरफ्तारी ऐसे समय पर की गई है जब उनकी पत्नी करीब 15 दिन से जयपुर के एक अस्पताल में बेहोशी की हालत में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं। उनकी इच्छा थी कि इस मुश्किल परिस्थिति से निकलने के बाद ईडी को बयान दें। यह उन्हें भावनात्मक रूप से तोड़ने का प्रयास है जिससे उनसे मनमुताबिक बयान लिए जा सकें।'

**बदले की भावना से की गिरफ्तारी - जूली**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना है कि ईडी ने बदले की भावना से डॉ. महेश जोशी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि 'पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ महेश जोशी जी की ईडी के द्वारा गिरफ्तारी भाजपा के प्रतिशोधी राजनीति की एक और शर्मनाक मिसाल है। यह गिरफ्तारी किसी जांच के लिए नहीं, बल्कि डॉ महेश जोशी जी पर भावनात्मक दबाव बनाकर बयान लेने की कोशिश है। क्योकि उनकी धर्मपत्नी अस्पताल में जीवन और मौत से लड़ाई लड़ रही हैं, ऐसे समय पर ईडी की कार्रवाई केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि मानवीयता के खिलाफ भी है।

# गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद डीजीपी हरकत में आए

## हैदराबाद में 200 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की सूचना

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर तेलंगाना के डीजीपी जितेंद्र आज अलर्ट मोड में आ गए। हैदराबाद में 200 से अधिक पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की सूचना मिलने के बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। तेलंगाना में मौजूद पाकिस्तानियों को तुरंत भारत छोड़ने का आदेश दिया गया। उन्हें बताया गया कि इस महीने की 27 तारीख के बाद उनके वीजा रद्द कर दिए जाएंगे। उन्हें तुरंत भारत छोड़ने का आदेश दिया गया। मेडिकल वीजा धारकों को इस महीने की 29 तारीख तक का मौका दिया गया। उन्हें यह भी आदेश दिया गया कि वे समय सीमा के बाद एक पल भी यहां न रुकें। उन्हें चेतावनी दी गई कि अगर वे अवैध रूप से तेलंगाना में रहना चाहते हैं, तो उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्हें यह भी चेतावनी दी गई कि अगर वे केंद्र सरकार के आदेशों का पालन करने में विफल रहे, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा उन्हें जबरन शहर से बाहर निकाल दिया जाएगा। पाकिस्तानियों के आने-जाने के लिए अटारी-वाघा सीमा इस महीने की 30 तारीख तक खुली रहेगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हैदराबाद में 208 पाकिस्तानी हैं। डीजीपी जितेंद्र ने कहा कि हैदराबाद में पाकिस्तानियों पर निगरानी रखी गई है। इससे पहले, केंद्र ने पाकिस्तानियों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था। इस उद्देश्य से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सुझाव दिया कि संबंधित राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर रह रहे पाकिस्तानियों की पहले पहचान की जानी चाहिए और उनके वीजा रद्द करने के लिए केंद्र को जानकारी भेजी जानी चाहिए। अतीत में, भारत-सार्क वीजा विस्तार योजना के तहत कई पाकिस्तानियों को भारत आने का अवसर दिया गया था।

# पहलगाम हमला पर इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

जेरूसलम, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग करते हुए इजरायल में तेलंगाना एसोसिएशन ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने के लिए तेल अवीव के पास रमत गन में मोमबत्ती जलाकर जुलूस निकाला। एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार रात आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया तथा भारत सरकार से ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज न करने तथा अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आह्वान किया।

इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष सोमा रवि ने बताया कि पहलगाम में मानव-जानवरों, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने चुन-चुनकर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब इसे और नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। रवि ने कहा कि हम इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकते। आम भारतीय का खून खौल रहा है, यह बदला लेने के लिए जल रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी कृत्य का बदला ऐसे तरीके से लिया जाना चाहिए जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

# रेवंत सरकार धान की खरीद में लापरवाही बरत रही है : हरीश राव



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री हरीश राव ने आज आरोप लगाया कि राज्य सरकार राज्य में धान की खरीद में घोर लापरवाही बरत रही है। उन्होंने सिद्दीपेट जिले के नांगुनूर मंडल के पलामकुला गांव में धान खरीद केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा खम्मम, नलगोंडा और सूर्यपेट जैसे जिलों में धान खरीद केंद्र स्थापित नहीं किए जाने के कारण किसान बिचौलियों को अपना धान बेच रहे हैं। उन्होंने कहा, जबकि समर्थन मूल्य 2,320 रुपये प्रति क्विंटल है, वे बिचौलियों को केवल 2,000 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल में धान बेचने को मजबूर हैं। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के डर से किसान खेतों में बिचौलियों को धान बेचने की विकट स्थिति में हैं। पिछले साल, यह कहा गया था कि यह मानसून के मौसम के दौरान कुल 1.53 लाख मीट्रिक टन धान एकत्र करेगा, लेकिन यह केवल 52,000 मीट्रिक टन एकत्र कर पाया था। शेष 90,000 मीट्रिक टन धान बाहर रह गया। केवल एक तिहाई की खरीद की जा सकी। किसानों ने दो तिहाई अनाज कम कीमत पर बेच दिया, उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार में चल रही यासंगी फसल के लिए भी यही उपेक्षा देखी जा रही है। उन्होंने कहा, यह किसान-केंद्रित सरकार नहीं है। उन्होंने कर्ज माफ करने का वादा किया था, लेकिन आधे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। उन्होंने बरसात के मौसम में किसानों को बाहर निकाल दिया और यासांगी मौसम में केवल दो या तीन एकड़ किसानों को ही कर्ज दिया। उन्होंने कहा कि राज्य भर में तीन से चार लाख एकड़ में लगी फसलें बेमौसम बारिश और आंधी के कारण बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों को सहायता देने के लिए प्रति एकड़ 20,000 रुपये इनपुट सब्सिडी दी जाए और जिला कलेक्टरों के माध्यम से तुरंत रिपोर्ट पेश की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीद केंद्र पर धान खरीदने के एक सप्ताह बाद भी नांगुनूर मंडल के किसानों को भुगतान नहीं किया गया है।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ मक्का मस्जिद में विरोध रैली निकाली



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एआईएमआईएम पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आज पुराने शहर की मक्का मस्जिद में हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए विरोध रैली निकाली। शुक्रवार की नमाज के बाद रैली का आयोजन किया गया।

उन्होंने सभी मुसलमानों से शुक्रवार की नमाज के दौरान काली पट्टी बांधकर आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ एकजुटता व्यक्त करने का आह्वान किया। वह खुद शास्त्रीपुरम की एक मस्जिद में गए और सभी को काली पट्टी बांटी। वहां से वह मक्का मस्जिद पहुंचे और काली पट्टी बांधकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए रैली निकाली। हालांकि, मुसलमानों की विशेष नमाज के मद्देनजर चारमीनार और मक्का मस्जिद के आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बाद में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वह पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लिए गए सख्त फैसलों का भी समर्थन करते हैं। उन्होंने केंद्र से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। इस बीच, हाल ही में हुए हमले के बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसी की चेतावनी के बाद शहर की पुलिस ने राज्य की राजधानी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है।

# भारत शिखर सम्मेलन में चर्चा में भारत का मानचित्र

### पीओजेके और लद्दाख को छोड़कर भारत के मानचित्र का किया गया इस्तेमाल

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच, यहां एचआईसीसी में कांग्रेस पार्टी का भारत शिखर सम्मेलन गलत कारणों से चर्चा में है। शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित भारत के मानचित्र में कथित रूप से पाक अधिकृत कश्मीर और लद्दाख को शामिल नहीं किया गया, जिसकी विभिन्न वर्गों द्वारा आलोचना हो रही है।

कांग्रेस विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी द्वारा शिखर सम्मेलन के बारे में एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में, भारत के मानचित्र में कथित तौर पर पीओजेके और लद्दाख को शामिल नहीं किया गया है।

वीडियो से मानचित्र की छवि साझा करते हुए, भाजपा की राज्य इकाई ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्र-विरोधी और जन-विरोधी प्रकृति को उजागर करने वाला एक उत्कृष्ट उदाहरण। इस्तेमाल किया गया धन- तेलंगाना से सार्वजनिक धन। आयोजित कार्यक्रम- एक तथाकथित शिखर सम्मेलन, आमंत्रित अतिथि- कांग्रेस के नेता। कांग्रेस ने बिना किसी दूसरे विचार के आधिकारिक तौर पर पीओजेके और लद्दाख को छोड़ दिया है...।

## केटीआर ने तेलंगाना जातिपीता गीत जारी किया

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस रजत जयंती बैठक की पृष्ठभूमि में, तुंगतुर्थी के पूर्व विधायक गदरी किशोर ने पार्टी प्रमुख केसीआर पर एक गीत तैयार किया। जय जय जननेता तेलंगाना जातिपीता गीत के बोल हैं, जिसका अनावरण शुक्रवार को बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने किया। उन्होंने हैदराबाद के नंदीनगर स्थित अपने आवास पर पूर्व मंत्री जगदीश रेड्डी के साथ मिलकर इस गीत को जारी किया।



## एनएएआरएम के पीजीडीएम-एबीएम का 5वां दीक्षांत समारोह

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अकादमी 26 अप्रैल (शनिवार) को सुबह 10 बजे एनएएआरएम सभागार में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट) (पीजीडीएम-एबीएम) का 5वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रही है। समारोह के मुख्य अतिथि पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ.आर.एस. परोदा हैं, जो डेयर के पूर्व सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक तथा ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, नई दिल्ली के अध्यक्ष हैं। डॉ.ए. जनैया, कुलपति, पीजेटीएयू, हैदराबाद, एन.के. राजावेलु, सीईओ-क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस, मेसर्स गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड और डॉ. मांगी लाल जाट, सचिव डेयर और आईसीएआर के महानिदेशक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि होंगे। 2021, 2022 और 2023 बैच के लगभग 176 छात्रों को उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी।

## राजस्व मंत्री के नाम पर पैसे वसूलने के आरोप में दो गिरफ्तार

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नागोले पुलिस ने राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के निजी सहायक (पीए) बनकर अनजान पीड़ितों से धोखाधड़ी करने के संदेह में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बुस्सा वेंकट रेड्डी (34) और माचा सुरेश (30), दोनों वारंगल जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में हैदराबाद के नागोले में रह रहे हैं, उन पर मंत्री के पीए होने का दिखावा करके राजस्व अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से पैसे मांगने का आरोप है। इस धोखाधड़ी गतिविधि के बारे में पता चलने पर, मंत्री ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने बाद में जांच की और इस गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने लोगों से अपील की है कि वे सचिवालय में उनके कार्यालय में 040-23451072 या 040-23451073 पर संपर्क करें और स्थिति चाहे जो भी हो, उनका पीए होने का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति से आने वाली किसी भी कॉल की रिपोर्ट करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जो कोई भी इस तरह से उनके अधिकार का दुरूपयोग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रगति मैदान का खराब रखरखाव

## सैर करने वालों और खिलाड़ियों को परेशानी

कोत्तागुडेम, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम के निवासियों ने विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों द्वारा शहर के मध्य में स्थित खेल मैदान, प्रगति मैदान के दुरूपयोग पर आपत्ति जताई है। मैदान के रख-रखाव में अधिकारियों द्वारा उचित निगरानी की कमी के कारण खेल प्रेमियों के साथ-साथ सुबह की सैर करने वालों को भी भारी असुविधा हो रही है।

पूरे मैदान को ठेकेदारों के लिए भंडारण यार्ड में बदल दिया गया है। पैदल चलने के लिए जिस ट्रैक को मुलायम मिट्टी से भरा जाना चाहिए था, ताकि पैदल यात्री आराम से चल सकें, उसमें मिट्टी और पत्थर भरे हुए हैं, जिससे ट्रैक का उद्देश्य ही विफल हो रहा है।

बार्ली पिट क्षेत्र में प्रगति मैदान का उपयोग राष्ट्रीय और राज्य त्योहारों जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस के अलावा खेल आयोजनों के लिए किया जाता है। कुछ समय पहले मैदान पर सीमेंट से हेलीपैड बनाया गया था, जिससे खिलाड़ियों को असुविधा हो रही थी। स्थानीय निवासी बी श्रीनिवास ने शिकायत की कि वॉकिंग ट्रैक पर बड़े-बड़े पत्थर सुबह की सैर करने वालों के लिए मुसीबत बन गए हैं। उन्होंने बताया कि हर दिन पुरुष, महिलाएं और बच्चे सुबह की सैर के लिए आते हैं और उन्हें मलबे पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे अक्सर चोटें लगती हैं।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला है। स्थानीय युवक इस मैदान का इस्तेमाल क्रिकेट के आयोजन के लिए करते हैं। मैदान पर बजरी होने के कारण खिलाड़ियों के लिए मैदान पर खेलना बेहद खतरनाक हो गया है। रामा टॉकीज इलाके के निवासी एसडी अहमद ने बताया कि ग्राउंड पर विकास कार्य करने वाले ठेकेदार ने ग्राउंड पर डाली गई निर्माण सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए ग्राउंड के एक गेट पर ताला लगा दिया है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इसके कारण ग्राउंड पर लोगों का आना-जाना बंद हो गया है।

पैदल चलने वालों और खिलाड़ियों के लिए लगाई गई सीमेंट की बेंचों को शराबियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिन्होंने रात के समय मैदान को अपना अड्डा बना लिया है। प्रगति मैदान में एक ओपन जिम के उपकरण बहुत ही दयनीय स्थिति में हैं, क्योंकि उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नगर निगम के अधिकारियों को इस मुद्दे पर गौर करना चाहिए और मैदान को उचित तरीके से बनाए रखने के लिए तत्काल उपाय करने चाहिए।

## बजरंग सेना तेलंगाना ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आज बजरंग सेना तेलंगाना की टीम ने अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव, ठाकुर विकाससिंह महासचिव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पत्र हैदराबाद के कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी को सौंपा।

इस पत्र में पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई, जहां निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन्हें निशाना बनाया गया। बजरंग सेना ने इस तरह के अमानवीय कृत्यों के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शाम को, वीर सावरकर प्रतिमा, काचीगुडा एक्स रोड पर एक मौन विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जहां प्रतिरोध के प्रतीकात्मक कार्य के रूप में और आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने के लिए आतंकवादियों की तस्वीरें जलाई गईं। अवसर पर श्रीनिवास गुप्ता उपाध्यक्ष, जयराज यादव टीडीपी वरिष्ठ, गुलाब श्रीनू, टीडीपी, प्रवीण यादव, नरेश, सुजीत और अन्य ने भाग लिया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में विशाल रैली आज





हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमलें में निर्दोष हिन्दुओं की हत्या के विरोध में 25 अप्रैल को नगरद्वय के सभी हैदराबाद सिकन्दराबाद ट्रेड असोसिएशनों के संयोजकों ने होटल रॉयलटन में एक सभा का आयोजन किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शनिवार 26 अप्रैल को सायं 5 बजे से निजाम कॉलेज ग्राउंड से एक विशाल शान्तिपूर्ण कैंडल मार्च रैली का आयोजन पहलगाम में हुए नृशंस, अमानवीय, कायरतापूर्ण कार्य के विरोध में निकाली जायेगी। यह रैली डॉ. अम्बेडकर चौक, टैंक बण्ड पहुंचकर हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदना अर्पित करेगी।

विशाल कैंडल मार्च में नगरद्वय हैदराबाद-सिकन्दराबाद की 25 से अधिक व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। हैदराबाद-सिकन्दराबाद के सभी सनातनी भाइयों से अनुरोध है कि भारी संख्या में इस रैली में सम्मिलित होकर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट करें।

ऑल ट्रेस असोसिएशंस की बैठक में ट्रेड असोसिएशंस के प्रतिनिधी सुरेश सिंघल, जगदीश सोंथलिया, पवन सोंथलिया, अविनाश देवड़ा, सुभाष अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुरेन्द्र वर्मा, अरुण देवड़ा, अनूप खण्डेलिया, अमित अग्रवाल, महेन्द्र तायल, सोहनलाल दायमा, राजेश करवा, विजय कुमार ग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रजनीकांत अग्रवाल, विनय अग्रवाल, श्रीवत्स अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील शाह, ज्योति जायसवाल, नन्हे यादव, सुधीर अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अमित लड्डा, पुरुषोत्तम असावा, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित थे।

# बीआईएस हैदराबाद में मानक मंथन आयोजित




हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), हैदराबाद शाखा कार्यालय ने आज मौलाली स्थित अपने कार्यालय में मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र में अग्निरोधक कांच के लिए भारतीय मानक पर विचार-विमर्श किया गया, जिसे शीघ्र ही प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम पी.वी. श्रीकांत, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस हैदराबाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत एवं परीक्षण प्रयोगशालाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

श्रीमती सत्तू सविता, संयुक्त निदेशक ने बीआईएस की मानकीकरण, प्रमाणन प्रक्रिया एवं उपभोक्ता संरक्षण में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अग्निरोधक कांच से संबंधित मसौदा मानक की विशेषताओं और तकनीकी पहलुओं को भी समझाया।

रंजीत कुमार, सहायक जिला अग्निशमन अधिकारी, मेडचल-मलकाजगिरी जिला, डॉ. ज्योति रामलिंगम, निदेशक, आदित्य ग्लोबल फायर टेस्टिंग प्रयोगशाला, तथा प्रोफेसर गोपाल नायक, उस्मानिया विश्वविद्यालय प्रमुख विशेषज्ञों में शामिल रहे जिन्होंने अग्नि सुरक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण प्रक्रियाओं पर अपने विचार साझा किए। प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापक एवं कांच निर्माण इकाइयों और निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और मानक पर बहुमूल्य सुझाव दिए। यह मानक मंथन कार्यक्रम प्रस्तावित भारतीय मानक को व्यावहारिक अनुभवों और उद्योग के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने हेतु एक प्रभावशाली मंच सिद्ध हुआ, जो अंततः भवनों में अग्नि सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

## छात्र ने जालसाजों के हाथों 2.6 लाख रुपये गंवाए!

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर का एक 23 वर्षीय छात्र जस्ट डायल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन खरीदने के लिए एवोकाडो खोज रहा था और बालाजी ट्रेडर्स नामक एक आपूर्तिकर्ता के पास आया, जिसने विजयवाड़ा से एवोकाडो की डिलीवरी करने का दावा किया था। पीड़ित से बालाजी ट्रेडर्स के प्रतिनिधियों ने संपर्क किया, जो बाद में जालसाज निकले। शुरू में जालसाजों ने दावा किया कि एवोकाडो की डिलीवरी कर दी जाएगी, लेकिन ईंधन खर्च को कवर करने के लिए पैसे मांगे। पीड़ित ने सहमति जताई और राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद, जालसाजों ने कहा कि उनका डिलीवरी वाहन खराब हो गया है और उसे मरम्मत की आवश्यकता है, उन्होंने दुर्घटना स्थल से होने का दावा करते हुए एक तस्वीर भी भेजी और अधिक पैसे मांगे, जिसका भुगतान पीड़ित ने फिर से किया। इसके बाद जालसाजों ने कहा कि वे डिलीवरी स्थान से सिर्फ 10 किमी दूर हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें रोक लिया है, जिसके लिए उन्होंने फिर से पैसे मांगे। पीड़ित ने उनकी बात मान ली। बाद में, घोटालेबाज ने दावा किया कि उसके बेटे ने पहले ट्रांसफर किए गए फंड का दुरूपयोग किया है और उसे निजी आपात स्थिति के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है। पीड़ित का विश्वास हासिल करने के लिए, घोटालेबाज ने माफी मांगी और पुनर्भुगतान का आश्वासन देने के लिए एक चेक की तस्वीर भी भेजी। पीड़ित को रिफंड के लिए अपने बैंक खाते का विवरण देने के लिए कहा गया। शुरूआती झिझक के बावजूद, पीड़ित ने अंततः यह मानकर अधिक धनराशि ट्रांसफर कर दी कि चेक असली था। हालांकि, घोटालेबाज ने तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को शामिल करके अतिरिक्त शुल्क और जीएसटी से बचने सहित विभिन्न बहानों के तहत पैसे मांगना जारी रखा। जब पीड़ित ने आखिरकार और पैसे भेजने से इनकार कर दिया और घोटालेबाज का सामना किया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई और कहा गया कि जब तक आगे भुगतान नहीं किया जाता, चेक नहीं भेजा जाएगा। नतीजों के डर से और अपने माता-पिता को सूचित करने में हिचकिचाहट के कारण, पीड़ित ने दबाव में ट्रांसफर करना जारी रखा।

## फिट इंडिया मिशन के तहत संडे ऑन साइकिल में भाग लेने के लिए आमंत्रण

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार की एक प्रमुख पहल फिट इंडिया मिशन नियमित शारीरिक गतिविधि और फिटनेस को बढ़ावा देकर नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति प्रेरित करना जारी रखती है। जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 27 अप्रैल को तेलंगाना राज्य भर में संडे ऑन साइकिल के एक विशेष संस्करण के आयोजन की घोषणा की। चल रहे फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के हिस्से के रूप में, जिसका उद्घाटन केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 17 दिसंबर, 2024 को किया था, इस विशेष संस्करण का उद्देश्य साइकिलिंग को परिवहन के एक स्थायी, पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक तरीके के रूप में अपनाने को और प्रोत्साहित करना है। यह अभियान साइकिल रैलियों और फिटनेस कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों को एक साथ लाने, शारीरिक स्वास्थ्य, पर्यावरण की देखभाल और सामाजिक सामंजस्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस संबंध में, युवा मामले और खेल मंत्रालय के सचिव (खेल) तेलंगाना के सभी पत्रकारों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से नामांकन और भाग लेने का अनुरोध करते हैं। सभी भाग लेने वाले पत्रकारों से आधिकारिक फिट इंडिया पोर्टल पर https://fitindia.gov.in/fit-india-cycling-drive। पंजीकरण करने का अनुरोध किया जाता है। कार्यक्रम के सफल समापन पर, प्रतिभागियों को एक आधिकारिक भागीदारी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# नीरज चोपड़ा ने अरशद को इन्विटेशन भेजने पर सफाई दी

> पहलगाम हमले से पहले बुलाया था > अब पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर के आने का सवाल ही नहीं

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के जेवलिन थ्रो के ओलंपिक मेडेलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पाकिस्तानी थ्रोअर को अरशद नदीम को टूर्नामेंट के लिए निमंत्रण देने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि अरशद नदीम को न्योता पहलगाम हमले से पहले भेजा गया था। देश और उसका हित सबसे पहले है। चोपड़ा ने 24 मई बेंगलुरु में होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट के लिए पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडेलिस्ट अरशद नदीम को भी भाग लेने लिए निमंत्रण भेजा था।

जिसके बाद चोपड़ा की देश भक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें गालियां दी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा है कि पहलगाम में 26 लोगों को आतंकियों ने मार दिया, उसके बाद भी वह पाकिस्तानी थ्रोअर को भारत आने का निमंत्रण दे रहे हैं।

**पहलगाम घटना से दो दिन पहले भेजा था निमंत्रण**

नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए इनविटेशन देने के मेरे फैसले की बहुत चर्चा हो रही है। मुझे गालियां दी जा रही हैं और मेरे प्रति नफरत फैलाया जा रहा है। मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा गया। मैंने अरशद को जो न्योता दिया वह एक एथलीट की ओर से दूसरे एथलीट को दिया गया था, इससे ज्यादा कुछ नहीं, इससे कम भी नहीं। एनसी क्लासिक का उद्देश्य भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीट्स को लाना और हमारे देश को वर्ल्ड खेल के आयोजन का घर बनाना था। ये न्योता पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों से दो दिन पहले भेजा गया था। पिछले 48 घंटों में जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद की मौजूदगी का सवाल ही नहीं उठता। मेरा देश और उसके हित हमेशा सबसे पहले रहेंगे।




**ईमानदारी पर सवाल उठाने और मां के बयान को गलत ढंग से प्रस्तुत से नीरज दुखी हैं**

नीरज ने अपने बयान में आगे कहा कि मैंने इतने सालों से अपने देश को गर्व के साथ संभाला है। आज मेरी ईमानदारी पर सवाल उठाए जा रहे हैं, इससे मैं दुखी हूं। मेरे परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। हम साधारण लोग हैं। मेरी मां के बयान को अब गलत तरीके से परोसा जा रहा है। मेरी मां ने पेरिस ओलिंपिक के समय अरशद को भी अपने बेटे जैसा बताया था। तब उनके बयान की तारीफ की जा रही थी, अब एक साल बाद उसी बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।मैं और भी कड़ी मेहनत करूंगा कि दुनिया भारत को सही चीजों के लिए याद रखे और सम्मान के साथ देखे।

**नीरज ने 21 अप्रैल को प्रेस कांफ्रेंस में अरशद को निमंत्रण की दी थी जानकारी**

नीरज चोपड़ा ने 21 अप्रैल को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में बेंगलुरु में 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट की जानकारी दी थी और बताया था कि इस टूर्नामेंट भाग लेने के लिए पाकिस्तान के थ्रोअर अरशद नदीम को इनविटेशन दिया है। उनसे बात हुई है, उन्होंने अपने कोच से बातचीत करके इस पर जवाब देने को कहा है।

**नदीम ने नीरज के इनविटेशन ठुकरा दिया था**

पाकिस्तानी ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट में भाग लेने से मना कर दिया। अरशद ने कहा कि एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए, कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है।

# 'हम अहम मौकों पर लड़खड़ा रहे हैं'

## संदीप शर्मा ने बताई आरआर की एक और नजदीकी हार की वजह



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) रन चेज करते समय लड़खड़ा गई। इस बार भी टीम अहम समय पर पिछड़ गई। अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने माना कि टीम दबाव वाले मौकों पर बार-बार गलती कर रही है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 206 रन के लक्ष्य का पीछा शानदार तरीके से शुरू किया। यशस्वी जायसवाल ने 49 रन बनाए, लेकिन अंत में टीम फिर लड़खड़ा गई और 11 रन से मैच हार गई। इस हार के बाद अब प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी बहुत कम रह गई हैं।

संदीप शर्मा ने मैच के बाद कहा, हम मैच के निर्णायक पलों को अपने पक्ष में नहीं कर पा रहे, चाहे हम लक्ष्य का पीछा कर रहे हों या स्कोर बचा रहे हों। टी20 में हर टीम को कुछ खास मौके मिलते हैं, जिन्हें पकड़ना जरूरी होता है। इस साल हम जरूरी कैच छोड़ रहे हैं, और जब तेजी से रन बनाने होते हैं, तभी विकेट गिर रहे हैं। ऐसे मौकों पर हम लड़खड़ा रहे हैं, यही हमारी सबसे बड़ी चिंता है। संदीप ने यह भी कहा कि टीम को कप्तान संजू सैमसन की बहुत कमी खल रही है। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे और सुपर ओवर में टीम वह मैच भी हार गई थी। इससे पहले भी सैमसन उंगली की चोट के कारण पहले तीन मैचों में नहीं खेले थे। उन्होंने कहा, संजू की गैरमौजूदगी टीम को भारी पड़ रही है। वह एक अनुभवी कप्तान और समझदार बल्लेबाज हैं। उनकी मौजूदगी बहुत मायने रखती है। चोटों और उनकी अनुपस्थिति से टीम का संतुलन बिगड़ गया है। राजस्थान रॉयल्स इस समय अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और लगातार पांच मैच हार चुकी है। पिछली बार ऐसा 2009-10 में हुआ था। संदीप ने कहा, हमें हर मैच को नए सिरे से देखकर खेलना चाहिए। टी20 में जीत या हार की लय बहुत मायने रखती है।

# आरसीबी की जीत के हीरो रहे जोश हेजलवुड

> 19वें ओवर में कुछ इस तरह से पलट दी
> बाजी बने प्लेयर ऑफ द मैच



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। आरसीबी और राजस्थान के बीच खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा जिसमें रजत पाटीदार की टीम को 11 रन से जीत मिली। इस मैच में आरसीबी के लिए विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) ने मुश्किल पिच पर अर्धशतकीय पारी खेली और फिर टिम डेविड और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम के स्कोर को 205 तक पहुंचाया। इस मैच में राजस्थान ने भी आरसीबी को पूरी टक्कर दी और ऐसा लग रहा था कि वो मैच निकाल लेंगे, लेकिन 19वें ओवर में जोश हेजलवुड की गेंदबाजी ने पूरा खेल बदल दिया और मैच आरसीबी के नाम हो गया। हेजलवुड को उनकी शानदार स्पैल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में आरसीबी ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बनाए और इसके जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन ही बना पाई।

**19वें ओवर का रोमांच और बदल गया मैच**

जोश हेजलवुड जब 19वां ओवर फेंकने आए उस वक्त राजस्थान के बल्लेबाज ध्रुव जुरैल 47 रन और शिवम दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। ऐसा लगा रहा था कि वो दोनों मिलकर मैच जीत सकते हैं, लेकिन फिर शुरू हुआ हेजलवुड का खेल जिसने मैच पलट दिया। इस ओवर में हेजलवुड ने सिर्फ एक रन दिया और पहले ध्रुव जुरैल को आउट किया और फिर जोफ्रा आर्चर को डक पर निपटा दिया। यहीं पर राजस्थान का खेल खत्म हो गया।

प्लेयर ऑफ द मैच बने हेजलवुड जोश हेजलवुड ने इस मैच में कमाल की गेंदबाजी की और 4 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके पहले 2 ओवर में 26 रन जरूर बने, लेकिन बाद के 2 ओवर में उन्होंने सिर्फ 7 रन दिए और ये आरसीबी के लिए काफी अहम रहा। जोश को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में जीत के बाद आरसीबी 12 अंक के साथ अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई।

# पहलगाम हमले के बाद बीसीसीआई एक्शन मोड में

**पाकिस्तान संग मैच को लेकर आईसीसी को लिखा लेटर**

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमलों के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक्शन मोड में है। रिपोर्टों के मुताबिक-ऐसा बताया जा रहा है कि बीसीसीआई ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) को पत्र लिखा है। जहां बीसीसीआई ओर से कहा गया है कि वो पाकिस्तान संग मैच नहीं खेलना चाहता है। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में एक-दूसरे का सामना किया था, जहां रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि भारत और पाकिस्तान को भविष्य में आईसीसी के ग्लोबल लेवल के इवेंट में एक ही ग्रुप में न रखा जाए।

# शतरंज में हिमाचल की टीम ओवरऑल विजेता

## बास्केटबाल में असम व योग में केरल का दबदबा



नेशनल मास्टर गेम्स

धर्मशाला, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मास्टर खेलों के पांचवें दिन योग, टेबल टेनिस और जूडो समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। योग में केरल और असम के प्रतिभागियों ने बहुत ही खूबसूरती से विभिन्न योगासनों को करके दिखाया। योग में विभिन्न वर्गों में 30 से लेकर 75 वर्ष तक के 42 महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें खास बात यह भी रही केरल के योग स्कूलों से करीब 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें 25 महिलाएं मुस्लिम समुदाय से रहीं और खुद को योग में शामिल होने पर गर्व महसूस कर रही थीं। असम की मोमिता ने अपना खूबसूरत प्रदर्शन करके सबका मन मोह लिया। मोमिता असम ने योगासन का स्कूल चलाती हैं और योग जैसी भारतीय पुरातन विधा को जीवन के लिए, बेहतर मानती हैं। केरल की जरीना ने भी अपने खूबसूरत प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। योग में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल केरल की महिला टीम में प्राप्त किए जबकि दूसरे नंबर पर असम की टीम रही। इसके अलावा योगासन प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 55 प्लस में केरल की जरीना ने स्वर्ण, बसंथा ने रजत और इंदुलेखा ने कांस्य पदक जीता। 50 प्लस आयु वर्ग में भी केरल ऊषा नायर ने स्वर्ण, विजी जॉन ने रजत और नसीम ने कांस्य पदक जीता। 45 प्लस आयु वर्ग में असम की मोनिका ने स्वर्ण, केरल की सुनीता ने रजत जीता। 40 प्लस आयु वर्ग में केरल की सिमथा ने स्वर्ण और प्रासीथा ने रजत पदक जीता।

पुरुष की बॉस्केटबाल प्रतियोगिता के 30 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। 35 प्लस आयु वर्ग में जम्मू की पुरुष टीम विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही। 40 प्लस आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में केरल विजेता और जेएंडके उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर की टीम विजेता रही। पुरुष 45 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में असम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

# फेडरेशन कप : अनिमेष ने 200 मीटर में रचा राष्ट्रीय कीर्तिमान

**ट्रिपल जंप में प्रवीण ने अपने रिकॉर्ड की बराबर की**

कोच्चि, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के स्प्रिंटर अनिमेष कुजूर ने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। उन्होंने फेडरेशन कप के अंतिम दिन 20.40 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय कुजूर ने 100 मीटर में रजत पदक जीता था। उन्होंने अमलान बोरगोहेन की ओर से 2022 में बनाए गए 20.52 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। रिलायंस के अमलान यहां 20.80 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अनिमेष नए राष्ट्रीय कीर्तिमान के बावजूद विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाइंग समय 20.16 सेकंड रखा गया है। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग समय 20.53 सेकंड को जरूर पार कर लिया। प्रवीण चित्रवेल ने ट्रिपल जंप में अपने ही राष्ट्रीय कीर्तिमान की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता। चित्रवेल ने 17.37 मीटर की कुदान भरी और अपने रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए इस वर्ष सितंबर माह में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया।

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने आतंकियों को बताया फ्रीडम-फाइटर

# भड़क गया पाकिस्तानी क्रिकेटर और कहा-यही है तुम्हारी असलियत



लाहौर, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल उठाने के एक दिन बाद पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने अब अपने देश के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार की आलोचना की जिन्होंने आतंकवादियों को फ्रीडम फाइटर करार दिया। पहलगाम में मंगलवार को हुए इस हमले के बाद प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। इस घटना की पूरे विश्व ने आलोचना की, लेकिन दूसरी तरफ पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने अजीबोगरीब तरीके से आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी करार दिया। इशाक डार के इस बयान के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया भड़कगए और उनके बयान को अपमानजनक करारदिया और कहा कि यह आतंवादियों को पनाह देने की खुली स्वीकारोक्ति है। कनेरिया ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि जब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहते हैं, तो यह सिर्फ अपमान नहीं है बल्कि यह राज्य प्रायोजित आतंकवाद की खुली स्वीकारोक्ति है। आपको बता दें कि इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा था कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में हमले करने वाले लोग स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं। वहीं इससे पहले कनेरिया ने इस मामले पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चुप्पी पर भी सवाल उठाया था और उन पर आतंकवादियों को पनाह देने और उन्हें पालने का आरोप लगाया था। दानिश ने आतंकवाद के प्रति अपने देश की सरकार के रुख के बारे में काफी मुखर रहे हैं और उन्होंने आतंकवाद को संरक्षण देने और उन्हें पनाह देने के लिए खुले तौर पर उनकी आलोचना की है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर : सलीमा टेटे

पर्थ, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूर्नामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया।



इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं। यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, "हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे लिए मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने और मैच का अनुभव हासिल करने का सुनहरा मौका है।

इससे हमें अपनी टीम संयोजन और रणनीतियों को समझने में मदद मिलेगी, जो यूरोप में होने वाले प्रो लीग और इस वर्ष के महिला एशिया कप के लिए उपयोगी होगा। सभी खिलाड़ी, विशेषकर नए खिलाड़ी, इस अनुभव से अधिक से अधिक सीखना चाहते हैं।" ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 जीते हैं और 3 बराबरी पर रहे हैं।

हालांकि, भारत को प्रो लीग 2023–24 में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 की हालिया जीत से आत्मविश्वास मिला है, जिसे वे इस दौरे में आगे बढ़ाना चाहेंगे। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, "बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप के दौरान खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है। यह दौरा हमें यह जानने में मदद करेगा कि हम कहां खड़े हैं। हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना, टीम में गहराई बनाना और नए संयोजन आजमाना है। ऑस्ट्रेलिया की घरेलू परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया 'ए' और सीनियर टीम के खिलाफ खेलना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सीख होगी और आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी में मदद करेगा।"

# वैभव सूर्यवंशी को वीरेंद्र सहवाग ने चेताया

## ऐसा किया तो हो जाओगे आईपीएल के अगले सीजन से बाहर



नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने आरसीबी के खिलाफ राजस्थान को मिली 11 रन की हार के बाद इस टीम के युवा ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को चेतावनी दी। सहवाग ने आईपीएल इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी को सलाह दी कि वो अपने शानदार आईपीएल डेब्यू के बावजूद मैदान पर टिके रहें। वैभव ने आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ डेब्यू किया था और पहले मैच में 20 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली थी। उन्होंने शार्दुल की पहली ही गेंद पर छक्का भी लगाया था। वैभव ने आरसीबी के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी 12 गेंदों पर 16 रन की पारी खेली और इस दौरान 2 छक्के भी लगाए, और उन्हें भुवी ने आउट किया था। सहवाग ने वैभव को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वो शुरुआती सफलता और आईपीएल में मिलने वाले पैसों की वजह से ना बहकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर टिके रहना चाहिए क्योंकि अच्छे प्रदर्शन के बाद तारीफ और असफलता के बाद आलोचना दोनों ही खेल का हिस्सा हैं। सहवाग ने क्रिकबज पर कहा कि अगर आप यह जानते हुए मैदान पर उतरते हैं कि अच्छा प्रदर्शन करने पर आपकी प्रशंसा होगी और अच्छा प्रदर्शन न करने पर आलोचना होगी तो आप मैदान पर टिके रहेंगे। मैंने कई खिलाड़ियों को देखा है जो एक या दो मैचों से फेमस तो हो जाते हैं और फिर वो कुछ नहीं करते क्योंकि उन्हें लगता है कि वो स्टार खिलाड़ी बन गए हैं।

# एआईएमआईएम उम्मीदवार मिर्ज़ा रियाज़ उल हसन एमएलसी चुने गए



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग जयंती ने कहा कि हैदराबाद जिला स्थानीय निकाय एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। जीएचएमसी मुख्यालय के पंवार हॉल में स्थापित मतगणना केंद्र पर शुक्रवार सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना सुबह 10 बजे समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य चुनाव पर्यवेक्षकों की देखरेख में पारदर्शी तरीके से तथा चुनाव आचार संहिता के अनुरूप पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कुल 88 वोटों में से 63 वोट एआईएमआईएम उम्मीदवार मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी को और 25 वोट भाजपा उम्मीदवार डॉ.एन. गौतम राव को मिले। रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग जयंती ने विजयी उम्मीदवार को घोषणा प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई तथा मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया बिना किसी समस्या के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी ने चुनाव विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस बल तथा मीडिया प्रतिनिधियों का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# बिहार के एक व्यक्ति पर नशीला पदार्थ खिलाकर रेप का आरोप

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला ने बंजारा हिल्स पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया कि गुरुवार को एक व्यक्ति ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय विवाहित महिला (जो बिहार की एक निर्माण मजदूर है) हाल ही में काम की तलाश में शहर में आई थी और शहर में विभिन्न निर्माण स्थलों पर काम कर रही थी।

उसने आरोप लगाया कि संदिग्ध राजेंद्र, जो बिहार का एक निर्माण मजदूर है, खरीदारी के बहाने उसे कई जगहों पर ले गया और एक होटल के कमरे में ले गया, जहां उसने उसे दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। जब वह बेहोश हो गई, तो उसने उसके साथ बलात्कार किया। इसके अलावा, उसने इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया और पीड़िता को धमकी दी कि वह चुप रहे अन्यथा वह इस कृत्य को सार्वजनिक कर देगा। महिला की शिकायत के आधार पर बंजारा हिल्स पुलिस ने बलात्कार, आपराधिक धमकी और आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा संदिग्ध को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# निर्मल में पिता ने की अपने बेटे की हत्या

निर्मल, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। लक्ष्मणचंदा मंडल के मल्लापुर गांव में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति की उसके पिता ने कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। सोन इंस्पेक्टर गोवर्धन रेड्डी ने बताया कि बैनम अशोक (37) की उसके पिता एर्ना ने हत्या कर दी। एर्ना एक दिहाड़ी मजदूर था। उसकी उम्र 70 साल थी। सुबह करीब 3 बजे जब वह सो रहा था, तब अशोक बिस्तर पर मृत पाया गया। उसके सिर और गर्दन पर चोट के निशान थे। वह एर्ना का इकलौता बेटा था। स्थानीय लोगों से हत्या के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना का ब्यौरा जुटाया। उन्हें संदेह है कि दोनों के बीच मतभेद के चलते एर्ना ने अपने बेटे की हत्या की होगी। अशोक की मां गंगव्वा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इरन्ना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है, जो फरार है। पुलिस कथित तौर पर गांव के बस स्टैंड से इरन्ना को पकड़ने के बाद उससे पूछताछ कर रही है।

# मनरेगा की दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये की जाए : जीवन रेड्डी



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व एमएलसी टी जीवन रेड्डी ने कांग्रेस सरकार से मांग की कि वह मनरेगा योजना के तहत दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये करे, साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए श्रमिकों को ग्रीष्मकालीन भत्ता भी प्रदान करे। विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में 150 दिन का सुनिश्चित रोजगार और 350 रुपये प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी प्रदान करके मनरेगा योजना को बढ़ाने का आश्वासन दिया था।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को लिखे पत्र में पूर्व एमएलसी ने याद दिलाया कि पिछले साल तेलंगाना सरकार ने इस योजना के तहत 300 रुपये दैनिक मजदूरी का भुगतान किया था। इस साल केवल 7 रुपये की वृद्धि की गई और तदनुसार श्रमिकों को केवल 307 रुपये का दैनिक वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, श्रमिकों को ग्रीष्मकालीन भत्ते से वंचित नहीं किया गया है तथा अपर्याप्त वेतन के कारण, श्रमिक अपना गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

पंजाब और हरियाणा सरकारें पहले ही श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये कर चुकी हैं। उन्होंने मांग की कि तेलंगाना सरकार को भी इसी राह पर चलते हुए श्रमिकों को 400 रुपये दैनिक मजदूरी देनी चाहिए और साथ ही ग्रीष्मकालीन भत्ता भी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मार्च माह के लिए ग्रीष्मकालीन भत्ते में 25 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि की जानी चाहिए तथा अप्रैल और मई माह के लिए 30 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि की जानी चाहिए। एसआरएसपी नहरों में बेतहाशा पेड़-पौधे उगने, गाद जमा होने और कचरे का जिक्र करते हुए पूर्व एमएलसी ने सरकार से मांग की कि वह मनरेगा योजना के तहत नहरों में जमा कचरे को साफ करने का काम कराए।

# पहलगाम हमलाः सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी, युवक पर केस

वारंगल, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मत्तेवाड़ा पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपमानजनक संदेश पोस्ट करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बताया गया कि भाजयुमो वारंगल जिला अध्यक्ष ई भारतवीर ने अपने फेसबुक पेज पर आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक संदेश पोस्ट किया। उनके संदेश और घटना के जवाब में वारंगल के एलबी नगर निवासी आरोपी मोहम्मद इमरान ने अपने फेसबुक पेज पर एक संदेश पोस्ट किया, जो कथित तौर पर अपमानजनक और अपमानजनक प्रकृति का था।

भरतवीर के फेसबुक मित्र ए श्रीकांत ने आरोपी से संदेश डिलीट करने की मांग की और फेसबुक पर उनके बीच बहस शुरू हो गई, जो कि काफी भद्दी थी। भाजयुमो के जिला सचिव भासेट्टी साईं तरुण ने मत्तेवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और इमरान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और आरोप लगाया कि उनके बयान ने उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई और धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ा।

शिकायत के आधार पर पुलिस निरीक्षक थुम्मा गोपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 196 (शत्रुता को बढ़ावा देना), 353 (1) (सार्वजनिक शरारत के लिए बयान देना), 351 (4) (आपराधिक धमकी) बीएनएस के साथ-साथ 66 एफ (साइबर आतंकवाद का अपराध) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम- 2008 के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# प्रोफेसर ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में बनाई जगह

हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व स्तर पर समन्वित संगीत प्रदर्शन में भाग लेने के लिए, उस्मानिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और एससी एवं एसटी सेल की निदेशक आई डेजी ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त किया। रिकॉर्ड बनाने वाला यह कार्यक्रम 1 दिसंबर, 2024 को हलेल म्यूज़िक स्कूल द्वारा एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए आयोजित किया गया था। 18 देशों के कुल 1,098 प्रतिभागियों ने कीबोर्ड, पियानो पर सरली स्वरों को बजाया और एक घंटे के भीतर इंस्टाग्राम पर अपनी प्रस्तुतियाँ अपलोड कीं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स प्राधिकारियों द्वारा विस्तृत सत्यापन प्रक्रिया के बाद, प्रोफेसर डेज़ी सहित 1,046 प्रतिभागियों को आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई, जिससे वैश्विक मान्यता और कलात्मक उत्कृष्टता का एक क्षण चिह्नित हुआ।

# मीनाक्षी नटराजन से मिली विधायक यशस्विनी रेड्डी



हैदराबाद, 25 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की तेलंगाना राज्य मामलों की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन से पालकुर्थी विधायक यशस्विनी रेड्डी और निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस पार्टी प्रभारी हनुमानमंडला झांसी राजेंद्र रेड्डी ने सौहार्दपूर्वक मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मीनाक्षी नटराजन को पालकुर्ती निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने पार्टी संरचना, स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों और बूथ स्तर पर कार्य योजनाओं पर चर्चा की। नटराजन ने कांग्रेस पार्टी को आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में सभी एमपीपी, जेडपीटीसी और सरपंच सीटों पर क्लीन स्वीप करने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया।


Manav Seva Madhav Seva
Badrivishal Pannalal Pitti Trust
Agarwal Seva Dal
in coordination with
AGARWAL SAMAJ MALAKPET SHAKHA, Telangana
Organises
144th Camp
MEGA MEDICAL CAMP FREE
In Associates with
LCH Sadhuram Eye Hospital, Domalguda, Hyd.
KIMS Sunshine Hospitals, Begumpet, Hyd.
SHRI BHAGWAN MAHAVEER VIKLANG SAHAYATA SAMITI, Hyderabad
Rainbow Children's Heart Institute, Banjara Hills, Hyd.
Free Aids & Appliances
Artificial Limbs | Hand Kits
Callipers | Hands
Specialities at the Camp
• EYE CHECKUP (FREE CATARACT SURGERY & OPTICALS TO THE NEEDY)
• GENERAL PHYSICIAN DR.AKHILS CLINIC - DR. AKHIL SUGANDHI, (RHEUMATOLGY) & DR. MEENAL KHIRAIYA SUGANDHI (MBBS DIPLOMA BIABETES)
• PHYSIOTHERAPY (BAJAJ PHYSIO CARE, DR. MEETA BAJAJ)
• DENTAL (SNR DENTAL, DR.NIKHIL)
• ORTHOPAEDIC
• CARDIOLOGY • PEDIATRICIAN
• ECG / 2D ECHO / BMD, RBS / BP CHECKUP
रविवार 27 अप्रैल 2025
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
VENUE :
AADARANA HOME
Plot No. 74, Road No.2, Krishnanagar Colony, Saroornagar, Hyd.
REGISTRATION 10.00 AM to 12 NOON
शिविर में जरूरतमंद रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस की सेवा भी उपलब्ध करवायी जायेगी।
: संयोजक :
प्रदीप अग्रवाल 9246504222 | सुधीर गुप्ता 9550522277 | सुरेन्द्र गोयल 9866493222 | पंकज कुमार संघी 9246581090 | प्रदीप बंसल 9247202647 | निश्चिंत अग्रवाल 9700448016 | माधव राव 8008005535
: स्थान प्रदत्त :
AGROHA BANK
AGROHA CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.
Opp. High Court, Rikabgunj, Hyderabad – 500002 Ph-040-24511322, 7093326428
Deposit more than 3 years upto 7 Years 8.85%
Sr. Citizen, REGD Trusts 0.50 Extra
MEENAKSHI



चलो निजाम कॉलेज....
आतंकवाद का अंत हो....
पहलगाम, कश्मीर में हिन्दु पर्यटकों की आतंकियों द्वारा नृशंस हत्या के विरोध में
विशाल कैंडल मार्च
आज शनिवार दि.26-4-2025 - सायं 5 बजे से
निजाम कॉलेज ग्राउण्ड, बशीरबाग से डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक, टैंक बण्ड तक



पहलगाम, कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछकर
अमानवीय, नृशंस हत्याकाण्ड की हम सभी घोर भर्त्सना एवं विरोध प्रकट करते हैं।
इस अमानवीय आतंकी हमले के विरोध में आइए हम सभी मिलकर
कैंडल मार्च में सम्मिलित होकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करें।
हमारा भारत सरकार से निवेदन है कि इसके लिए जिम्मेदार आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दें।
Organised by : All Hyderabad-Secunderabad Trade Associations
For details contact : 9848031965, 9849045557, 9849022339, 9848013197, 9000003231

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Secunderabad Hyderabad Iron & Steel Merchant Association (SHISMA) | Hyderabad & Secunderabad Sanitary Dealers Association (HSSDA) | Osmanshahi Traders Association (OTA) | Hitec City Jewellers Manufacturers Association (HJMA) | Telangana Automobiles Dealers Association -2W & 3W (TADA) |
| Telangana Plywood Laminates & Glass Dealers Association (TPGDA) | Hyderabad Furniture Manufacturers & Dealers Welfare Association (HFMDWA) | Ashok Bazar Traders Association (ATA) | Secunderabad Electric Trade Association (SETA) | Andhra Pradesh Automobiles Dealers Association (APADA) |
| Troop Bazar Dealers Association (TBDA) | Hyderabad & Secunderabad Electronic Traders Welfare Association (HSETWA) | The Hyderabad Cutpeice Cloth Merchant Association (THCCMA) | Telangana Oil Industries & Trade Association (TOITA) | Tobacco Bazar Cloth Merchant (TBCM) |
| Twin City Jewellery Association (TCJA) | Twin City Scooter Trade Welfare Association | The Greater City Timber Merchant & Sawmillers Association | The Hyderabad Kirana Merchant's Association (THKMA) | Garments Manufacturers & Wholesalers Association (GMWA) |
| The Hyderabad General Merchant's Association | Telangana Paper Merchants Association | Jewellers & Sarafa Association Charkaman Hyderabad | Steel Merchants Association Fatehnagar | Federation of Paper Traders Association of India |

Justice for Pahalgam Victims ! Their Lives Mattered !
Hyderabad Dall Mill & Merchant Association
Telangana & Andhra Pradesh Plastic Manufacturers Association
We stand with Pahalgam Victims ! You can't silence us with Violence !


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.